रांची, बुधवार | 08 अक्टूबर 2025 | वर्ष-26, अंक-244, पृष्ठ-12 | कार्तिक कृष्ण पक्ष 01, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

मूल्य 2 रु.

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

- बस में 30-35 यात्री सवार थे
- दो बच्चियां जीवित निकाली गईं कई घायल अस्पताल भेजे गए




## हिमाचल में भूस्खलन की चपेट में आई बस

# 15 शव बरामद, बचाव कार्य जारी

**एजेंसी । बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश में हो रही मूसलाधार वर्षा के बीच बिलासपुर जिले से मंगलवार शाम दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। घटना झंडूता उपमंडल के बरठीं क्षेत्र में भल्लू पुल के समीप एक निजी बस के भूस्खलन की चपेट में आने से हुई है। भारी बारिश के बाद अचानक पहाड़ी से मलबा और बड़े-बड़े पत्थर बस पर आ गिरे, जिससे बस पूरी तरह मलबे में दब गई। हादसे के समय बस में करीब 30 से 35 यात्री सवार थे। अब तक 15 शव बरामद होने की खबर सामने आई है, जबकि कई यात्री लापता बताए जा रहे हैं। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। मलबे में दबे लोगों को निकालने के लिए पुलिस, प्रशासन और स्थानीय लोग लगातार रेस्क्यू अभियान में जुटे हैं। अब तक दो बच्चियों को जीवित बाहर निकाला गया है।

शेष पेज 11 पर



- हादसे के बाद मौके पर जेसीबी और एंबुलेंस पहुंचीं, एंबुलेंस में शवों को ले जाया गया, वहीं पुलिस के साथ ग्रामीण मलबे में दबे लोगों को निकालने में जुटे रहे

**2-2** लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को

**50-50** हजार रुपए दिए जाएंगे घायलों को

### खुशखबरी : कन्फर्म रेल टिकट में यात्रा की तारीख बदल सकेंगे

**नई दिल्ली।** अब आप अपने कन्फर्म रेल टिकट में यात्रा तारीख बदलवा सकेंगे और इसके लिए आपको कोई कैंसिलेशन फीस या एक्स्ट्रा चार्ज भी नहीं देना पड़ेगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी एक साक्षात्कार में दी थी। उन्होंने बताया कि जनवरी 2026 से यात्री कन्फर्म टिकट को आगे की डेट में चेंज करा सकेंगे। हालांकि इस प्रक्रिया में तारीख बदलने पर कन्फर्म टिकट की गारंटी नहीं होगी। सीट उपलब्धता के आधार पर ही मिलेगी।

### दिसंबर में भारत यात्रा में आएंगे रूसी राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** दिसंबर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा से



पहले नई दिल्ली और मॉस्को के बीच समझौते को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। यह 5 अक्टूबर, 2018 को हस्ताक्षरित मूल 5.43 बिलियन डॉलर के सौदे के बाद है, जिसके तहत पाँच में से दो प्रणालियां 2026 के अंत तक वितरित होने की उम्मीद है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारत ने एस-400 वायु रक्षा प्रणालियों के अतिरिक्त बैचों की खरीद के लिए रूस के साथ बातचीत शुरू कर दी है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप **82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क **+91 82923 73444** कार्यकारी संपादक।

# छात्रों को तैयारी के लिए नि:शुल्क कोचिंग का मिलेगा अवसर : चमरा

## हिंदपीढ़ी स्थित कल्याण विभाग के भवन में कोचिंग का संचालन किया जाएगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों के लिए एक ऐतिहासिक पहल की गई है। कोटा के प्रतिष्ठित मोशन एजुकेशन संस्थान के सहयोग से अब झारखंड के विद्यार्थियों को नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग राज्य में ही उपलब्ध कराई जाएगी। रांची के हिंदपीढ़ी स्थित कल्याण विभाग के भवन में कोचिंग का संचालन किया जाएगा। इस योजना के संचालन एवं पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को सौंपी गई है। मंगलवार को विभाग ने कोचिंग संस्थान को कार्य आदेश निर्गत किया। इसमें राज्य के लगभग 300 विद्यार्थियों को पहले चरण में इस योजना का लाभ मिलेगा, जिनका चयन शैक्षणिक योग्यता और निर्धारित मापदंडों के आधार पर किया गया है।

कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा है कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हमारे विद्यार्थियों को अवसर और मंच मिलना अत्यंत आवश्यक है। झारखंड के बच्चे भी आईआईटी, एम्स और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में जाएँ इसके लिए उन्हें उचित संसाधन और वातावरण देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कई प्रतिभाशाली विद्यार्थी संसाधनों की कमी और उचित मार्गदर्शन के अभाव में पिछड़ जाते हैं। हमारा प्रयास है कि झारखंड का कोई भी गरीब विद्यार्थी बेरोजगार होकर न लौटे, बल्कि कुछ बनकर, आत्मविश्वास के साथ लौटे। सरकार की यह पहल हमारे युवाओं को नई दिशा और ऊर्जा देगी। मंत्री चमरा लिंडा ने कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी के साथ छात्रावास, पुस्तकालय और भोजनालय का निरीक्षण किया तथा सभी आवश्यक सुधार और सुविधाओं के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजना है कि आने वाले चरणों में

शेष पेज 11 पर

### झारखंड को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाना है : हेमंत सोरेन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने में लगे हैं। इसके लिए राज्य के कई स्कूलों को अपग्रेड कर अंग्रेजी माध्यम में किया है। वे हमेशा यह कहते हैं कि झारखंड को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाना है। इसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है।



**पीएमएलए ट्रिब्यूनल का आदेश**

## हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास से जब्त कार वापस करे ईडी

**कंपनी का दावा**

**21 महीने बाद भी ईडी कोई सबूत पेश नहीं कर पाई**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित पीएमएलए अपीलीय ट्रिब्यूनल ने ईडी को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास से जब्त की गई बीएमडब्ल्यू कार को रिलीज करने का आदेश दिया है। यह कार 29 जनवरी, 2024 को उस वक्त जब्त की गई थी, जब ईडी की टीम ने झारखंड भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच के दौरान उनके दिल्ली स्थित आवास की तलाशी ली थी।

बीएमडब्ल्यू की 2021 मॉडल वाली यह कार भगवानदास होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड थी। कंपनी ने इस जब्ती को चुनौती दी। कंपनी ने कहा कि 21 महीने बीत जाने के बाद भी ईडी ने ऐसा कोई सबूत पेश नहीं किया, जिसके आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग के कथित मामले से इसका कोई संबंध हो। अपील पर सुनवाई के बाद ट्रिब्यूनल ने कहा कि कार ऐसी वस्तु है जिसकी कीमत समय के साथ तेजी से घटती है। जब तक यह साबित न हो कि जब्त कार मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए खरीदी गई है या फिर ऐसे किसी अपराध में इसका इस्तेमाल हुआ है, तब तक इसे अनिश्चितकाल तक जब्त किए रखना ठीक नहीं है। ट्रिब्यूनल ने ईडी को छह सप्ताह के अंदर कार रिलीज करने का निर्देश दिया है। कंपनी के वकील रोहित शर्मा और राजेश इनामदार ने ट्रिब्यूनल में तर्क दिया कि न तो उनकी कंपनी और न ही उसके निदेशक ईसीआईआर या ईडी की अभियोजन शिकायतों में आरोपी बनाए गए। ट्रिब्यूनल ने भी माना कि ईडी ने जब्ती को सही ठहराने के लिए कोई ठोस सबूत नहीं पेश किया। इसलिए ट्रिब्यूनल ने ईडी के तर्कों को अस्वीकृत कर कार को याचिकाकर्ता को लौटाने का आदेश दिया। हालांकि, ट्रिब्यूनल ने कार लौटाते समय शर्त रखी है कि याचिकाकर्ता अगले एक साल तक कार को न तो बेचेगा और न ही उसे डिस्पोज करेगा, बल्कि इसे चालू हालत में रखेगा। भविष्य में अगर कोई सबूत मिलता है

शेष पेज 11 पर

## हरियाणा के आईपीएस ऑफिसर ने खुद को गोली मारकर किया सुसाइड

**चंडीगढ़ (आईएएनएस)**

हरियाणा पुलिस के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) वाई पूरन कुमार ने मंगलवार को कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। चंडीगढ़ सेक्टर-11 स्थित अपने आवास पर उन्होंने गोली मारकर जान दी।घटना के समय उनकी पत्नी अमनीत पी कुमार घर पर मौजूद नहीं थीं। वह हरियाणा कैडर की आईएएस अधिकारी हैं और इस वक्त प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ जापान दौरे पर हैं। वह वर्तमान में विदेश सहयोग विभाग की आयुक्त एवं सचिव के पद पर तैनात हैं। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार दोपहर करीब पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर-11 में स्थित सरकारी आवास में वाई



**पत्नी हरियाणा कैडर की आईएएस अधिकारी है**

पूरण कुमार ने आत्महत्या कर ली है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घर को सील कर दिया और फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स को जांच के लिए बुलाया गया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि अधिकारी ने अपने लाइसेंसी हथियार से खुद को गोली मारी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

शेष पेज 11 पर

## अमेरिका के तीन वैज्ञानिकों को फिजिक्स का नोबेल पुरस्कार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** स्वीडन में आज फिजिक्स के नोबेल पुरस्कार की घोषणा हो गई। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने दोपहर 3:15 बजे विजेताओं के नाम का ऐलान किया। इस साल फिजिक्स का नोबेल पुरस्कार अमेरिका के जॉन क्लार्क, माइकल डेवोरेट, जॉन मार्टिनिस को मिला है। पुरस्कार की घोषणा करते हुए क्वांटम मैकेनिज्म के प्रभावों को समझाया गया। इस वर्ष के नोबेल पुरस्कार विजेताओं ने एक इलेक्ट्रिकल सर्किट के साथ प्रयोग किए, जिसमें उन्होंने एक ऐसी प्रणाली में क्वांटम मैकेनिकल टनलिंग और क्वांटाइज्ड एनर्जी लेवल, दोनों का प्रदर्शन किया जो हाथ में पकड़ने लायक थी। ये खोज क्वांटम क्रिप्टोग्राफी, क्वांटम कंप्यूटर और क्वांटम सेंसर सहित क्वांटम तकनीक को और समझने में मदद करेगी।



क्वांटम टनलिंग की खोज की थी

शेष पेज 11 पर

## कैबिनेट ने 24,634 करोड़ रुपए के चार मल्टी-ट्रैकिंग रेलवे प्रोजेक्ट्स को दी मंजूरी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने मंगलवार को चार राज्यों में चार मल्टी-ट्रैकिंग रेलवे प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। इसमें 24,634 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात और छत्तीसगढ़ के 18 जिलों को कवर करने वाले ये चार प्रोजेक्ट्स भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 894 किलोमीटर बढ़ाएंगे। सरकार की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि इन प्रोजेक्ट्स में महाराष्ट्र के वर्धा-भुसावल के बीच 314 किलोमीटर लंबी तीसरी और चौथी लाइन, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के गोंदिया-डोंगरगढ़ के बीच 84 किलोमीटर लंबी चौथी लाइन, गुजरात और मध्य प्रदेश के बड़ौदा-रतलाम के बीच 259 किलोमीटर लंबी तीसरी और चौथी लाइन और मध्य प्रदेश के इटारसी-भोपाल के बीच 237 किलोमीटर लंबी बीना चौथी लाइन शामिल हैं।



महाराष्ट्र, एमपी, गुजरात और छग के जिलों को करेगा कवर

यह प्रोजेक्ट्स लगभग 85.84 लाख की आबादी वाले लगभग 3,633 गांवों में कनेक्टिविटी बढ़ाएंगे और इनमें विदिशा और राजनांदगांव के दो आकांक्षी जिले शामिल हैं। नई लाइनें लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी और भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में सुधार करेंगी। यह मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स भारतीय रेलवे नेटवर्क पर परिचालन को सुव्यवस्थित करने और

शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

## कफ सिरप तो बहाना है नकली दवाओं का बाजार पुराना है

राजस्थान और मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में दूषित कफ सिरप पीने से कम से कम 14 बच्चों की मौत की केंद्रीय जांच ब्यूरो से जांच कराने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। अधिवक्ता



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

विशाल तिवारी द्वारा दायर इस याचिका में देश भर में सभी दूषित कफ सिरप बैचों पर प्रतिबंध लगाने और उन्हें वापस मंगाने तथा सभी सिरप-आधारित फ़ॉर्मूलेशनों की अनिवार्य जांच की भी मांग की गई है। अन्य राज्यों में हुई ऐसी ही घटनाओं का हवाला देते हुए, तिवारी ने आग्रह किया कि जांच सर्वोच्च न्यायालय के किसी पूर्व न्यायाधीश की निगरानी में कराई जाए। याचिका में शोक संतप्त परिवारों को मुआवज़ा देने और दवा सुरक्षा अलर्ट की वास्तविक समय पर निगरानी के लिए एक राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस पोर्टल बनाने की मांग की गई है। इसमें संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन के अधिकार का भी हवाला दिया गया है, जिसमें कहा गया है यह अधिकार सुनिश्चित करता है कि उपचार के लिए बनाई गई कोई भी दवा मौत का कारण न बने। परीक्षणों में पाया गया कि तमिलनाडु स्थित श्रीसन फार्मा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित सिरप में डायएथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) पाया गया था - एक ज़हरीला औद्योगिक विलायक जो दवाइयों में इस्तेमाल के लिए प्रतिबंधित है। शुरुआती रिपोर्टों से पता चला कि सिरप पीने के बाद कई बच्चों को गंभीर गुर्दे की विफलता का सामना करना पड़ा और कुछ ही दिनों में मरने वालों की संख्या चौदह हो गई। बाद में महाराष्ट्र के नागपुर से भी इसी तरह के मामले सामने आए। याचिका में केंद्र सरकार और केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की निष्क्रियता पर सवाल उठाया गया है और आरोप लगाया गया है कि दूषित पदार्थों की पुष्टि होने के बावजूद कोई प्रतिबंध या चेतावनी जारी नहीं की गई। वैश्विक स्तर पर, हर देश घटिया या नकली दवाओं का शिकार है, जिसके परिणामस्वरूप जीवन के लिए खतरा पैदा होता है, उपभोक्ता और निर्माता को वित्तीय नुकसान होता है और स्वास्थ्य प्रणाली पर विश्वास में कमी आती है। भारत में दवाओं की गुणवत्ता पर कोई बड़ा अध्ययन नहीं




एआई जेनरेटेड

किया गया है ।वर्ष 2000 में एक रिपोर्ट थी कि नकली दवाओं की लगभग 35.0, 23.1 और 13.3% वैश्विक बिक्री क्रमशः भारत, नाइजीरिया और पाकिस्तान से होती है और जालसाजी में सभी चिकित्सीय वर्ग की दवाएं और मुख्य रूप से एंटीबायोटिक्स शामिल हैं। समस्या के खिलाफ अधिक कड़े विनियमन और कानूनी कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता है। हालांकि, भारत ने सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा और संवर्धन के लिए खराब गुणवत्ता वाली दवाओं से लड़ने के लिए देश में कुछ निवारक कदम उठाए हैं। झारखंड भी नकली दवाओं से अछूता नहीं है रांची के पिस्का मोड़ के पास एक बड़ा रैकेट पकड़ा गया था और काफ सिरप का नशे की तरह दुरुपयोग भी होता है। पर सवाल उठता है कि क्या हमने उससे कुछ सीखा? ऐसी घटनाएं देश की दवा-नियामक व्यवस्था पर गहरे सवाल खड़े करती हैं।हर राज्य में ड्रग कंट्रोलर दवा के प्रत्येक बैच की जांच के लिए जिम्मेदार होता है, परंतु जमीनी हकीकत यह है कि निरीक्षण औपचारिकता बनकर रह गया है। ऐसे भी दृष्टांत हैं, जिनमें गुणवत्ता परीक्षण में विफल रही दवाएं सरकारी योजना के तहत वितरित की गई हैं। यह तंत्रगत भ्रष्टाचार और संवेदनहीनता की ओर इशारा करता है। त्रासदी के बाद विवादित सिरपों पर राज्यों ने प्रतिबंध लगाया है और जांच के आदेश दिए हैं। केंद्र सरकार ने भी एडवाइजरी जारी की है और जांच के लिए एक समिति भी गठित की है पर कार्रवाई सिर्फ प्रतीकात्मक न हो अन्यथा कोरोना के समय बनी अग्रणी ड्रग हब की वैश्विक छवि पर आंच आ सकती है।

## माओवादी के प्रतिरोध सप्ताह और बंद के ऐलान पर पुलिस हाई अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाकपा (माओवादी) नक्सली संगठन ने 8 से 14 अक्टूबर तक



प्रतिरोध सप्ताह और 15 अक्टूबर को एक दिवसीय बंद का आह्वान किया है। इस दौरान नक्सलियों के दस्ते गड़बड़ी फैलाने की कोशिश कर सकते हैं। इसके मद्देनजर झारखंड पुलिस ने पूरे राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। झारखंड पुलिस के आईजी (अभियान) माइकल राज ने बताया कि माओवादियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। सभी जिलों में सुरक्षा बलों को अलर्ट पर रखा गया है। संवेदनशील स्थानों, सरकारी प्रतिष्ठानों, रेल और सड़क मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए गए हैं, ताकि जनजीवन सामान्य बना रहे।

आईजी ने कहा कि प्रस्तावित प्रतिरोध सप्ताह और बंद का असर झारखंड के अलावा बिहार, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और असम जैसे पड़ोसी राज्यों में भी देखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से 15 अक्टूबर को होने वाले बंद को ध्यान में रखते हुए सूचना तंत्र को और सक्रिय किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और निर्भीक होकर रोजमर्रा की गतिविधियां संचालित करें।

शेष पेज 11 पर

## दीपक वर्मा ने आईजी का पदभार संभाला

**रांची।** सीआईएसएफ पूर्वी क्षेत्र मुख्यालय रांची के महानिरीक्षक के रूप में दीपक वर्मा ने पदभार ग्रहण किया। महानिरीक्षक के रूप में नियुक्त होने से पहले उन्होंने पूर्वी और उत्तर पूर्वी क्षेत्र के हवाई अड्डा क्षेत्र में उप महानिरीक्षक के रूप में कार्य किया। जिसमें 20 हवाई अड्डों की देखरेख की गई। उनकी कड़ी मेहनत और प्रयासों के दौरान गुवाहाटी हवाई अड्डे पर एक विमानन सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान एएसटीआई स्थापित किया गया।



# थैलेसीमिया पीड़ितों पर सरकार व संसद में बात रखूंगी : डॉ महुआ माजी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में थैलेसीमिया/सिकल सेल/अप्लास्टिक एनीमिया को झारखंड से भगाओ अभियान के तहत आज दूसरे दिन झारखंड राज्यस्तरीय कार्यक्रम के तहत आज "लहू बोलेगा" रक्तदान संगठन एवं शोनित फाउंडेशन के सौजन्य से अपोलो हॉस्पिटल नई दिल्ली के द्वारा थैलेसीमिया/सिकल सेल एनीमिया का बोन मैरो ट्रांसप्लांट हेतु झारखंड राज्यस्तरीय निःशुल्क मैचिंग टेस्ट कैम्प/एचएलए स्क्रीनिंग टेस्ट/शिबलिंग टैस्टिंग/मार्गदर्शन/परामर्श कैम्प रांची प्रेस क्लब में सुबह से शाम तक में 12 वर्ष के अंदर पीड़ितों का 39 थैलेसीमिया पीड़ितों सहित कुल 100 पीड़ितों के परिजनों के डोनर का एचएलए स्क्रीनिंग टेस्ट निःशुल्क हुआ। जिसकी रिपोर्ट तीन महीनें के अंदर आएगी,उसके बाद शत प्रतिशत मैच करने पर सरकारी/सीसीएल/एनजीओ/परोपकारी लोगों के सहयोग से निःशुल्क बोन मैरो ट्रांसप्लांट/ब्लड ट्रांस्फूशन होगा। जिसमें नई दिल्ली से आए अपोलो नई दिल्ली के निदेशक, बोन मैरो ट्रांसप्लांट विभाग/सीनियर पीडियाट्रिक, ऑनकोलॉजी, हेमेटोलॉजी के देश के मशहूर डॉक्टर डॉ गौरव खारिया के नेतृत्व में अपोलो की टीम आई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ महुआ माजी एवं विशिष्ट अतिथि में डॉ अनुराधा वत्स, क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट/दीपशिखा एवं इंजीनियर राजीव राजू, दिव्यंजनों पर कार्यरत सहित कार्यक्रम में अपोलो दिल्ली के रवि कुमार, एबी, शोनित फाउंडेशन के डेविड, अभिषेक चौधरी, अरशद एवं लहू बोलेगा के नदीम खान, मो बब्बर एवं झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन के देवकी देवी, सीमा देवी, सोना सिंह, सोनम, साक्षी, प्रगति शामिल थे। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं झारखंडी अंगवस्त्र देकर थैलेसेमिक पीड़ित बच्चों ने स्वागत किया। सांसद डॉ महुआ माजी ने कहा कि थैलेसीमिया/सिकल सेल/अप्लास्टिक एनीमिया पीड़ितों के साथ हूँ मैं जल्द आपके मुद्दें पर मुख्यमंत्री झारखंड हेमंत सोरेन महोदय से आपके साथ चर्चा करूँगी। सांसद में आपकी आवाज़ उठाऊंगी। जो संभव होगा अविलंब गंभीर पहल करूंगी। डॉ गौरव खारिया जी ने कहा कि थैलेसीमिया/सिकल सेल/अप्लास्टिक एनीमिया पर झारखंड राज्यस्तरीय यह कैम्प आप आयोजक का बेहद सरहनीय और ऐतिहासिक प्रयास है जिसका नतीजा भी बोन मैरो ट्रांसप्लांट का शत प्रतिशत होगा।



● थैलेसीमिया/सिकल सेल/अप्लास्टिक एनीमिया पीड़ितों के साथ हूं मैं जल्द इस मुद्दें पर सीएम साथ चर्चा करूंगी




## न्यूज बॉक्स

### छात्रवृत्ति के लिए कल्याण कॉम्प्लेक्स का घेराव करेगा आजसू छात्र संघ



**रांची।** आजसू छात्र संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो ने मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राज्य सरकार छात्रों के साथ अन्याय कर रही है। महीनों से छात्र अपनी छात्रवृत्ति की प्रतीक्षा में दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन सरकार की तरफ से कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। बबलू महतो ने कहा कि सरकार की लापरवाही ने छात्रों को सड़क पर उतरने के लिए मजबूर कर दिया है। अगर सरकार हमारे भविष्य से खिलवाड़ करेगी, तो अब छात्र चुप नहीं बैठेंगे। 8 अक्टूबर को पूरे झारखंड के छात्र कल्याण कॉम्प्लेक्स का घेराव करेंगे। यह सरकार को चेतावनी है-या तो छात्रवृत्ति तुरंत जारी करो, वरना आंदोलन उग्र होगा। उन्होंने आगे कहा कि आजसू छात्र संघ लंबे समय से शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगें रखता आ रहा है, लेकिन सरकार के बहरे कानों तक छात्रों की आवाज़ नहीं पहुंच पा रही है। अब यह आंदोलन छात्रों के अधिकार और सम्मान की लड़ाई बन चुका है। बबलू महतो ने सभी जिलों के छात्रों, अभिभावकों और युवा साथियों से 8 अक्टूबर को रांची पहुंचकर कल्याण कॉम्प्लेक्स के घेराव में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि छात्र अपनी ताकत दिखाएं। जब तक हर छात्र को उसका हक छात्रवृत्तिनहीं मिलती, तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। इस अवसर पर रवि रोशन, योगेश, प्रियांशु, बट्टू, शिवम, विवेक, सूरज, अंशु , ऋतिक आदि उपस्थित थे।

### घनी आबादी वाले मधुकम क्षेत्र के पुनर्विकास को बनेगा मास्टर प्लान

**रांची।** रातू रोड में घनी आबादी वाले मधुकम क्षेत्र के पुनर्विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार होगा। रांची नगर निगम ने जल्द ही इसका प्रस्ताव पेश करने की तैयारी शुरू कर दी है। खादगढ़ा सब्जी बाजार का जीर्णोद्धार होगा। इसके लिए निगम प्रशासक सुशांत गौरव ने मंगलवार को निगम की 11.62 डिसमील जमीन पर बने खादगढ़ा सब्जी बाजार, पास की खाली जमीन और आवासीय परिसर का निरीक्षण किया। इस बीच उन्होंने सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था को भी देखा। निरीक्षण में बताया गया कि क्षेत्र में निम्न मध्यम वर्गीय परिवारों की आबादी सबसे ज्यादा है। कई मलीन बस्तियों में रह रहे लोग अब भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। इस पर प्रशासक ने क्षेत्र का तेजी से विकास करने का निर्देश दिया। अतिक्रमण को जल्द हटाया जाएगा मौके पर प्रशासक ने सब्जी बाजार के अंदर व बाहर की अवैध दुकान के साथ अन्य कब्जों को जल्द हटाने के निर्देश दिए। बाजार में नियमित सफाई, डस्टबिन लगाने, जमींदोज नालियों को फिर से चालू करने और स्ट्रीट लाइट ठीक कराने के निर्देश भी दिए। मुआयना के क्रम में उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू, सहायक प्रशासक, नगर प्रबंधक, अभियंता, जोनल व वार्ड सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मी शामिल थे। ये निर्देश दिए गए - सब्जी बाजार के पहले तल को फिर से उपयोगी बनाया जाएगा - जीर्णोद्धार का कार्य जल्द से जल्द शुरू करने को कहा गया - मार्केट परिसर को साफ रखने के लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी।

### छठ को लेकर सभी ट्रेनों में आरक्षित बर्थ फुल



**रांची।** छठ पूजा को लेकर दो सप्ताह बचे हैं। लेकिन, छठ पूजा को लेकर ट्रेन यात्रा पर संकट हो गया है, क्योंकि बिहार जाने वाली सभी आरक्षित सीट वाली ट्रेनों के बर्थ फुल हो चुके हैं। यह स्थिति 25 अक्तूबर से ज्यादा गंभीर संकट में है। इस अवधि में बिहार के किसी भी ट्रेन में आसानी से आरक्षित बर्थ मिलना मुश्किल है। यहां तक की स्पेशल ट्रेनों में आरक्षित सीटें लोग पूर्व में बुक करवा चुके हैं। इस कारण कई ट्रेनों में छठ के समय का टिकट नहीं मिल रहा है। जानकारी के अनुसार, रांची-पटना वंदेभारत एक्सप्रेस में 25 अक्तूबर को बर्थ नहीं है, लेकिन इसके बाद 26 से 29 अक्तूबर तक बर्थ उपलब्ध है। रांची-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस में राहत है। यहां फिलहाल 25-29 तक बर्थ खाली नजर आ रहा है, लेकिन कोशी सुपर एक्सप्रेस में छह से दो दिन पहले 25-26 को खाली बर्थ के लिए टिकट कटना ही बंद हो गया है। ऐसी ही स्थिति हटिया-इस्लामपुर एक्सप्रेस की है। पाटलीपुत्र एक्सप्रेस में 25 को बर्थ खाली नहीं है।

**अब लेट नहीं होंगी ट्रेनें :** रांची। त्योहारी सीजन में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे ने विशेष ट्रेनों के संचालन पर सख्ती बढ़ा दी है। इन ट्रेनों की समय पर निगरानी की जाएगी जिसकी सीधी जिम्मेदारी डीआरएम को दी गई है। रेलवे बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि विशेष ट्रेनें देरी से न चलें।

### युवकों को अगवा कर बदमाशों ने मारपीट की

**रांची।** चुटिया निवासी अनमोल मिश्रा और उसके साथी को अगवा कर जगन्नाथपुर इलाके में ले जाकर बदमाशों ने मारपीट की। इस वारदात को बदमाशों ने रविवार की शाम अंजाम दिया है। इस संबंध में अनमोल मिश्रा ने निशांत सिंह, शुभम कुमार समेत अन्य के खिलाफ अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। अनमोल ने पुलिस को बताया कि वह रविवार की शाम हेहल अंचल पुल के पास अपनी कार से गए थे। इस दौरान दोनों आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ पहुंचे और उन्हें व उनके दोस्त बलवंत नारायण को जबरन अपनी स्कॉर्पियो वाहन में बैठकर विवेकानंद स्कूल के समीप ले गए। वहां पर आरोपियों ने उन्हें जमकर पीटा। उनके भाई को फोन कर उन्हें ले जाने की बात कही। इसके बाद उनका भाई आया और घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल ले गया। बाद में थाने में मामला दर्ज कराया गया।

## केंद्र व बिहार सरकार महिला विरोधी : दीपिका पांडेय सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस की नेता दीपिका पांडेय सिंह ने पटना में मंगलवार को कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी और बिहार में नीतीश कुमार की सरकार महिला विरोधी हैं। चुनाव से ठीक पहले बिहार की महिलाओं के खाते में दस हजार भेजना वोटों को हासिल करने की राजनीति है। पटना के प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हमेशा चुनाव से पहले बिहार में आकर बोली लगाते हैं। यह बोली पिछले चुनाव में पचास हजार करोड़ से शुरू हो कर सवा लाख करोड़ तक गई थी, लेकिन बाद में वही ढाक के तीन पात।

बिहार को कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार पहले क्यों हाथ पर हाथ धरे बैठी थी, जो उसे ठीक चुनाव से पहले महिलाओं की याद आयी। उन्होंने कहा कि बिहार में महागठबंधन ने पहले से घोषणा कर रखी है कि उनकी सरकार बनने के बाद बिहार में महिलाओं को ढाई हजार महीने यानी 30 हजार रुपये सालाना माई-बहन योजना के तहत दिए जाएंगे। बिहार में जिस जीविका समूह के नाम पर वोट मांगा जा रहा है, उनसे जुड़ी महिलाओं की वास्तविक स्थिति ठीक नहीं है और रोजगार शुरू करने के बाद बहुत सी महिलाएं कर्ज में डूबी हुई हैं।

## सांसद ढुलू महतो की याचिका पर हाईकोर्ट ने केस डायरी मांगी



**रांची।** धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो से जुड़े वर्ष 2022 के केंदुआडीह थाना कांड में झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने सरकार को मामले की केस डायरी पेश करने और शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह मामला एक कथित हत्या की साजिश से संबंधित है। इस मामले में धनबाद की निचली अदालत ने सांसद ढुल्लू महतो की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दी थी। इसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। प्राथमिकी के अनुसार, सूचक ने चार-पांच लोगों को बातचीत करते सुना था कि ढुल्लू महतो ने उन्हें राम रहीम नामक व्यक्ति की हत्या करने का निर्देश दिया है। पुलिस जांच में गिरफ्तार एक सह आरोपी ने भी अपने बयान में यह बात स्वीकार की थी। इस आधार पर केंदुआडीह थाना में ढुलू महतो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले में सांसद ढुल्लू महतो पूर्व में जेल भी जा चुके हैं। बाद में उन्हें झारखंड हाईकोर्ट से जमानत मिली थी।

### 'हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी' अभियान, 12 को मोराबादी में होगा आयोजन

# स्वदेशी के प्रति संकल्पों को दृढ़ता प्रदान करेगा यह मैराथन : सेठ

**नवीन मेल संवाददाता**

**विकसित भारत 2047 मैराथन में दौड़ेगी रांची**



**रांची।** "हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी" अभियान के तहत विकसित भारत 2047 मैराथन का आयोजन आगामी 12 अक्टूबर 2024 को रांची में किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के स्वदेशी संकल्प के आह्वान पर आयोजित यह मैराथन रांची का एक ऐतिहासिक आयोजन बनने जा रहा है, जिसमें लगभग 25,000 प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। यह मैराथन झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित की जा रही है, जिसमें केवल खिलाड़ी ही नहीं बल्कि समाज के सभी वर्ग-विद्यार्थी, स्वयंसेवक, महिलाएं, माताएं, बहनें, सामाजिक संगठन और आम नागरिक-अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। आज माननीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ ने अपने कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में बताया कि यह केवल दौड़ नहीं, बल्कि स्वदेशी के प्रति हमारे संकल्प को और दृढ़ बनाने वाला ऐतिहासिक अभियान है। मैं रांचीवासियों से आह्वान करता हूं कि वे स्वदेशी के इस संकल्प को सशक्त करने के लिए मैराथन में अवश्य भाग लें।

इस आयोजन का उद्देश्य प्रधानमंत्री के "आत्मनिर्भर भारत" और "स्वदेशी अपनाओ" अभियान को जन-जन तक पहुंचाना है। रांची के सभी वर्गों में इस आयोजन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है, और अब तक हजारों प्रतिभागी रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। इस अवसर पर उपस्थित झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. मधुकांत पाठक ने कहा की झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन राज्य में खेलों के विकास के प्रति समर्पित है। ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को एक नया मंच और प्रेरणा मिलेगी।

भाजपा महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मैराथन स्वदेशी की भावना को जन-जन में प्रज्वलित करने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। इस अवसर पर झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुबे एवं उदय साहू भी उपस्थित थे।

**मैराथन मार्ग**

मोरहाबादी मैदान से प्रारंभ होकर यह दौड़ एसएसपी आवास, कांके रोड, प्रेमसंस मोटर्स, श्याम प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय होते हुए पुन: मोरहाबादी मैदान पर संपन्न होगी। मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठन जैसे मारवाड़ी युवा मंच, माहेश्वरी सभा आदि पुष्पवर्षा कर प्रतिभागियों का अभिनंदन करेंगे। सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट, प्रमाणपत्र एवं अल्पाहार भी प्रदान किया जाएगा।

### सतत विकास पर मंथन : वित्त मंत्री ने किया नौवीं नागी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

# 3 दिवसीय सम्मेलन में संसाधनों के उपयोग और प्रबंधन से जुड़ी चुनौतियों पर होगी चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग और नेशनल एसोसिएशन ऑफ जियोग्राफर्स, इंडिया (नागी) के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को नौवीं नागी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 2025 का शुभारंभ किया गया। झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन समारोह में भाग लिया और सम्मेलन के सफल आयोजन पर रांची विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी। तीन दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का विषय "सस्टेनेबल फ्यूचर अर्थः संसाधनों के उपयोग एवं प्रबंधन में उभरते प्रश्न और चुनौतियां" निर्धारित है। सम्मेलन में देश-विदेश के भूगोलविद, शिक्षाविद तथा शोधार्थी भाग ले रहे हैं, जो पृथ्वी के सतत भविष्य और संसाधनों के संतुलित उपयोग से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों पर अपने विचार साझा करेंगे। अपने संबोधन में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि सतत विकास आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्राकृतिक संपदाओं से परिपूर्ण राज्य है, और यदि हम इन संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करें तो विकास और पर्यावरण दोनों के बीच संतुलन बनाए रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक आयोजन नए विचारों को जन्म देते हैं और युवाओं को जिम्मेदार दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। वित्त मंत्री ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति, भूगोल विभाग और नागी की टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मेलन न केवल अकादमिक जगत के लिए उपयोगी सिद्ध होगा, बल्कि राज्य और देश की विकास नीतियों में भी सार्थक योगदान देगा।

### रांची के विभिन्न अंचलों में जनता दरबार का आयोजन

# कई लोगों की शिकायतों का हुआ ऑन द स्पॉट निष्पादन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निदेशानुसार जिले के सभी अंचलों में प्रत्येक मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान, पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था की स्थापना और राजस्व संबंधित कार्यों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करना है। आज भी जिला के सभी अंचलों में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के राजस्व एवं नागरिक सेवाओं से संबंधित कार्यों का निष्पादन किया गया। भू-राजस्व संबंधित कार्य जैसे -दाखिल-खारिज, करेक्शन स्लिप निर्गमन, सीमांकन, भूमि विवाद निपटारा तथा भूमि अभिलेख का सत्यापन एवं सुधार, जाति, आय, निवास, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र निर्गत करने का कार्य जनता दरबार में किया गया।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जनता दरबार को नागरिक समस्याओं के त्वरित समाधान का सशक्त माध्यम बनाया जाए। किसी भी नागरिक को बेवजह कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता के साथ जनता की सेवा सर्वोच्च प्राथमिकता हो। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जनता दरबार के माध्यम से नागरिकों को उनके अधिकारों और सरकारी सेवाओं तक सरल, त्वरित एवं पारदर्शी पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। यह पहल सुशासन, जवाबदेही और जन-सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### झारखंड में रेल सुविधाओं के विस्तार पर हुई चर्चा



**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने नई दिल्ली में चेयरमैन रेलवे बोर्ड सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार से मुलाकात कर झारखंड में रेल सुविधाओं के विस्तार पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान श्री जोशी ने झारखंड में रेल सुविधाओं के विस्तार, नई ट्रेनों के परिचालन, यात्री सुविधाओं के उन्नयन तथा औद्योगिक क्षेत्रों को बेहतर रेल संपर्क से जोड़ने से संबंधित कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। विशेष रूप से उन्होंने रांची से जयपुर के बीच सीधी ट्रेन सेवा प्रारंभ करने की मांग प्रमुखता से रखी, जिस पर चेयरमैन रेलवे बोर्ड ने उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। चेयरमैन ने यह भी आश्वासन दिया कि रेलवे झारखण्ड राज्य में यात्री सुविधा और कनेक्टिविटी बढ़ाने को प्राथमिकता देगा। इस अवसर पर श्री जोशी ने रेलवे द्वारा हाल के वर्षों में किए गए सुधारों और यात्री सुविधाओं में हुई वृद्धि के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा यात्रियों की ओर से रेलवे के क्षेत्र में विकास हेतु निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया।

### युवक से 4.39 लाखों की ठगी, केस दर्ज

**रांची।** पिस्कामोड़ हेहल निवासी राजकुमार सिंह से साइबर अपराधियों ने अधिक मुनाफे का लालच देकर 4.39 लाख रुपए ठग लिए। इस संबंध में सिंह ने साइबर क्राइम थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। राजकुमार की ओर से थाना में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि टेलीग्राम के जरिये उनका संपर्क अर्पिता वर्मा नामक युवती हुई। उसने उन्हें एक ऐप भेजा और कहा गया कि इस एप्लिकेशन को पंजीकृत करने और निवेश करने पर उन्हें 17 प्रतिशत मुनाफा मिलेगा। इसके बाद ऐप के जरिये उनसे एक एप्लिकेशन को पंजीकृत कराया। साइट पर यह दिखा कि पैसा डॉलर में कनवर्ट हो रहा है।

### ब्लॉक सड़कों व गार्ड हाउस का निर्माण शुरू



**पिठौरिया।** राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा के कोष से मंगलवार को पिठौरिया में कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। शिलान्यास भाजपा के ग्रामीण जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज,मंडल भाजपा अध्यक्ष गोपाल महतो ने किया। इस अवसर पर पिठौरिया महाराणा प्रताप चौक स्थित सन्तोष कुशवाहा के घर से जोड़ा तालाब तक पेवर ब्लॉक सड़क निर्माण,अरविंद महतो के घर से विवेकानंद केशरी के घर तक पेवर ब्लॉक से सड़क निर्माण तथा किसान उच्च विद्यालय में गार्ड हाउस का निर्माण आदि योजनाओं का शिलान्यास किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि गांवों के मूलभूत समस्याओं का निर्माण चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। मौके पर अभिषेक कुमार,सुखदेव साहु,अनिल केशरी,जगरनाथ मिश्रा,श्रवण गोप,मुन्नी मुंडा समेत अन्य मौजूद थे।

# पत्रकारों पर दर्ज झूठे मुकदमों की जांच का डीजीपी ने दिया आदेश

● झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद डीआईजी कोल्हान व लातेहार एसपी को निर्देश, कार्रवाई पर फिलहाल रोक

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने राज्य में पत्रकारों पर दर्ज झूठे मुकदमों की निष्पक्ष जांच का आदेश दिया है। झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा सौंपे गए पत्र के आलोक में डीजीपी ने डीआईजी कोल्हान और लातेहार के पुलिस अधीक्षक को जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही जादूगोड़ा व बालूमाथ थाना प्रभारियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर जांच रिपोर्ट आने तक किसी भी तरह की कार्रवाई न करने का निर्देश भी दिया गया है।

डीजीपी ने कहा कि झारखंड में किसी भी निर्दोष व्यक्ति, विशेषकर पत्रकारों पर किसी भी तरह की गलत कार्रवाई नहीं की जाएगी। उन्होंने पत्रकारों को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए कहा कि निष्पक्ष पत्रकारिता की सुरक्षा राज्य पुलिस की प्राथमिकता है। डीजीपी ने यह बातें झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के संस्थापक शाहनवाज हसन के नेतृत्व में आए 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान कहीं। शाहनवाज हसन ने बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों के चार पत्रकारों के मामलों को विस्तार से डीजीपी के समक्ष रखा। इनमें जादूगोड़ा के पत्रकार सुशील अग्रवाल, बालूमाथ के सुरेंद्र गुप्ता, पूर्वी सिंहभूम के मणि शंकर भगत और धनबाद के अजीत सिन्हा शामिल हैं। जादूगोड़ा के पत्रकार सुशील अग्रवाल के मामले में थाना प्रभारी पर साइबर अपराधियों के साथ सांठगांठ कर झूठा केस दर्ज करने का आरोप लगाया गया है। डीजीपी ने इसे गंभीरता से लेते हुए डीआईजी कोल्हान को जांच सौंप दी है। वहीं, बालूमाथ के पत्रकार सुरेंद्र गुप्ता पर खबर संकलन के दौरान हुए हमले के बावजूद अब तक हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है, उल्टा उन पर ही थाना प्रभारी और कोयला माफिया की मिलीभगत से केस दर्ज किया गया है।

डीजीपी ने इस मामले में भी निष्पक्ष जांच का आदेश देते हुए जांच पूरी होने तक किसी भी कानूनी कार्रवाई पर रोक लगाने की बात कही है। इसी तरह पूर्वी सिंहभूम के पत्रकार मणि शंकर भगत पर भ्रष्टाचार उजागर करने पर मुखिया द्वारा एससी-एसटी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। उन्होंने डीजीपी को प्रकाशित खबर और मुखिया की शिकायत की प्रति भी सौंपी। वहीं, धनबाद के पत्रकार अजीत सिन्हा पर दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान हुए जानलेवा हमले को लेकर भी गिरफ्तारी की मांग की गई। डीजीपी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सभी मामलों में न्यायसंगत व पारदर्शी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि डीजीपी अनुराग गुप्ता का पत्रकार समुदाय के प्रति सदैव सहयोगात्मक रवैया रहा है। प्रतिनिधिमंडल में अजय पांडेय, पंकज सिंह, आकाश कुमार सोनी, सुशील अग्रवाल, मणि शंकर भगत, सुदीप सिंह, बबलू ठाकुर और डब्ल्यू. मिश्रा शामिल थे।

## उपायुक्त ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, कहा

# सदर अस्पताल जिले का महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने मंगलवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, जिला जन संपर्क पदाधिकारी उर्वशी पाण्डेय, डॉ. बिमलेश कुमार, एवं अन्य संबंधित चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण का उद्देश्य अस्पताल की व्यवस्थाओं, चिकित्सा सुविधाओं, और मरीजों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता का आकलन करना था।

### अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण

उपायुक्त ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का दौरा किया और वहाँ की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और अस्पताल में मिल रही चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कई मरीजों ने अस्पताल की व्यवस्था और उपचार की गुणवत्ता पर संतुष्टि व्यक्त की। उपायुक्त ने मरीजों से दवाइयों की उपलब्धता और उपचार प्रक्रिया के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की।




### अस्पताल की सिटी स्कैन मशीन यूनिट का निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल की सिटी स्कैन मशीन यूनिट का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से सिटी स्कैन सुविधा और आयुष्मान भारत योजना के तहत मिल रहे लाभ के बारे में पूछताछ की। मरीजों ने बताया कि उन्हें आयुष्मान भारत योजना के तहत नि:शुल्क और सुगम उपचार प्राप्त हो रहा है, जिससे उनकी संतुष्टि झलक रही थी। उपायुक्त ने इस योजना के प्रभावी कार्यान्वयन की सराहना की और इसे और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

### मरीजों को समय पर उपचार सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने का निर्देश

निरीक्षण के उपरांत उपायुक्त ने सिविल सर्जन और अस्पताल प्रशासन को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में स्वच्छता, चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता, और मरीजों को समय पर उपचार सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही, उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभार्थियों को सुगम और पारदर्शी सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रक्रियाओं को और सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि सदर अस्पताल जिले का एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र है, और यहाँ की सेवाएँ मरीजों के लिए सुगम और गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि मरीजों की सुविधा और संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। यह औचक निरीक्षण स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### कैंटीन में बैठने की व्यवस्था स्वच्छता, और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता का लिया जायजा

उपायुक्त ने अस्पताल परिसर में संचालित कैंटीन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कैंटीन में बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता, और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता का जायजा लिया। कैंटीन संचालक एजेंसी को निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि मरीजों और उनके परिजनों को गुणवत्तापूर्ण और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कैंटीन की सेवाओं में और सुधार लाने पर जोर दिया।

### वार्ड की व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के लिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

बच्चा वार्ड के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं, स्वच्छता, और चिकित्सकों की उपस्थिति का आकलन किया। उन्होंने सिविल सर्जन, डॉ. प्रभात कुमार को वार्ड की व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के लिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने चिकित्सकों और कर्मचारियों को मरीजों के प्रति संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करने की सलाह दी।

# सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** मंजूनाथ भजन्त्री ने मंगलवार को नामकुम अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला जन संपर्क पदाधिकारी, उर्वशी पांडेय, प्रखंड विकास पदाधिकारी नामकुम, विजय कुमार, अंचल अधिकारी नामकुम कमल किशोर सिंह उपस्थित थे।

### कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी की जांच

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी की जांच की और सभी कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंचल एवं प्रखंड कार्यालय में आने वाले आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए और उनके समाधान के लिए त्वरित एवं प्रभावी कदम उठाए जाएँ। उपायुक्त ने जोर देकर कहा कि सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उपायुक्त ने कर्मचारियों को समय पर कार्यालय पहुँचने और अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा व पारदर्शिता के साथ करने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने की चेतावनी दी। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा, "यदि कोई कर्मचारी भ्रष्टाचार में संलिप्त पाया जाता है और जाँच में इसकी पुष्टि होती है, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।"


● नामकुम अंचल का निरीक्षण किया

### आम नागरिकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अंचल कार्यालय में उपस्थित आम नागरिकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। कुछ समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि अन्य के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनता के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देना हैं

उपायुक्त ने इस अवसर पर यह भी अपील की कि कार्यालय में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए और उनकी शिकायतों का निपटारा समयबद्ध तरीके से हो। इस निरीक्षण का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनता के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देना हैं।

## बीएयू में जोनल सर्वोत्तम पीएचडी शोध प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता

# उड़ीसा के डॉ जियोम प्रथम व प. बंगाल की डॉ श्रेया मंडल दूसरे स्थान पर रही

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इंडियन सोसाइटी ऑफ सॉइल साइंस के रांची चैप्टर द्वारा मंगलवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि संकाय सभागार में पूर्वी भारत के शोधार्थियों के लिए जोनल बेस्ट डॉक्टरल रिसर्च अवॉर्ड प्रतियोगिता आयोजित की गई। अभिनव शोध, प्रस्तुतीकरण की गुणवत्ता और प्रश्नों का उत्तर देने में बेहतर आत्मविश्वास दिखाने के लिए उड़ीसा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर के वैज्ञानिक डॉ जियोम एडम माइकल को प्रथम घोषित किया गया। इन्होंने जलवायु लचीला पोषण प्रबंधन पर विशेष कार्य किया है। डॉ माइकल विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के इंस्पायर फेलो हैं तथा फिलिपींस में हुए अंतरराष्ट्रीय चावल कांग्रेस 2023 में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।



प्रस्तुतीकरण के आधार पर विश्व भारती विश्वविद्यालय, शांतिनिकेतन की डॉ श्रेया मंडल को द्वितीय घोषित किया गया। उन्होंने सूक्ष्म पोषक तत्वों के बायोफोर्टिफिकेशन तथा मृदा उर्वरता संवर्धन पर विशेष खोज की है।

निर्णायक मण्डल में भारतीय जल प्रबंधन संस्थान, भुवनेश्वर के प्रधान वैज्ञानिक डॉ केके बंद्योपाध्याय, विश्व भारती विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल की मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग की अध्यक्ष डॉ सुछन्दा मंडल तथा आईसीएआर के भारतीय पूर्वी क्षेत्र शोध परिषद, रांची के प्रधान वैज्ञानिक डॉ सुशान्ता कुमार नाइक शामिल थे।

डॉ माइकल और डॉ श्रेया अब नवंबर में तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयम्बटूर में भारतीय मृदा विज्ञान सोसाइटी के राष्ट्रीय सम्मेलन में अपना प्रस्तुतीकरण देंगे। वहां देश के पांचो जॉन से दो-दो चयनित प्रतियोगी अपना शोध कार्य प्रस्तुत करेंगे, जहां राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोत्तम दो पीएचडी शोधार्थियों का चयन किया जाएगा। बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि सतत अनुसंधान, खोज एवं विकास वैज्ञानिक समुदाय के लिए प्राण तत्त्व है। आरंभ में में स्वागत भाषण करते हुए सोसाइटी के रांची चैप्टर के सचिव डॉ बीके अग्रवाल ने प्रतिभागियों और निर्णायकों का परिचय दिया और बताया कि सन् 1946 में राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित मृदा विज्ञान सोसाइटी की शाखा प्रायः सभी कृषि विश्वविद्यालयों में है। सोसाइटी के अध्यक्ष तथा कृषि संकाय के डीन डॉ डीके शाही ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर निर्णायक समिति के सदस्यों का सम्मान किया तथा प्रतिस्पर्धा के नियम शर्तों को रेखांकित किया। इस अवसर पर बीएयू के विभिन्न विभागों के 46 वैज्ञानिक एवं शोधार्थी उपस्थित थे।

### सीयूजे में खेलोत्सव पुरस्कार समारोह में विजेता सम्मानित

**रांची।** केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) के खेल विंग की ओर से स्थित सीयूजे ऑडिटोरियम में 'खेलोत्सव पुरस्कार समारोह का आयोजन मंगलवार को किया गया। मुख्य अतिथि आईपीएस किशोर कौशल व विशिष्ट अतिथि एशियन गेम्स पदक विजेता मधुमिता कुमारी, अंतरराष्ट्रीय पावर लिफ्टर सुजाता भगत, आईपीएस अंजनी झा और क्रिकेट प्रशिक्षक चंचल भट्टाचार्य ने विभिन्न श्रेणियों में पदक विजेताओं को पुरस्कृत किया। कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास की उपस्थिति में आयोजित इस समारोह में खेल विभाग प्रभारी डॉ राजेश कुमार के नेतृत्व में 300 से अधिक प्रतिभागियों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। ओवरऑल चैंपियन (स्कूल श्रेणी) में स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज, प्रथम उपविजेता स्कूल ऑफ नेचुरल साइंसेज व द्वितीय उपविजेता स्कूल ऑफ एजुकेशन को सम्मानवित किया गया। स्पोर्ट्स एवं फिटनेस (कर्मचारी श्रेणी) में ओवरऑल चैंपियन डॉ राजेश कुमार (स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी), प्रथम उपविजेता डॉ महिमा कश्यप (स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज) एवं डॉ अजय प्रताप यादव (स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज), द्वितीय उपविजेता शांति स्वरूप (स्कूल ऑफ नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट) एवं डॉ विजय कुमार यादव (स्कूल ऑफ एजुकेशन) रहे। कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आग्रह किया।

## निगम प्रशासक ने मधुकम इलाके और तालाब का किया निरीक्षण

# नया मास्टर प्लान बनाने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची नगर निगम के प्रशासक सुशांत गौरव ने मंगलवार को मधुकम क्षेत्र और तालाब का निरीक्षण किया। उनके साथ निगम के कई अधिकारी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लगभग 11 एकड़ से ज्यादा निगम की जमीन देखी, जहां आवासीय इलाके, स जी बाजार, शौचालय और खाली जमीन हैं।उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कहा कि इस पूरे क्षेत्र के लिए एक नया मास्टर प्लान बनाकर पुनर्विकास की योजना जल्द तैयार करें।



### अतिक्रमण और सफाई पर सख्त आदेश

प्रशासक ने कहा कि इलाके में अवैध दुकानें और क जे हटाये जायें, नालियों की सफाई की जाये और जो नालियां बंद हैं उन्हें ठीक किया जाये उन्होंने यह भी कहा कि स्ट्रीट लाइट्स को ठीक किया जाये और अगर किसी ने निगम की जमीन पर क जा किया है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाये।निरीक्षण के दौरान उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू, नगर प्रबंधक, अभियंता और कई कर्मचारी मौजूद थे।

### सब्जी बाजार को नया रूप देने का निर्देश

मधुकम **सब्जी** बाजार की खराब स्थिति देखकर प्रशासक ने कहा कि इसे साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाया जाये ताकि वेंडर्स (फेरीवाले) को आसानी से जगह मिले।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाजार में डस्टबिन लगाएं। रोज सफाई कराएं और सभी वेंडर्स के लिए ठिकाने तय करें।

### शहर के तालाबों और घाटों की सफाई शुरू

छठ महापर्व को देखते हुए नगर निगम ने शहर के तालाबों और घाटों की सफाई शुरू कर दी है। प्रशासक सुशांत गौरव ने आज मधुकम तालाब का निरीक्षण करते हुए कहा कि तालाब से गाद हटाई जायेगी। उन्होंने पानी को साफ रखने के लिए फिटकरी और ब्लीचिंग पाउडर डालने का आदेश दिया। प्रशासक ने घाट की सीढ़ियों की अच्छी तरह सफाई करने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि तालाब के चारों ओर बैरिकेडिंग की जाये ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षा मिल सके। प्रशासक ने लोगों से अपील की कि तालाब में कचरा या गंदगी न डालें, वरना उन पर कार्रवाई की जाएगी। उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू ने नगर तालाब (वार्ड 10) का भी निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब के चारों ओर बाउंड्री बनाने, नियमित सफाई करने और स्ट्रीट लाइट्स ठीक करने के निर्देश दिये। निरीक्षण में नगर निगम के कई अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे।

# श्री श्याम मंदिर में 174 वां श्री सुंदरकांड का हुआ पाठ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 174 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। और मनोरथ जो कोई लावे सोई अमित जीवन फल पावे के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां ने अखण्ड ज्योति एवं पूजन के सभी कार्य सम्पन्न करवाएं। सुनील मोदी ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया । सुनील मोदी ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया गया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा, पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा, मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवं राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया, उपाध्यक्ष अशोक लड़िया, निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, सुनील मोदी, हर्ष, कृष्णा कुमार आदि भक्त उपस्थित थे।



# जन स्पार्कल मेले में दूसरे दिन लोगों ने की जमकर खरीदारी



**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंच सृजन शाखा के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय सृजन सस्पार्कल मेले में दूसरे दिन लोगों ने जमकर खरीदारी की। दीपावली का त्यौहार को देखते हुए बहने कपड़े बंदनवार मोमबत्ती लड्डू गोपाल की पोशाक चादर वगैरा खरीदते हुए नजर आई ।स्टॉलधारी बहने काफी खुश नजर आई। मेले में सुबह से ही रौनक लगी हुई थी शाम होते-होते काफी भीड़ हो गई साथी लोगों ने लजीज व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया उठाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अमिता केडिया, राशी सरावगी, सोनल अग्रवाल, श्वेता सरावगी, शालू सिंघानिया, नम्रता बागला, अनामिका केडिया, आकृति सिंघानिया, सोनम सरावगी, शिखा सुरेका, सोनल जैन, सपना अग्रवाल, श्रेया सराफ, निधि इंदौरिया, निकीता पाटोदिया, सुप्रिया पाटोदिया, नूपुर सरावगी, दीपा हेतमसरिया, दीपिका नर्सारिया, प्रीति हेतमसरिया, पूजा पोद्दार सहित अन्य शामिल थे।

# रात भर चंद्रकिरणों में रखी 101 किलो दूध से बनी खीर भक्तों में बांटी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट ने शरद पूर्णिमा मनाई। रात्रि में मंदिर प्रांगण में भजन-कीर्तन और सामूहिक आरती हुई। ट्रस्ट के भजन गायकों ने मनमोहक भजन प्रस्तुत किए। श्रीकृष्ण एवं राधा रानी के मधुर भजनों ने समस्त वातावरण को भक्तिरस से डूबो दिया। मंगलवार की सुबह रात भर चंद्रकिरणों में रखी गई 101 किलो दूध से बनी खीर का वितरण भक्तों के बीच किया गया। इससे पूर्व रात्रि में महोत्सव को मनाने को लेकर मंदिर प्रांगण को सजाया गया। प्रभु को वस्त्राभूषणों के साथ श्रृंगार किया गया। आरती के समय दीपों की पंक्तियां और चंद्रमा की चांदनी ने माहौल को अत्यंत आध्यात्मिक व दिव्य बना दिया। शरद पूर्णिमा की रात्रि को विशेष महत्व प्राप्त है, क्योंकि इसे रास पूर्णिमा भी कहा जाता है। मान्यता है कि इस रात्रि चंद्रमा अपनी पूर्ण कलाओं से युक्त होता है और उसकी चांदनी में औषधीय गुण होते हैं। मंगलवार की सुबह मंदिर के मुख्य पुजारी अरविंद पांडेय ने विधिपूर्वक खीर का भोग लगाया। इस अवसर पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने कहा कि शरद पूर्णिमा न केवल भगवान श्रीकृष्ण के रासलीला का प्रतीक है, बल्कि यह प्रकृति और मानव जीवन के बीच संतुलन का भी संदेश देती है।





### कृषि मंत्री ने मुड़मा मेले की तैयारियों का लिया जायजा

# मेला आज, राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि साथ रहेंगे बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**



मांडर। ऐतिहासिक दो दिवसीय मुड़मा जतरा का उद्घाटन आज झारखण्ड के राज्यपाल संतोष गंगवार के द्वारा किया जायेगा, साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रतिपक्ष के नेता बाबू लाल मरांडी शामिल होंगे। इसकी सारी तैयारी जतारा संचालन समिति द्वारा पूरी कर ली गई है। धर्म गुरु बंधन तिग्गा ने बताया कि जतरा के समापन समारोह में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मौजूद रहेंगे। इस जतरा की तैयारी के लिए अंतिम रूप देने हेतु मंगलवार की शाम राज्य के कृषि,सहकारिता एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने जतरा स्थल का दौरा किया। धर्म गुरु बंधन तिग्गा के साथ मिलकर उन्होंने जतरा के सफल संचालन हेतु विचार विमर्श किया। वहीं स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारी को कई जरूरी दिशा निर्देश भी मंत्री के द्वारा दिया गया। इस क्रम में कृषि मंत्री ने पीतल से बनीं ढोल - नगाड़ा बेचते ग्रामीणों की मूर्ति और पीतल से बने मोर की खरीददारी की। जिले से जतरा के सफल संचालन हेतु अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है, वहीं उनके साथ देने के लिए जतरा संचालन समिति की ओर से हजारो स्वयंसेवकों को भी तैनात किया गया है। धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने बताया कि दिन के 2:00 बजे से 40 पाड़हा के पहान द्वारा शक्ति स्थल पर 40 दीप प्रज्वलित कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया जाएगा।

#### क्यों है ऐतिहासिक

बताते चलें कि : सदियों पूर्व यह स्थल मुंडा और उरांव के मिलन स्थल के रूप में जाना जाता है और इस समय से मुड़मा जतरा का इतिहास भी जुड़ा हुआ है यही कारण है की शक्ति स्थल तक पहुंचाने के लिए न केवल भारत के कोने-कोने से बल्कि भारत के पड़ोसी देश नेपाल और भूटान से भी श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं और इस जतरा में शिरकत करते हैं।

## लापुंग के लालगंज काली पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष बने चरकु साहु



**नवीन मेल संवाददाता**

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के लालगंज गांव में काली पूजा धुमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। 20 अक्टूबर को दीपावली की रात्रि में पूरे विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना किया जाएगा वहीं 22 अक्टूबर को दिन में ही रंगारंग नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर आयोजन समिति का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से चरकु साहु को अध्यक्ष चुन लिया गया। वहीं उपाध्यक्ष के रूप में महेश साहू एवं प्रदीप साहु, सचिव के पद पर अनिल साहु एवं सहसचिव के रूप में विकास साहु का चयन किया गया। जबकि कोषाध्यक्ष के रूप में कुलदीप साहु, संरक्षक के रूप में गोपाल महली, सुशील साहु, अनुप साहु, संदीप साहु एवं अवन्त लोहरा का चयन किया गया। वहीं कार्यसमिति के सदस्य के रूप में दीपेश्वर साहु, मनोज साहु, विक्रम साहु, पवन ठाकुर, फलिन्द्र हजाम, बुधराम उरांव, कमल साहु, बलिराम साहु, राजु साहु, कन्हैया साहु, चितरंजन बडाईक, बजरंग साहु, अरुण साहु, क्षितिज साहु तथा मुख्य व्यवस्थापक के रूप में शीबा साहु का चयन किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### तीन मृतक महिलाओं के स्वजनों को मजदूर नेता ने दी सहायता



**खलारी।** क्षेत्र में सामाजिक सरोकार और मानवता की मिसाल पेश करते हुए मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने बमने और मनातू गांव की तीन मृतक महिलाओं के परिवारों को सहायता प्रदान की। प्रखंड क्षेत्र के बमने गांव की बुधनी देवी और मंजुवा देवी तथा मनातू गांव की असवा देवी की हाल ही में बीमारी के कारण मृत्यु हो गई थी। इस दुखद समाचार की जानकारी मिलते ही अब्दुल्ला अंसारी स्वयं उनके घर पहुंचे। उन्होंने मृतक परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर उन्होंने तीनों परिवारों को श्राद्ध कर्म के लिए खाद्य सामग्री और आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने कहा कि दुःख की घड़ी में समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को आगे बढ़कर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। अब्दुल्ला अंसारी ने आश्वासन दिया कि आगे भी वे क्षेत्र के गरीब और असहाय परिवारों की सहायता के लिए तत्पर रहेंगे। स्थानीय ग्रामीणों ने उनके इस मानवीय प्रयास की सराहना की और कहा कि उन्होंने सामाजिक संवेदनशीलता का परिचय देकर मिसाल कायम की है।

### विश्रामपुर बड़कीटांड में बूढ़ी पूर्णिमा जतरा का हुआ आयोजन



**खलारी।** विश्रामपुर बड़कीटांड में पारंपरिक उल्लास और धार्मिक आस्था के साथ बूढ़ी पूर्णिमा जतरा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगनसिंह भोगता ने फीता काटकर जतरा का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी व रोहिणी परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार उपस्थित थे। इससे पूर्व सुबह में जतरा खूंटा में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना हुई। गणेश पाहन, दुलार गंझू और बालजीत गंझू ने मुर्गे की बलि देकर पूजा संपन्न कराई। बिगनसिंह भोगता ने कहा कि यह जतरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे हमारे पूर्वजों ने पीढ़ियों से संरक्षित रखा है। हमें अपनी परंपराओं और संस्कृति को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जतरा के अवसर पर नागपुरी आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकार महावीर नायक, अनिल मुंडा, चिंता देवी और रूबी देवी ने मनमोहक गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। जतरा स्थल पर पारंपरिक मिठाइयों, खिलौनों, श्रृंगार सामग्री और घरेलू सामानों की अनेक दुकानें सजी रहीं, जहां ग्रामीणों ने देर शाम तक खरीदारी का आनंद लिया। अन्य अतिथियों में मुखिया पुतुल देवी, दीपमाला कुमारी, सिस्टा एरिया अध्यक्ष देवपाल मुंडा और केंद्रीय सरना समिति मैकलुस्कीगंज अध्यक्ष कमल मुंडा आदि उपस्थित थे।

### चान्हो प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायत सेवक को दी गई विदाई



चान्हो। प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को एक समारोह आयोजित कर सेवानिवृत पंचायत सेवक नंदलाल महतो को विदाई दी गयी। इस अवसर पर बीडीओ बरुण कुमार समेत अन्य अधिकारियों व कर्मियों ने शॉल व बुके देकर उन्हें विदाई दी। वहीं, बीडीओ ने कहा कि नंदलाल महतो ने हमेशा अपनी जिम्मेवारियों को आगे बढ़कर निभाया है। विकास योजनाओं को समय पर पूर्ण करने के लिए लगातार तत्पर रहते थे. उन्होंने कहा कि वे एक अच्छे कर्मी थे। सेवा में आने के बाद सेवानिवृत होना एक प्रक्रिया है। वहीं, सेवानिवृत पंचायत सेवक ने कहा कि उन्होंने वर्षों तक सेवा में रहकर विभिन्न पंचायतों में जिम्मेवारी पूर्वक काम किया। अधिकारियों व सहकर्मियों से हमेशा सहयोग मिला। उन्होंने सहयोग के लिए सभी कर्मियों व अधिकारियों के धन्यवाद दिया. मौके पर बीपीओ गुंजन कुमार, बीएसओ बुधवा उरांव , सोहेल अख्तर, कलिम अंसारी , गोपाल दास ,रोहित कुमार, राजीव कुमार, विवेक कुमार, काजल साहु ,समेत दर्जनों कर्मी व अधिकारी मौजूद थे।

### मुड़मा जतरा मेला को लेकर मार्ग परिवर्तित



**रांची।** मुड़मा जतरा मेला को लेकर एनएच 39 ( रांची डाल्टेनगंज मार्ग ) में 8 व 9 अक्तूबर से मांडर के टांगरबसली मोड़ व रातू के काठीटांड़ से होगा रूट डाइवर्ट। पुलिस के अनुसार एनएच 39 मे 8 अक्तूबर की सुबह से वाहनों का रूट डाइवर्ट कर दिया जाएगा। लोहरदगा की ओर से आने वाले सभी वाहन टांगरबसली मोड़ से बेड़ो होते हुए रांची की ओर एवं रांची की ओर से आने वाले सभी वाहन काठीटांड़ से ठाकुरगांव होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाएंगे।

### बेघर हुए परिवार को तत्काल आवास व राहत सामग्री उपलब्ध करवाने की मांग

**बरही ।** प्रखंड 20सूत्री सदस्य सह कोल्हुआ कला पंचायत के पूर्व मुखिया रघुवीर यादव ने प्रखंड प्रशासन से बेघर हुए करगईयो निवासी रिंकी देवी पति रमेश यादव को अतिशीघ्र आवास मुहैया करवाने की मांग किया है. 20सूत्री सदस्य के अनुसार पीड़ित अत्यंत हीं निर्धन परिवार है. बीते दिन वारिस के कारण उनका कच्चा मकान पूरी तरह ढह गया. इस हादसे में घर में रखे सामग्री सहित घर के अंदर बंधा मवेशी भी घायल हो गया. स्थानीय लोगों की मदद से किसी प्रकार निकाला गया. वर्तमान में पीड़ित परिवार की हालात बिल्कुल दयनीय है. उनके दो छोटे बच्चे है. उन्हे तत्काल आवास सहित राहत सामग्री उपलब्ध करवाने की आवश्यकता है.

## शिक्षिका खुशबू शर्मा को शिक्षिका गार्गी मंजु सम्मान से किया गया सम्मानित



**सिल्ली।** डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल सिल्ली की संगीत शिक्षिका खुशबू शर्मा पीआरटी शिक्षिका सह मीडिया प्रभारी को गार्गी मंजु सम्मान से सम्मानित किया गया यह आयोजन टेंडर हार्ट विद्यालय टीपूदाना रांची में आयोजित किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के द्वारा शिक्षिका खुशबू शर्मा को सम्मानित किया गया तथा तारक मेहता के उल्टा चश्मा प्रख्यात कलाकार शैलेश लोढ़ा की ओर से एप्रिसिएशन सर्टिफिकेट भी दिया गया। इस प्रतिष्ठित समारोह में देशभर से 170 शिक्षकों का चयन किया गया। जिसमें डी. ए. वी. महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल सिल्ली की शिक्षिका खुशबू शर्मा का नाम भी शामिल होना विद्यालय के लिए गौरव की बात है। यह सम्मान शिक्षकों के उत्कृष्ट योगदान, निष्ठा और शिक्षा के क्षेत्र में उनके समर्पण को ध्यान में रखते हुए प्रदान किया गया। विद्यालय की प्राचार्या सुश्री बी. शरण ने इस उपलब्धि पर हार्दिक आशीर्वाद एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह हमारे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। श्रीमती खुशबू शर्मा ने अपने कार्य और समर्पण से विद्यालय का नाम रोशन किया है।

### कुड़मियों के एसटी मांग के विरोध में आदिवासियों ने निकाला आक्रोश मार्च

**सिल्ली।** आदिवासी भारत महासभा के प्रदेश संयोजक सावन मुंडा के नेतृत्व में विभिन्न आदिवासी सामाजिक संगठनों ने कुड़मी समुदाय के अनुसूचित जनजाति (एसटी) कोटा के मांग के विरोध में मंगलवार को जनआक्रोश रैली निकाली। यह रैली ग्राम विकास उच्च विद्यालय से शुरु होकर सिल्ली मेन रोड होते हुए सिल्ली प्रखण्ड कार्यालय पहुंची और सभा में परिवर्तित हुई। रैली में आदिवासी युवक-युवतियां,महिला-पुरुष पारंपरिक वेशभूषा के साथ शामिल हुए।एक तीर एक कमान, सभी आदिवासी एक समान,कुड़मी आदिवासी बनना बंद करो इत्यादि नारे गूंजे।

### उपायुक्त ने की टाना भगतों के साथ की बैठक

# टाना भगतों की मांगों पर समाधान का दिया गया आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने समाहरणालय स्थित सभागार में टाना भगत समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस बैठक में रांची सहित 5-6 जिलों से आए टाना भगत उपस्थित थे। बैठक में टाना भगतों ने अपनी विभिन्न मांगों और समस्याओं को उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री के समक्ष रखा। उन्होंने ने सभी मांगों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए विधिसम्मत एवं व्यावहारिक समाधान का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने कहा कि सरकार और जिला प्रशासन टाना भगतों की समस्याओं को संवेदनशीलता से हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि टाना भगत और प्रशासन मिलकर व्यवहारिक और कानूनी प्रस्ताव पर काम करें, तो सभी मुद्दों का स्थायी समाधान संभव है। उपायुक्त ने कहा कि टाना भगतों का स्वतंत्रता संग्राम और समाज निर्माण में अमूल्य योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने अंग्रेजों से आजादी की लड़ाई लड़ी थी, अब समय है नए अंग्रेजों यानी नशा, मादक पदार्थों की खेती और सामाजिक कुरीतियों से लड़ने का। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि वर्तमान समय में नशा, अफीम की खेती, डायन-बिसाही जैसी कुप्रथाएं, जड़ी-बूटी के नाम पर झोलाछाप इलाज, और हड़िया (स्थानीय शराब) समाज को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उस समय अंग्रेज थे और आज नशा-पान, अफीम की खेती और कुरीतियाँ हमारे समाज के नए अंग्रेज हैं। अगर टाना भगत ठान लें, तो इन बुराइयों को समाज से खत्म किया जा सकता है। उपायुक्त ने कहा कि टाना भगतों ने जिस तरह अंग्रेजों के खिलाफ सत्य, अहिंसा और अनुशासन के साथ लड़ाई लड़ी, उसी आत्मबल से अब समाज को नशा, अंधविश्वास और कुरीतियों से मुक्त करना होगा।

#### सौहार्दपूर्ण सहयोग पर दिया गया जोर

मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि टाना भगत तपस्वी और अनुशासित समुदाय हैं, और प्रशासन के साथ सहयोग कर वे समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। जिला प्रशासन उनके मांगों के समाधान के लिए समर्पित भाव से कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि संवेदनशील शासन और जागरूक समाज मिलकर ही समृद्ध झारखंड का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने टाना भगतों से सामाजिक सुधार के लिए प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की अपील की। बैठक में अपर जिला दण्डाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय एवं सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

### राजकीय उत्क्रमित मवि चंपाडीह में विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रशिक्षण का हुआ समापन

# जिन विद्यालयों में प्रबंधन समिति के सदस्य जागरुक होंगे वहां पठन पाठन व अनुशासन भी बेहत्तर होगा : सुनील

- विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन की प्रकिया और अहर्ता, विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिकाओं के संदर्भ में जानकारी दी गई

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेड़ो।** लापुंग प्रखंड के ककरिया संकुल अन्तर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चम्पाडीह में विद्यालय प्रबंधन समिति का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर दो दिनों तक गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अलग-अलग सत्रों में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को उनके कार्य एवं जिम्मेवारी, विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन की प्रकिया और अहर्ता, विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिकाओं के संदर्भ में जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रशिक्षण देते हुए संकुल साधन सेवी सुनील कुमार गुप्ता ने कहा कि जिन विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य जागरुक एवं क्रियाशील होंगे विद्यालय में पठन पाठन एवं अनुशासन भी बेहतर होगा। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, नई शिक्षा नीति और पाठ्यक्रम का नया पैटर्न, निपुण भारत कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में चलने वाली एफएलएन कार्यक्रम, अनुपस्थिति समस्या एवं समाधान, शिशु गणना एवं शिशु पंजी का कार्य, वार्षिक बजट योजना, विद्यालयों में चलने वाले योजनाओं का क्रियान्वयन एवं बैठक पंजी सहित अन्य पंजियों का रखरखाव, बच्चों के लिए सरकार की योजनाओं एवं उसके क्रियान्वयन में एस एम सी की भूमिका सहित कई विषयों पर जानकारी दी। इस मौके पर विधायक की प्रधान शिक्षिका सागेन होरो, वार्ड सदस्य मुनिता मुंडा, अध्यक्ष सोमरा पहान, सहायक शिक्षक अगुस्टीन लकड़ा, धनेश्वरी देवी, दीपक महतो, बाल संसद के प्रधानमंत्री महेंद्र लोहरा, आशा उरांव, रेवती देवी, बिरा उरांव, सान्दु मुंडा, पंचमी उरांव, अनुज राम, मोदोन धनवार, संगीता उराईन, अनिता देवी, रश्मि उरांव सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।

## खलारी पुलिस ने पेट्रोल पंप संचालकों के लिए जारी किया सुरक्षा दिशा-निर्देश



खलारी। हाल के दिनों में पेट्रोल पंपों पर चोरी, छिनतई और असामाजिक गतिविधियों की घटनाओं को देखते हुए खलारी थाना पुलिस ने क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंप संचालकों और प्रबंधकों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मंगलवार को थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक जयदीप टोप्पो की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पंप संचालकों को कहा गया कि सभी पेट्रोल पंपों पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और वे 24 घंटे चालू स्थिति में रहें। कैमरों की स्थिति ऐसी हो कि पूरे पंप परिसर और आसपास का क्षेत्र स्पष्ट रूप से रिकार्ड हो सके। पुलिस ने निर्देश दिया कि पंप पर पर्याप्त रोशनी, प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड, और बैंक की तरह अलार्म सिस्टम की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए। साथ ही एक रजिस्टर रखा जाए, जिसमें पुलिस गश्ती दल अपनी उपस्थिति दर्ज करें। थाना प्रभारी ने कहा कि पंप परिसर में आपातकालीन संपर्क नंबर बोर्ड पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किए जाएं और किसी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दी जाए। नकद लेनदेन कम रखने और ग्राहकों को डिजिटल भुगतान के लिए प्रोत्साहित करने की भी सलाह दी गई।

**प्रतिभा सम्मान**

### पांच दिवसीय 'खस्सी सह प्राइज मनी फुटबॉल प्रतियोगिता' का हुआ समापन

# भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

- आयोजन समिति ने खिलाड़ियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया और अगले वर्ष और भी बड़े स्तर पर इस प्रतियोगिता के आयोजन का संकल्प लिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**मांडर।** जय सरना क्लब बढ़ेया द्वारा आयोजित पांच दिवसीय 'खस्सी सह प्राइज मनी विशाल फुटबॉल प्रतियोगिता का मंगलवार को अत्यंत भव्य और रोमांचक समापन हुआ। इस प्रतियोगिता ने क्षेत्र में फुटबॉल के प्रति जुनून और उत्साह का शानदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए।मुख्य अतिथि ने किया खेल का शुभारंभ : समापन दिवस का मुख्य आकर्षण फाइनल मैच रहा, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सन्नी टोप्पो ने किया। श्री टोप्पो ने मैदान पर पहुंचकर सबसे पहले दोनों फाइनलिस्ट टीमों टी वी एस शोरूम मांडर व आदिवासी छात्र संघ झिझंरी के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका परिचय प्राप्त कर फुटबॉल को किक मारकर मैच की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। यह प्रतियोगिता अपने अनूठे पुरस्कारों के लिए विशेष रूप से चर्चा में रही, जिसमें नकद राशि के साथ-साथ खस्सी देने की परंपरा ने इसे और भी आकर्षक बना दिया। विजेता टीम को एक बड़ा खस्सी और 25,000 रुपये की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। उपविजेता टीम को भी एक खस्सी के साथ 12,000 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

इसके अलावा, अन्य टीमों का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा, जिन्हें निम्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गयाः तृतीय स्थानः एक खस्सी और 5,000 रुपये। चतुर्थ स्थानः एक खस्सी और 4,000 रुपये। पाँचवा एवं छठा स्थानः एक-एक छोटा खस्सी व ट्रॉफी रखा गया है। इस तरह का आयोजन आगे भी होगा।

#### सन्नी टोप्पो ने बढ़ाया खिलाड़ियों का मनोबल

पुरस्कार वितरण के बाद अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सन्नी टोप्पो ने इस सफल आयोजन के लिए जय सरना क्लब बढ़ेया की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है और यह हमें टीम भावना और मुश्किल परिस्थितियों का सामना करना सिखाता है। श्री टोप्पो ने आगे कहा,इस तरह की प्रतियोगिताएं न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देती हैं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के माहौल को भी मजबूत करती हैं। युवा ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने के लिए खेल सबसे बेहतरीन माध्यम है।उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए भविष्य में और भी बड़े मंचों पर खेलने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, खेल प्रेमियों और भारी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति ने पूरे मैदान को उत्सव का रूप दे दिया था।

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर उपायुक्त ने किया रवाना

# जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राष्ट्रीय पोषण माह 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक मनाया बनाया जा रहा है जिसका लक्ष्य कुपोषण मुक्त झारखंड का निर्माण करना है। इस संबंध में उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज द्वारा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर आम जनों को पोषण के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में मंगलवार को उपयुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज द्वारा जिला समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता रथ के द्वारा जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र में जाकर ग्रामीण व आम जनों को राष्ट्रीय पोषण माह के उद्देश्य सहित पोषण संबंधित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। मौके पर उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखों से जागरूकता रथ के रोस्टर आदि की जानकारी ली एवं जागरूकता रथ के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य उपस्थित थे।

ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने के तहत बड़ी पहल

## बाह्यश्रोत से प्रतिनियुक्त हिमांशी को उपायुक्त ने सौंपा नियुक्ति पत्र



**रामगढ़।** ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने एवं उन्हें विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज द्वारा कई दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में ट्रांसजेंडर समूह को मुख्य धारा से जोड़ने के तहत बड़ी पहल की गई है जिसके तहत उपायुक्त द्वारा मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में बाह्यश्रोत से प्रतिनियुक्त ट्रांसजेंडर हिमांशी को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। ट्रांसजेंडर हिमांशी को जिला समाहरणालय में आदेश पाल के पद पर कार्य करने हेतु बाह्यश्रोत के माध्यम से प्रतिनियुक्त किया गया है। गौरतलब है की उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा सभी ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए स्वयं सहायता समूह का भी निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो, ट्रांसजेंडर समूह के लोगों सहित अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में आज साहेब श्री गुरु रामदास जी का मनाया जाएगा प्रकाश उत्सव



**रामगढ़।** शहर के श्री गुरुद्वारा साहिब में साहिब श्री गुरु रामदास जी का प्रकाश उत्सव बड़े ही धूमधाम से बुधवार को मनाया जाएगा। सुबह का दीवान की समाप्ति 9:00 बजे होगी इसके बाद चाय नाश्ते का लंगर बांटा जाएगा। शाम को 6:30 बजे रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाया जाएगा। जिसमें साध संगत द्वारा कीर्तन, कथा, अरदास, सुखासन, रामगढ़ दी समूह साध संगत दे द्वारा होगा। इस दीवान की समाप्ति रात को 9:30 बजे होगा जिसके उपरांत गुरु का लंगर अटूट बरतेगा। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान ने सभी साध संगत से बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लेने की अपील की है।

### मारपीट गाली गलौज व तोड़फोड़ मामले में नौ लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**बरही।** बीते 3 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे बरसोत पंचायत के श्रीनगर के एक विधवा के घर में घुसकर मारपीट, गाली गलौज और तोड़फोड़ का मामला सामने आया था. मामले को लेकर पीड़ित शंकर शर्मा पिता स्व. बाबूलाल ठाकुर ने बरही थाना में कांड संख्या 373/2025 में प्राथमिकी दर्ज कराई है. शिकायत में उन्होंने बिनोद ठाकुर, ओम प्रकाश ठाकुर, पप्पू ठाकुर, आलोक ठाकुर, निशु कुमारी, मीनू देवी, बिमल ठाकुर, टिंकू ठाकुर और मुनवा मसोमात पर घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और सामान तोड़ने का आरोप लगाया है. बरही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. इधर मामले को लेकर नामजद लोगों से सम्पर्क किया गया लेकिन उनसे संपर्क नही हो पाया.

### चुटियारो की टीम छह रन से मैच जीती

**बरही।** बरही के गुड़ियो शिवांगी धाम मैदान में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन हुआ। जिला परिषद के उपाध्यक्ष किशुन यादव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो कैयूम, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, मुखिया मंसूर आलम ने फीता काटकर उद्घाटन किया। नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजक नवयुवक क्लब गुड़ियो है। अतिथियों ने कहा कि नवयुवक क्लब ने इस तरह के खेल आयोजन कर ग्रामीण क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने का काम किया है। टूर्नामेंट की शुरुआत रोमांचक क्रिकेट मैच से हुई। पेंडला की टीम और चुटियारो की क्रिकेट टीम मैदान में उतरी। चुटियारो की टीम ने पास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 101 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने के लिए उतरी पेंडला की टीम 8 ओवर में 95 रन बनाकर आउट हो गई। चुटियारो की टीम 6 रन से मैच जीत गई। इस मौके पर पूर्व मुखिया दशरथ यादव, रोहित यादव, रघु मोदी, सहदेव शर्मा, सुनील यादव, इंद्रदेव प्रसाद, वैजनाथ यादव, मुन्ना यादव, सुशील यादव, अनूप मोदी, कुलदीप यादव, मुकेश पासवान, कार्तिक पासवान, मुख्तार मियां, इलियास मियां, विनोद यादव समेत अनेक लोग मौजूद थे।

### महिलाओं ने जलापूर्ति की मांग को लेकर उत्पादन कार्य बाधित किया

**गिद्दी।** गिद्दी गोल्डन क्लब कॉलोनी और आस पास कॉलोनी की महिलाओं ने मंगलवार को जलापूर्ति की मांग को लेकर गिद्दी ए परियोजना का उत्पादन कार्य बाधित किया। दर्जनों महिलाओं ने गिद्दी ए परियोजना के खदान में मंगलवार को साढ़े 11 बजे से लेकर सवा 12 बजे तक उत्पादन कार्य में लगी हॉलपेक रोक कर काम काज बाधित किया। बाद में गिद्दी ए पीओ के मौके पर पहुंच कर फिल्टर प्लांट का ट्रांसफार्मर ठीक करके जलापूर्ति शुरू कराने का आश्वासन दिए जाने के बाद महिलाएं काम काज चालू करने दिया। महिलाओं ने बताया गिद्दी ऑफिसर कॉलोनी स्थित वाटर फिल्टर प्लांट में जलापूर्ति के लिए लगा ट्रांसफार्मर 23 सितंबर को थंडरिंग से जल गया था। जिससे फिल्टर प्लांट से गिद्दी पहाड़ी टंकी में जलापूर्ति नहीं हो रहा था। जिसके कारण पहाड़ी टंकी से जलापूर्ति होने वाले क्वार्टर में पूरी तरह से जलापूर्ति ठप थी और लोगों को पानी के लिए परेशानी हो रही थी। गिद्दी परियोजना का काम काज बाधित करने में बलविंद्र कौर, मुन्नी सिंह, ममता देवी, गुड़िया देवी, उषा देवी, गुंजा देवी, रंजिता देवी, बबिता देवी, अनिता देवी, सुनीता देवी, सबिता देवी, नैना देवी, रीचा देवी, पारो देवी शामिल थीं।

### पुल के पुनर्निर्माण के लिए शीघ्र डीपीआर तैयार कर तकनीकी स्वीकृति देने की मांग की

**गिद्दी।** बड़कागांव विधायक रौशनलाल चौधरी ने प्रधान सचिव पथ निर्माण विभाग झारखंड सरकार रांची को पत्र लिखकर गिद्दी भुरकुंडा मार्ग पर दामोदर नदी पुल के पुनर्निर्माण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। जिसमें विधायक रौशनलाल चौधरी ने कहा है गिद्दी-भुरकुंडा मार्ग पर दामोदर पुल क निर्माण 1985-86 में कराया गया था। जो चार दशक से अधिक समय बितने के बाद पुल अत्यंत जर्जर हो गया है। इस पर भारी वाहनों के आवागमन से पुल में दरारें उत्पन्न हो गई है। लोहे के गार्डर जंग खा चुके हैं। ऐसी स्थिति में कभी भी बड़ी दुर्घटना की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसलिए इस पुल के पुनर्निर्माण हेतु शीघ्र डीपीआर तैयार कर तकनीकी स्वीकृति प्रदान करते हुए आवश्यक प्राकल्लन तैयार कराया जाए। ताकि सीसीएल से निधि उपलब्ध कराई जाए और पुल का निर्माण कार्य शुरू हो सके। कहा यह पुल आम लोगों के साथ सीसीएल के परिवहन के लिए जरुरी है।

### भाजपाईयों ने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष को किया सम्मानित

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ इकाई का प्रतिनिधिमंडल राज्यसभा सांसद डॉ आदित्य प्रसाद साहू के ओरमांझी स्थित कुच्चू आवास पहुंचे। इस दौरान प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर बधाई दिया गया। साथ ही बुके, अंग वस्त्र और कैप पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि कुछ भी हैं वो आप कार्यकर्ताओं के प्यार और स्नेह के बदौलत ही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक मात्र राजनीति संगठन है, जहां बूथ के कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय पटल पर अपनी छाप छोड़ जाता है। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण दायित्व देकर राष्ट्रीय नेतृत्व ने जो भरोसा मुझ पर जताया है, उस पर खरा उतरने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जगत प्रकाश नड्डा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विधायक एवं अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष किशुन दास, राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलपति बी एन सिंह, ओबीसी मोर्चा के रांची प्रभारी जगेश्वर प्रजापति, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रंजन फ़ौजी, महेंद्र प्रजापति, जगदीश शर्मा आदि मौजूद थे।

## संघ परिवार ने धूमधाम से मनाई शरद पूर्णिमा, शामिल हुए विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शिवाजी इकाई बरही की ओर से शरद पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम का आयोजन भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के परिसर में किया गया था. कार्यक्रम की शुरुआत संध्या 7 बजे संपत से हुआ. उसके बाद सभी स्वयं सेवकों के बीच चार विभिन्न गण में खेल कूद का आयोजन किया गया. मौके पर हजारीबाग के ताराकांत शुक्ला ने बौद्धिक दिया. उन्होंने बताया कि आरएसएस शरद पूर्णिमा को एक महत्वपूर्ण त्योहार के रूप में मनाता है. जो हिंदू संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देता है. यह त्योहार लोगों को एकजुट करने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का अवसर प्रदान करता है.विकिरा के बाद खीर, पूड़ी, का लुप्त सभी स्वयं सेवक ने उठाया. इस अवसर पर भाजपा विधायक मनोज कुमार यादव, क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव, कोडरमा जिला सह संघचालक दयानंद चौरसिया, जिला व्यवस्था प्रमुख राजेश केशरी, गुरुदेव गुप्ता मंडल करवा दिलीप राणा, शाखा करवा सुभाष कुमार, नंदकिशोर कुमार, निरंजन केशरी आदि कई लोग मौजूद थे.

## उपायुक्त के निर्देश पर विभिन्न खदानों में हुआ फर्स्ट एड उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर रामगढ़ जिला अंतर्गत 2 लाख लोगों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट देने हेतु प्रशिक्षण दिया जाना है। इसे लेकर पूर्व में जिला स्तर पर सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने को लेकर प्रशिक्षण देकर 3229 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। उपायुक्त के निर्देश पर 29 सितंबर 2025 तक जिले में 1 लाख 30 हज़ार लोगों को सीपीआर एवं फर्स्ट एड प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसी क्रम में मंगलवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत पीवीयूएनएल पतरातु, सीसीएल चरही, जीवीटीसी तापीन में सीपीआर एवं फर्स्ट एड उपचार संबंधित प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मौके पर कर्मियों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों में सीपीआर देने एवं फर्स्ट एड उपयोग को लेकर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों जैसे कार्डियक अरेस्ट, वज्रपात, डूबना, शॉक, सांप का काटना एवं दुर्घटना जैसी परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया एवं सभी की दुविधाओं को दूर किया गया।

## मृतक के परिजनों को सांसद प्रतिनिधि ने न्याय का भरोसा दिलाया

**हजारीबाग।** नवरात्रि की अष्टमी से लापता युवक रोहित साव का शव सोमवार को ओकनी देवी मंडप रोड स्थित एक अर्धनिर्मित मकान के पीछे बरामद होने के बाद परिजन और स्थानीय लोग आक्रोशित हो उठे। पहले सड़क जाम किया। फिर सोमवार की शाम लगभग 4:30 बजे परिजन सांसद मनीष जायसवाल के कार्यालय पहुंचे और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। सांसद मनीष जायसवाल उस समय शहर से बाहर थे, किंतु उन्होंने घटना की गंभीरता को देखते हुए तुरंत अपने लोकसभा प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह एवं सह प्रतिनिधि विनोद झुनझुनवाला को कार्यालय परिसर पहुंचकर परिजनों से मिलने और प्रशासनिक स्तर पर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। उनके निर्देश के पश्चात दोनों प्रतिनिधि कार्यालय पहुंचे और परिजनों से विस्तृत वार्ता की। इस दौरान लोहसिघना थाना प्रभारी भी कार्यालय परिसर पहुंचे, जहाँ शांतिपूर्ण माहौल में बातचीत हुई। वार्ता के उपरांत परिजन संतुष्ट नजर आए और उन्होंने शव का अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया। लोहसिघना थाना प्रभारी निशांत केरकेट्टा ने त्वरित राहत के रूप में परिजनों को 10,000 रुपए की सहायता राशि दी गई। वहीं सीओ आशुतोष कुमार ने मंगलवार को 20,000 रुपए की अतिरिक्त सहायता प्रदान किए जाने की घोषणा की। इधर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। वह शीघ्र ही हजारीबाग लौटकर मृतक के परिजनों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करेंगे तथा उन्हें हरसंभव सहयोग और न्याय दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे। दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

धूमधाम से मनाई गई शहीद भगत सिंह की जयंती

## शहीदों का बलिदान युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है : पूर्व विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही/ चौपारण।** पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने अपने चौपारण स्थित आवासीय प्रांगण में अमर शहीद भगत सिंह की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई. इस अवसर पर देशभक्ति का माहौल चारों ओर छाया रहा. मौके पर ही पूर्व विधायक श्री अकेला के पौत्र और चौपारण जिप सदस्य रवि शंकर अकेला के ज्येष्ठ पुत्र भगत सिंह का भी जन्मोत्सव भी धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया. जिसमें हजारों की संख्या में चौपारण, बरही, पदमा, चंदवारा और हजारीबाग के लोग शामिल हुए. जिनका पूर्व विधायक श्री अकेला स्वयं गेट पर खड़े होकर स्वागत किया. कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि से हुई. पूर्व विधायक के पोते ने भी अपने दादा व पिता संग आवासीय परिसर स्थापित शहीद भगत सिंह व चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी. उन्होंने अपने बलिदान से पूरे देश को देशभक्ति, साहस और आत्मबल का संदेश दिया था. उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है. आज हमें उनके विचारों को अपनाने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है. आज के इस अवसर पर उन्हे दोहरी खुशी है एक ओर अमर शहीद की जयंती और दूसरी ओर मेरे पौत्र भगत सिंह का जन्मोत्सव. मुझे गर्व है कि मेरे पोते का नाम ऐसे महान क्रांतिकारी के नाम पर रखा गया है.

### मारवाड़ी युवा मंच की ओर से वाकअथोन का आयोजन

**रामगढ़।** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट और चेतना शाखा की ओर से वाकअथोन का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय मरवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय अभियान के तहत देशभर की 850 से अधिक शाखाओं में एक साथ आयोजित हुआ।रामगढ़ कैंट में आयोजित वाकअथोन के मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने शिरकत की। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में स्वास्थ्य जागरूकता और सकारात्मक सोच को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में मंच के सदस्यों के साथ-साथ स्थानीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में तख्तियां लेकर स्वास्थ्य, नशामुक्ति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आयोजन के दौरान शहर में उत्साह और जागरूकता का माहौल देखने को मिला।

**प्रतिभा प्रदर्शन** राज्य स्तरीय कला उत्सव कार्यक्रम में छात्रों का बेहतरीन प्रदर्शन

## विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ कला और संस्कृति में भी आगे बढ़ें : कुमारी नीलम

- **ऋषि कुमार नायक ने राज्य भर में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इन्होंने बांसुरी बनाकर राज्य परियोजना निदेशक की उपस्थिति में बांसुरी बजाकर भी दिखाया**



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग भारत सरकार एवं शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को जे.सी.ई.आर.टी.रांची में राज्यस्तरीय कला उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मूर्ति कला, स्वदेशी खेल खिलौना,सामूहिक पाईका लोक नृत्य, चित्रांकन, भारत नाट्यम, शास्त्रीय संगीत, कहानी वाचन, ड्रामा , दृश्य कला जैसे कई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रामगढ़ जिला के बच्चों ने का शानदार प्रदर्शन रहा। जिले से कुल 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। स्वदेशी खेल खिलौना प्रतियोगिता में श्री नारायण उच्च विद्यालय बरकाकाना के ऋषि कुमार नायक ने राज्य भर में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इन्होंने बांसुरी बनाकर राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन सहित अतिथियों के उपस्थिति में बांसुरी बजाकर भी दिखाया। एकल स्वर संगीत प्रतियोगिता में श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ की छात्रा धनवी कौशल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। समूह वादन प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ के छात्र अनिरुद्ध प्रताप जायसवाल, विधि अग्रवाल, आदिव प्रसाद, अद्विक प्रसाद ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। समूह नाटक प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल बरकाकाना के अभिषेक जॉर्ज, प्रणव भारती, प्रसिद्धि झा, रिद्धिमा ने तीसरे स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग ने ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य स्तरीय कला उत्सव कार्यक्रम में रामगढ़ जिला के बच्चों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। यह जिला के लिए गौरव का क्षण हैं। बच्चे पढ़ाई के साथ कला और संस्कृति में भी आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर सरकार दे रही है। वहीं जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार ने कहा कि बच्चों के अंदर बहुत प्रतिभा होती है। कला उत्सव कार्यक्रम हुनर और हमारी रुचि के अनुसार हम अपने जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। यह जीवन में बड़ा अवसर है। एडीपीओ नलिनी रंजन, एपीओ इप्शिता तिर्की, कुमार राज, कला उत्सव के नोडल शिक्षक राजकुमार नायक, नागेश्वर महतो लवली विनीता कविता करमाली, अनुपा पुष्पा तिर्की, रीना चौधरी, विनय कुमार अग्रवाल सहित जिले भर के कई शिक्षकों ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## तिरंगे में लिपटकर घर लौटा बीएसएफ जवान का शव, शोक में डूबा चौपारण

**चौपारण।** चौपारण का बहादुर जवान अमित सिंह डेंगू से जिंदगी की जंग हार गया। कोल्हुआ निवासी बीएसएफ जवान अमित का दिल्ली में इलाज के दौरान विगत शनिवार को असामयिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे चौपारण क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को उनका पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटकर पैतृक गांव पहुंचा, तो हर आंख नम थी और पूरा माहौल गमगीन हो गया। बीएसएफ के विशेष विमान से दिवंगत का पार्थिव शरीर दिल्ली से रांची लाया गया, जहां से बीएसएफ के वाहन से उन्हें उनके गांव कोल्हुआ पहुंचाया गया। रांची से गांव तक के रास्ते में जगह-जगह लोग अपने वीर सपूत के अंतिम दर्शन के लिए कतार में खड़े रहे। जैसे ही पार्थिव शरीर केंदुआ गांव पहुंचा, परिजनों की चीख-पुकार से इलाका गूंज उठा। देर शाम बीएसएफ और चौपारण पुलिस की मौजूदगी में पूरे सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी गई। मौके पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव, डीएसपी अजित कुमार विमल, सीओ संजय यादव, सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, समाजसेवी हरिश्चंद्र सिंह, भाजपा नेता रमेश ठाकुर, राजदेव यादव, रामस्वरूप पासवान, जनमेजत सिंह, आशीष सिंह, रामचन्द्र सिंह समेत कई गणमान्य लोग और सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। अभी दो महीने पहले ही अमित के पिता का निधन हुआ था। परिवार उस गम से उबर भी नहीं पाया था कि छोटे बेटे की मौत ने उन्हें तोड़कर रख दिया। अमित अपने पीछे पत्नी, एक बेटा, एक बेटी और भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके बड़े भाई भी बीएसएफ में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अमित देश सेवा के लिए समर्पित थे, पिता के श्राद्ध कर्म के दौरान ऑपरेशन सिंदूर के लिए उन्हें विभाग से बुलाया आया। वे सबकुछ छोड़कर तुरंत ड्यूटी पर निकल पड़े थे। उन्होंने पुत्र धर्म से ज्यादा देश सेवा में जाना उचित समझा। सीमा सुरक्षा में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए वे हमेशा याद किए जाएंगे। पिता के पार्थिव शरीर के पास रोते-बिलखते बेटे ने कहा, पिता को खोने का गम असहनीय है, लेकिन मुझे अपने पिता पर गर्व है जिन्होंने देश सेवा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

### वाहन चेकिंग के नाम पर बांसजोर पुलिस ने बंद कर रखा है NH 143

# गड्ढों और कीचड़ से वाहन और लोग परेशान फिर भी प्रशासन मौन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** बांसजोर ओपी क्षेत्र अंतर्गत एन एच 143 की स्थिति दिन प्रतिदिन बद से बदतर होती जा रही है। सड़क की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि लोगों को हर दिन जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है। गड्ढों, धूल और कीचड़ से भरी इस सड़क पर अब सफर करना लोगों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं रह गया है।स्थानीय बांसजोर पुलिस ने एन एच 143 को वाहन जाँच के नाम पर बंद कर रखा है। और पुलिस निर्मित चेक पोस्ट से होकर डायवर्सन मार्ग पर वाहनों का आवागमन जारी है। यह चेक पोस्ट अब पुलिस जांच केंद्र बन चुका है, जहाँ वाहन चालकों को आए दिन रोककर जाँच की जाती है। इस जांच व्यवस्था ने पहले से परेशान यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ा दी है। सड़क पर हर समय धूल का गुबार उड़ता रहता है। आसपास के घरों में रहने वाले लोग और दुकानदार लगातार धूल फांकने को मजबूर हैं। लोगों का कहना है कि प्रदूषण इतना बढ़ गया है कि सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। इससे स्कूल जाने वाले बच्चे और ऑटो चालकों को रोज इस खस्ताहाल सड़क से गुजरना पड़ता है। जगह-जगह गड्ढे और कीचड़ के कारण कई बार बच्चों के साथ दुर्घटना होते-होते बची है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऑटो और छोटी गाड़ियों के नीचे के हिस्से टकराकर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, जिससे वाहन मालिकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। सड़क की दयनीय स्थिति का सबसे ज्यादा असर आपातकालीन सेवाओं पर पड़ रहा है। एंबुलेंस को अस्पताल तक पहुँचने में भारी दिक्कत होती है। कई बार सड़क के गड्ढों में फंस जाने से मरीजों की स्थिति और गंभीर हो जाती है।



### प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर सवाल

स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार इस समस्या की शिकायत जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से बंद एन एच 143 को खोलने और जर्जर सड़क की मरम्मत करने का आग्रह किया है। सोमवार को बांसजोर चेकपोस्ट के पास एक बड़ा हादसा टल गया। प्रशासन द्वारा एन एच-143 मुख्य मार्ग को बंद कर डायवर्शन से सभी प्रकार के वाहनों को गुजारने के आदेश के बाद एक विशाल मालवाहक वाहन कीचड़ भरे और ऊबड़-खाबड़ रास्ते में अनियंत्रित होकर एक ओर झुक गया। वाहन में लदे भारी स्टील गार्डर सड़क के किनारे जा गिरे। स्थानीय लोगों के अनुसार यह घटना पूरी तरह प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है। मेन रोड बंद होने से ट्रक, बस और अन्य वाहन तंग व क्षतिग्रस्त रास्तों से होकर गुजरने को मजबूर हैं। बारिश के कारण सड़क पर फिसलन और बड़े बड़े गड्ढे बढ़ने से रोज हादसे का खतरा बना हुआ है। वहीं नाम नहीं देने के शर्त में आवागमन कर रहे चालकों का कहना है कि वह बिना वैकल्पिक सुरक्षित मार्ग बनाए पुलिस ने मुख्य मार्ग बंद कर दिया, अब नुकसान और परेशानी हम भुगत रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि जब तक सड़क पूरी तरह दुरुस्त नहीं हो जाती, डायवर्शन के बजाय मुख्य सड़क को आंशिक रूप से चालू किया जाए, ताकि भारी वाहनों को राहत मिल सके और दोबारा ऐसी घटनाएँ न हों।फिलहाल, इस हादसे के बाद परिवहन चालकों एवं ग्रामीणों में आक्रोश है और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

## अत्यधिक वर्षा से धान की फसल में रोग, किसान हुए परेशान

**कुरडेग।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही भारी वर्षा से किसानों की धान की फसल पर विपरीत असर पड़ा है। लबडेरा गांव के किसान राजनारायण प्रसाद के खेतों में रोग के प्रकोप से कई एकड़ में लगी धान की फसल बर्बाद हो गई है। किसान ने बताया कि आठ एकड़ भूमि में लाखों रुपये की लागत से धान की खेती की थी, लेकिन अतिवृष्टि के कारण फसल में रोग लग गया। उन्होंने बताया कि दवा का छिड़काव कराने के बावजूद कोई प्रभाव नहीं हुआ, जिससे बालियां निकलने के समय ही फसल सूखकर नष्ट हो गई।राजनारायण प्रसाद ने कृषि विभाग से खेतों में आकर स्थिति का आकलन करने और उचित मुआवजा देने की मांग की है।वहीं घाघमुंडा गांव के किसान विनय कुमार ने भी बताया कि सात एकड़ में धान की खेती की थी, परंतु लगातार बारिश से फसल गिरकर कीचड़ में बदल गई। फसल बालियां निकलने के समय ही सड़ने लगी, जिससे भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

## महिलाओं के सशक्तिकरण व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**कोलेबिरा।** समुदायिक वन शासन संस्थान द्वारा मंगलवार को संयुक्त महिला कार्यक्रम के सहयोग से महिलाओं के सशक्तिकरण पर उम्मीदों के पंख प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कोलेबिरा प्रखंड के एस.एस. प्लस टू स्टेडियम हॉल में किया गया।कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सहायक निदेशक तानिया डिसूजा ने महिलाओं को उनके अधिकारों, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक भागीदारी से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। उन्होंने कहा कि "महिलाओं की सच्ची ताकत उनके आत्मविश्वास और जागरूकता में निहित है, जो समाज में समानता और विकास की दिशा तय करती है। इस प्रशिक्षण में कोलेबिरा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों की महिलाएं शामिल हुईं, जिनमें सुर्यामनी भगत, सरिता, सुबरदानी लुगुन, मुल्यानी डांग सहित कई प्रतिभागी उपस्थित रहीं।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को लैंगिक समानता, आत्मनिर्भरता, सुरक्षा और शिक्षा के महत्व पर संवादात्मक सत्रों के माध्यम से मार्गदर्शन दिया गया।संयुक्त महिला कार्यक्रम एक सामाजिक संस्था है जो वर्ष 2004 से देशभर में महिलाओं और बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा तथा समान अवसरों के लिए कार्य कर रही है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को मृत्यु तक कारावास और 56500 जुर्माना की सजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** प्रधान जिला जज सह विशेष न्यायाधीश पोक्सो राजीव कुमार सिन्हा की अदालत ने नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने वाले एक अभियुक्त वासुदेव लोहरा को आजीवन कारावास(मृत्यु तक) व 56500 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। बताया गया कि जलडेगा थाना क्षेत्र में विगत 4 फरवरी 2023 को 11 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करते हुए पीड़िता की माँ ने पड़ोस में रहने वाले बासुदेव लोहरा को देखा था। जिसके बाद आरोपी बासुदेव नाबालिक बच्ची के मां के साथ मारपीट कर भाग गया था। बच्ची ने अपनी मां को बताया कि बासुदेव लोहरा जो बच्ची का रिश्ते में जीजा लगता है,ने एक महीने से हर दिन दुष्कर्म करता और जान से मारने की धमकी देकर उसके मुंह को बंद कर देता था। बच्ची भय के कारण अपने परिजनों को कुछ नही बताई थी,लेकिन 4 फरवरी 2023 को जब पीड़ित बच्ची की मां दोपहर में अचानक घर पहुंची तब देखा कि घर के किचन में बासुदेव लोहरा उसकी 11 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म कर रहा। तब पूरा मामला प्रकाश में आया। जिसके बाद पीड़िता की मां ने जलडेगा थाना में कांड संख्या 09/2023 के तहत बासुदेव के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए बासुदेव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की तरफ से लोक अभियोजक अमर चौधरी ने साक्ष्य के साथ 15 गवाह प्रस्तुत किए जिसके आधार पर पीडीजे सह विशेष न्यायाधीश पोक्सो राजीव कुमार सिन्हा की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद बासुदेव लोहरा को दोषी करार देते हुए आजीवन(मृत्यु तक) कारावास और 56500 जुर्माने की सजा सुनाई।

## नदी,तालाब,नाला,डैम व जलस्रोतों पर अतिक्रमण की स्थिति से संबंधित पीडीजे ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से मंगलवार को जिले के सभी अंचलाधिकारियों एवं नगर परिषद प्रशासकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने की। उच्च न्यायालय ने राज्य के सभी जिलों से नदी,तालाब,नाला,डैम आदि जलस्त्रोतों पर अतिक्रमण की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट मांगी है। इसी क्रम में यह समीक्षा बैठक बुलाई गई थी। बैठक में अंचलाधिकारियों ने जानकारी दी कि जिले में किसी भी प्राकृतिक जलस्त्रोत जैसे कि नदियों,तालाबों,नालों या डैम पर अतिक्रमण नहीं हुआ है। ग्राम पंचायतों के माध्यम से इन क्षेत्रों को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने का सतत प्रयास किया जा रहा है। साथ ही इन स्थलों पर कचरा डंप करने जैसी गतिविधियों पर भी निगरानी रखी जा रही है। प्रधान जिला जज ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जलस्त्रोतों के सौंदर्यीकरण हेतु ठोस पहल की जाए,ताकि इनका महत्व और उपयोगिता बनी रहे। साथ ही सभी स्थानों पर सूचना बोर्ड लगाकर जनजागरूकता बढ़ाने का निर्देश भी दिया गया। इसके अलावा सभी पारा लीगल वॉलंटियर्स को अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को लेकर जागरूक करने और किसी भी प्रकार के अतिक्रमण की सूचना प्राधिकार को देने का निर्देश दिया गया। बैठक का समापन प्राधिकार सचिव मरियम हेमरोम के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## विधायक ने ठेठईटांगर में तीन दिवसीय प्रार्थना सभा में की शिरकत

**नवीन मेल संवाददाता**




**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर में चल रही आत्मिक जागृति तीन दिवसीय प्रार्थना सभा के दूसरे दिन मंगलवार को कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने कार्यक्रम में भाग लेकर मसिही विश्वासियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि "सत्य को जानोगे और सत्य तुम्हें स्वतंत्र करेगा।" विधायक ने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा, आपसी सद्भाव और नैतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। उन्होंने विश्वासियों से एकजुट होकर समाज और समुदाय के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में रेव्ह. शैलेश पौल मिंज (जमशेदपुर) और रेव्ह. जयकांत बड़ाइक (सिमडेगा) ने प्रभु के वचनों का प्रचार किया। वक्ताओं ने बीमारों के लिए विशेष प्रार्थना की, युवाओं के लिए आशीर्वाद सत्र रखा और अंत के दिनों से संबंधित संदेश साझा किए।सभा में बड़ी संख्या में मसिही विश्वासी शामिल हुए। आयोजन समिति ने विधायक का पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र से सम्मानपूर्वक स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान भजन, ध्यान और सामूहिक प्रार्थना से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।मौके पर विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, अनिल कच्छप, मुकुल, आनंद बिलुंग समेत अनेक लोग उपस्थित थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में असुन्ता सोरेंग, कोमोलिना सुरिन, दिब्या, सरिता डुंगडुंग, बरदानी केरकेट्टा, ललिता बघवार, आश्रिता केरकेट्टा, सुमिरा समद, अलका कच्छप, नीलमणी मिंज सहित स्थानीय मंडलियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।तीन दिवसीय यह प्रार्थना सभा कल समापन प्रार्थना के साथ संपन्न होगी।

## जलडेगा प्रखंड के दस पंचायतों में 38 आदि सेवा केंद्रों का हुआ शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**




● **बीडीओ ने कहा** - जनजातीय समुदाय के विकास को नई दिशा देगा आदि कर्म योगी धरती आबा अभियान

**जलडेगा।** जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास एवं सशक्तिकरण की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना आदि कर्म योगी धरती आबा अभियान के तहत जलडेगा प्रखण्ड के दस पंचायत जलडेगा, लम्बोई,कोनमेरला, टिनगीना, लमडेगा, परबा, ओडगा, कुटुंगिया, टाटी और पतिअम्बा में कुल 38 आदि सेवा केंद्रों का उद्घाटन किया गया। इन सेवा केंद्रों का उद्देश्य ग्रामीण व जनजातीय समुदाय को सरकारी योजनाओं की जानकारी, लाभ तथा डिजिटल सेवाओं से जोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल करना है। इन केंद्रों के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं का ऑनलाइन कार्य संपादित किया जाएगा, जिससे ग्रामीण स्तर पर पारदर्शिता और सुगमता दोनों बढ़ेंगी। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी डा० प्रवीण कुमार के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि आदि सेवा केंद्र ग्रामीणों के लिए विकास का सशक्त माध्यम बनेंगे। इन केंद्रों से न केवल सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा, बल्कि तकनीकी रूप से भी ग्रामीण समुदाय आत्मनिर्भर बनेगा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को आदि सेवा केंद्रों के कार्यों, उद्देश्यों और लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने केंद्रों के सुचारु संचालन में ग्रामीणों के सहयोग की अपील की और इसे जनजातीय समाज के उत्थान की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया।आदि सेवा केंद्र केंद्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय की एक पहल है, जिसे आदि कर्म योगी धरती आबा अभियान के तहत चलाया जा रहा है।इनका मुख्य उद्देश्य जनजातीय समुदायों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना, सरकारी योजनाओं से जोड़ना और स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं सुविधा उपलब्ध कराना है। आदि सेवा केंद्र डिजिटल इंडिया और जनजातीय सशक्तिकरण की दिशा में एक सेतु का काम करेगा जहां से गांव, तकनीक और सरकार तीनों एक साथ जुड़कर सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे घर-घर तक पहुंचाते हैं।

**विद्यालय में चोरी** | उत्क्रमित उच्च विद्यालय सारंगापानी में चोरी, लाखों रुपए का सामान गायब

# अज्ञात चोरों ने तोड़े ताले, कई कमरे प्रभावित

● **पुलिस ने जांच शुरू, आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी में जुटी**

**नवीन मेल संवाददाता**





**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के नवाटोली पंचायत अंतर्गत सारंगापानी गांव स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय सारंगापानी में बीती रात अज्ञात चोरों ने ताले तोड़कर लाखों रुपए मूल्य के सामान की चोरी कर ली। घटना की जानकारी विद्यालय के शिक्षक तब पाई जब सुबह स्कूल पहुंचे।विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक उदय शंकर सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह जब वह विद्यालय पहुंचे तो कमरे के ताले टूटे हुए थे। कमरे में प्रवेश करने पर उन्होंने पाया कि एक कंप्यूटर सेट, एक प्रिंटर, एक स्टेबलाइजर, आठ पीस बैटरी और खेल सामग्री चोरी हो चुकी थी। इसके अलावा एक अन्य कमरे के ताले भी तोड़े गए थे, लेकिन वहां से कोई सामान नहीं ले जाया गया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले विद्यालय परिसर में लगे तड़ित चालक को भी चोरों ने चोरी कर लिया था।इस संबंध में प्रधानाध्यापक उदय शंकर सिंह ने कोलेबिरा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम तुरंत विद्यालय परिसर पहुंची और घटना के संबंध में आवश्यक जानकारी जुटाई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

## बाघचंडी मंदिर घटना की निंदा, आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग : फिरोज अली

**कोलेबिरा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज अली ने कोलेबिरा प्रखंड के बाघचंडी मंदिर में हुई घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने प्रशासन से दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की, ताकि क्षेत्र में शांति और सौहार्द कायम रहे।फिरोज अली ने कहा, हम अपने क्षेत्र को अशांत नहीं होने देंगे। आरोपी जल्द पकड़े जाएं और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मंदिर परिसर और आसपास संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती तथा फॉरेंसिक जांच शीघ्र पूरी करने का आग्रह किया।उन्होंने समुदाय से शालीनता बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया पर भरोसा रखकर समाज में एकता और शांति का संदेश फैलाना ही समय की जरूरत है।

## न्यूज बॉक्स

### एल्ला गांव जाने वाली सड़क की स्थिति जर्जर,आवगमन करने मे परेशानी



**बानो।** प्रखंड सोय पंचायत अंतर्गत एला गांव के एल्ला मिडिल स्कूल जाने वाला मुख्य मार्ग काफी जर्जर हो गया है वहीं इधर लगातार बारिश होने के कारण सड़क में पूरी तरह से कीचड़ हो गया है जिससे आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। बच्चों का विद्यालय जाना भी दूभर सा हो गया है।सड़क की जर्जर स्थिति से परेशान होकर ग्रामीणो ने जल्द सडक मरमती की मांग किया है। सोय पंचायत की मुखिया सोमवारी कैथवार ने कहा कि एल्ला गांव व मिडिल स्कूल जाने वाला रास्ता की स्थिति काफी जर्जर है वहीं बारिश से सड़क पर पूरा कीचड़ भरा गया है जिससे स्थानीय लोगों और विशेषकर विद्यालय जाने वाले बच्चों को आवागमन में बहुत ही ज्यादा दिक्कत हो रहा है। उन्होने संबंधित विभाग से जल्द सडक मरम्मत की मांग किया है।

### झामुमो महिला मोर्चा का संगठनात्मक विस्तार, नई कमेटी का हुआ गठन




**ठेठईटांगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सह जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग की अध्यक्षता में ठेठईटांगर प्रखंड में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिला मोर्चा को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से नई प्रखंड कमेटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया।नई कमेटी में प्रखंड अध्यक्ष के रूप में अलका बिलिंग को चुना गया, जबकि उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सुषमा देवी, नीलम टेटे, डोरोथी केरकेट्टा, अलोमत्ता केरकेट्टा और बसंती कुमारी को सौंपी गई। सचिव पद पर रेशमा खातून और कोषाध्यक्ष पद पर कैरोलिन सोरेंग का चयन किया गया।इस अवसर पर झामुमो के जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना और जिला सचिव शफीक खान उपस्थित रहे। उन्होंने संगठन को मजबूत करने और महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया।रोस प्रतिमा सोरेंग ने कहा, झामुमो की सरकार जनता की सरकार है। हमारा उद्देश्य है कि सरकार की योजनाएं गाँव के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे।जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना ने कहा महिला मोर्चा पार्टी की रीढ़ है। इनके सशक्त होने से संगठन और भी मज़बूत होगा। वहीं जिला सचिव शफीक खान ने कहा, नई टीम के गठन से ठेठईटांगर में संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी।

### मासिक गुरु गोष्ठी संपन्न, बीडीओ ने शिक्षकों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**कुरडेग।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता बीपीओ जया रश्मि ने की, जिन्होंने प्रखंड के सभी विद्यालयों में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों और कार्यक्रमों की समीक्षा की।इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी नैमन कुजूर ने उपस्थित होकर शिक्षकों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सीआरपी और बीआरपी को नियमित रूप से विद्यालयों का भ्रमण कर अनुश्रवण करने तथा शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया।बीडीओ ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए। साथ ही मध्याह्न भोजन मेनू के अनुसार स्वादिष्ट और पौष्टिक बनाया जाए ताकि बच्चों की उपस्थिति में वृद्धि हो सके।उन्होंने कोरवा आदिम जनजाति के बच्चों पर विशेष ध्यान देने और उनकी शैक्षणिक प्रगति सुनिश्चित करने की बात कही।गोष्ठी में एमआईएस प्रेम प्रकाश, एसीओ गुलजार रजा, बीआरपी-सीआरपी ममता गुप्ता, श्रवण बड़ाईक, दीपक सिंह, राजेश्वर बड़ाईक सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित थे।कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और विद्यालयों के समग्र विकास पर बल देना था।

### बानो प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन




**बानो।** बानो प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान बीडीओ सह अंचल अधिकारी नयूमुद्दीन अंसारी की अध्यक्षता में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट समाधान किया गया।बीडीओ सह सीओ अंसारी ने बताया कि जनता दरबार के आयोजन का मुख्य उद्देश्य सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों की समस्याओं का त्वरित निवारण करना है, ताकि उन्हें विभागीय कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनता की सुविधा के लिए तत्पर है और इस तरह के जन-संपर्क कार्यक्रमों से लोगों का विश्वास प्रशासन के प्रति और मजबूत हुआ है।जनता दरबार में राशन कार्ड, मईया सम्मान योजना, आधार कार्ड अपडेट तथा जमीन संबंधी कुल 18 मामलों की सुनवाई की गई। इनमें से अधिकांश मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया, जिससे ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की।जनता दरबार को सफल बनाने में मनरेगा बीपीओ चारू मांझी और खुशबू कुमारी सहित अन्य कर्मियों ने सक्रिय सहयोग दिया।यह आयोजन जनसेवा और पारदर्शिता की दिशा में बानो प्रशासन का एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

### पुलिस की 'पुलिस कर्मी ऑफ द वीक' योजना में शाहरुख अंसारी सम्मानित



**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस द्वारा जिले में बेहतर पुलिसिंग और कर्मियों के मनोबल को बढ़ाने के उद्देश्य से "पुलिस कर्मी ऑफ द वीक" योजना चलाई जा रही है। इसके तहत प्रत्येक सप्ताह उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्त्तव्यनिष्ठा और सकारात्मक सोच रखने वाले पुलिसकर्मियों को चयनित कर सम्मानित किया जाता है।इसी क्रम में इस सप्ताह गिर्दा ओपी में तैनात सैट-2 के जवान शाहरुख अंसारी (आरक्षी संख्या 364) को उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली और अनुकरणीय सेवा भावना के लिए पुलिस कर्मी ऑफ द वीक के रूप में चुना गया।पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने मंगलवार को उन्हें प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कदम पुलिस बल में अनुशासन, जिम्मेदारी और उत्साह बनाए रखने के लिए प्रेरक सिद्ध हो रहे हैं।एसपी ने बताया कि चयनित कर्मियों की तस्वीर जिले के सभी थाना, ओपी और पुलिस प्रतिष्ठानों में प्रदर्शित की जाती है ताकि अन्य कर्मी भी प्रेरित हों।इस पहल से पुलिसकर्मियों में कार्य के प्रति निष्ठा, लगन और जनसेवा की भावना मजबूत हो रही है, जिससे जिले में बेहतर और संवेदनशील पुलिसिंग को बढ़ावा मिल रहा है।

# कृष्णभक्तों ने जयकारा के साथ की नगर परिक्रमा, भक्ति में डूबा रहा हिरणपुर

- नगर परिक्रमा सुभाष चौक, नामोपाड़ा, सुंदरपुर मार्ग से होते हुए पुनः लॉट्स टेम्पल परिसर तक पहुंची। पूरे रास्ते स्थानीय लोग पुष्पवर्षा कर विदेशी भक्तों का स्वागत करते दिखे

नवीन मेल संवाददाता



**पाकुड़/हिरणपुर।** लक्ष्मी पूजा के पावन अवसर पर मंगलवार को सुंदरपुर स्थित लॉट्स टेम्पल परिसर में धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। अवसर था — मंदिर निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित रजत जयंती महोत्सव का। इस उपलक्ष्य में मायापुर (पश्चिम बंगाल) इस्कॉन से आए देशी और विदेशी कृष्णभक्तों ने नगर परिक्रमा कर पूरे क्षेत्र को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। हर ओर रंग-बिरंगे परिधान में सजे भक्तों की टोली, हाथों में श्रीकृष्ण का ध्वज और मृदंग-झांझ की धुनों पर गूंजते "हरे कृष्ण हरे राम" के जयकारे माहौल को अलौकिक बना रहे थे। इस्कॉन के गौरांग प्रकाश, राजेंद्र कृष्ण, सुदर्शन प्रभु सहित दर्जनों संन्यासी भक्तों के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई। नगर परिक्रमा सुभाष चौक, नामोपाड़ा, सुंदरपुर मार्ग से होते हुए पुनः लॉट्स टेम्पल परिसर तक पहुंची। पूरे रास्ते स्थानीय लोग पुष्पवर्षा कर विदेशी भक्तों का स्वागत करते दिखे। इस परिक्रमा में अमेरिका, रूस, यूक्रेन सहित कई देशों के कृष्णमार्गी भी शामिल थे, जो पारंपरिक वस्त्र धारण कर नृत्य और भजन के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त कर रहे थे। मंदिर लौटने के बाद इस्कॉन के कलाकारों ने भक्ति संगीत, श्रीकृष्ण स्तुति और नृत्य-नाटिका की शानदार प्रस्तुति दी। ढोल, मृदंग और करताल की लय पर "राधे राधे" और "हरे कृष्ण" के मंत्रों से पूरा वातावरण श्रीकृष्णमय हो गया। पुष्पांजलि और कीर्तन में भाग लेकर आध्यात्मिक आनंद का अनुभव किया। शाम होते-होते पूरे मंदिर परिसर को रंगीन लाइटों और फूलों से सजाया गया, जिससे मंदिर की शोभा देखते ही बन रही थी। पूजा समिति के अध्यक्ष दिगंबर साहा ने बताया कि यह मंदिर क्षेत्र की आस्था का केंद्र है, और इसके 25 वर्ष पूर्ण होने पर भक्तों के लिए यह कार्यक्रम विशेष रूप से आयोजित किया गया।

## राज्य स्तरीय कला उत्सव 2025 में पाकुड़ की बेटियों ने किया नाम रोशन



**पाकुड़।** राज्य स्तरीय कला उत्सव 2025 में पाकुड़ जिले की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। आर.के.+2 महेशपुर की कक्षा 11वीं की छात्रा दीपिका चंद्रा ने शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम में पूरे झारखंड में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया। वहीं हरिणडांगा हाई स्कूल, पाकुड़ की कक्षा 11वीं की छात्रा रूमा साहा ने शास्त्रीय वादन एकल श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय स्तरीय कला उत्सव 2025 के लिए चयनित होकर झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त किया है।

### स्कूल रास्ता विवाद और अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों की बैठक

## तीन दिन के अंदर अतिक्रमण खाली करें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें : मुखिया

नवीन मेल संवाददाता



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत ग्राम कोनहारा कला में चर्चित स्कूल रास्ता विवाद और आम गैरमजरुवा भूमि पर किए गए अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया अब्बास अंसारी और संचालन मुकेश यादव ने किया। मौके पर मुखिया अब्बास अंसारी ने स्कूल रास्ता विवाद को लेकर इसरैल मियां को जिम्मेवार ठहराते हुए कहा कि तीन दिन के अंदर स्कूल रास्ता में किये गये अतिक्रमण को खाली करें अन्यथा प्रशासन के सहयोग से जबरन खाली कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव में सौहार्दपूर्ण वातावरण को बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं पत्रकार ईश्वर यादव ने कहा कि अपना गांव सदियों से भाईचारगी के साथ चलते आ रहा है। लेकिन कुछ असमाजिक तत्व के लोगों द्वारा सौहार्द वातावरण को बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जहां पूर्व में बुद्धिजिवी लोग आम गैरमजरुवा भुमि पर बने चबूतरे पर बैठक और पंचायत किया करते थे। वह जमीन को भी एक दो लोग हड़पने पर लगे हैं। ग्रामीणों ने अतिक्रमणकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि तीन दिन के अंदर अतिक्रमण मुक्त नहीं हुआ तो बाध्य होकर ग्रामीण सख्त कदम उठाने पर मजबूर होंगे। बैठक में पूर्व मुखिया मुंशी पासवान, जीवन यादव, महबूब अंसारी, सदर मो हफीज अंसारी, मंसूर अंसारी, मनी यादव, राम अवतार यादव, मो अंसारी, मो फ़िरदौस अंसारी, मो ताहिर अंसारी, मुकेश यादव, राजु यादव, श्यामलाल सिंह, सदीक मियां, महेंद्र सोनी, राजकुमार यादव, पिंटू सोनी, आशीष यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## श्रम अधीक्षक बसंत कुमार महतो से मिले पंचायत समिति सदस्य, समस्याओं से कराया अवगत



**बरकट्ठा।** प्रवासी मजदूर मरहूम फारूक अंसारी, ग्राम बनवारी, शिलाडीह के बीते दिनों मुंबई में हुए मृत्यु के पश्चात एंबुलेंस किराया,मुआवजा तथा प्रवासियों के विभिन्न समस्याओं की मदद हेतु पंसस प्रतिनिधि समीम अंसारी ने श्रम अधीक्षक से मिलकर उन्हें बुके देकर शिष्टाचार भेंट किया तथा मदद का आग्रह किया । इस दौरान श्रम अधीक्षक बसंत कुमार ने कहा जो भी समस्या हो बेहिचक आएं और मुझसे मदद लें। मैं आपलोगों के सेवा के लिए तत्पर हूं। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रवासी मजदूर का रजिस्ट्रेशन करवाये ताकि उनका इंश्योरेंस हो सके और अन्य लाभ भी मिल सके।

## नाइट क्लब की तीन दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल खेल संपन्न



**पाकुड़/महेशपुर।** पाकुड़ के महेशपुर प्रखंड के श्रीरामगढ़िया पंचायत के इच्छानगर फुटबाल मैदान में नाइट क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल खेल हुआ। इस अवसर पर विधायक प्रो स्टीफन मरांडी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और फुटबाल को उछालकर फाइनल खेल का उद्घाटन किया। फाइनल मुकाबला बंगाल की एफसी जुनियर नलहटी टीम और एफसी प्रधान टीम के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने दर्शकों को आकर्षित करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। कड़े संघर्ष के बाद परिणाम पेनाल्टी शूटआउट से तय हुआ, जिसमें एफसी जुनियर नलहटी ने निर्णायक बढ़त बनाकर खिताब अपने नाम किया। विधायक ने विजेता टीम को 70 हजार रुपए नगद और उपविजेता टीम को 50 हजार रुपए नगद देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य पिंकु शेख, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल वदूद, प्रखंड उपाध्यक्ष एनामुल हक, इकबाल हुसैन, हालिम शेख, नासिर शेख, कदम रसूल, मोसिबुल शेख समेत अन्य मौजूद थे।

## मालपहाड़ी थाना अंतर्गत पकड़ाया ओवरलोडेड पत्थर वाहन

**पाकुड़।** जिला खनन पदाधिकारी राजेश कुमार ने माल पहाड़ी क्षेत्र भ्रमण के दौरान ओवरलोडेड हाईवा रजिस्ट्रेशन संख्या - WB 93B 5399 को पत्थर के अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा। जांच के दौरान वाहन चालक द्वारा आवश्यक माइनिंग चालान और कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। खनन पदाधिकारी के निर्देश पर वहां को तुरंत जप्त कर मालपहाड़ी थाना को सुपुर्द कर दिया गया। बताया गया की कार्रवाई के वक्त खनन निरीक्षक सुबोध कुमार सिंह और नवीन कुमार कुजूर भी मौजूद थे। खनन विभाग की टीम माल पहाड़ी क्षेत्र में नियमित जांच अभियान चला रही थी, इसी दौरान यह वाहन सामने से आता दिखा। चालक से जरूरी कागजात मांगे गए तो वह कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। अंतर जिला खनन पदाधिकारी ने नियमानुसार वाहन जप्त कर विधिसम्मत कार्रवाई के निर्देश दिए। खनन पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया की पत्थर के अवैध परिवहन पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### उपायुक्त ने आदि कर्मयोगी अभियान को लेकर की प्रेसवार्ता

# मीडिया प्रतिनिधियों को अभियान की प्रगति की दी विस्तृत जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

- उपायुक्त ने कहा कि 2020 के विजन डॉक्यूमेंट के अनुरूप प्रत्येक गाँव के लिए विलेज एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है, जिसमें गाँव की वास्तविक आवश्यकताओं, संसाधनों और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखा गया है




**पाकुड़।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर आदि कर्मयोगी अभियान की प्रगति एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी मीडिया प्रतिनिधियों के साथ साझा की। उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान भारत सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य आदिवासी बहुल ग्रामों में आत्मनिर्भरता, सेवा भावना और समर्पण के साथ सतत विकास सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अंतर्गत जिले में आदिवासी बहुल गाँवों का चयन किया गया है, जहाँ कम से कम 20 "आदि कर्मयोगी"— जिनमें आदि साथी, आदि सहयोगी और आदि कर्मयोगी शामिल हैं—का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि देशभर में कुल 1 लाख गाँवों में 20 लाख कर्मयोगियों के माध्यम से यह पहल संचालित की जा रही है। इसका मूल उद्देश्य ग्राम स्तर पर सेवा, संकल्प और समर्पण भाव के साथ जनभागीदारी आधारित विकास को सशक्त बनाना है। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि 2020 के विजन डॉक्यूमेंट के अनुरूप प्रत्येक गाँव के लिए विलेज एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है, जिसमें गाँव की वास्तविक आवश्यकताओं, संसाधनों और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखा गया है। इसके लिए पहले धनबाद में मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया, तत्पश्चात ब्लॉक स्तर पर ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया ताकि अभियान का सही संदेश गाँव-गाँव तक पहुँचे। उन्होंने आगे बताया कि 6 सितंबर से ही सभी गाँवों में अभियान की गतिविधियाँ शुरू की गईं। 15 दिवसीय कार्यक्रम के दौरान 2 अक्टूबर तक जिले के लगभग 400 गाँवों में विशेष ग्राम सभाएँ आयोजित की गईं, जिनमें ग्रामीणों ने विकास से संबंधित अपने सुझाव दिए। इन ग्राम सभाओं से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर अब विलेज एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है, जिनमें से लगभग सभी योजनाएँ अंतिम चरण में हैं। उपायुक्त ने यह भी बताया कि आदि सेवा केंद्रों को सक्रिय किया गया है और कई पंचायत भवनों में इन केंद्रों को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य चल रहा है। अभियान के तहत पौधारोपण, स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा संवर्धन, नशामुक्ति, और कौशल प्रशिक्षण जैसी गतिविधियों को भी विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया है। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान सिर्फ एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह जनसेवा और आत्मनिर्भरता का लोक आंदोलन है।

### त्योहारों के मद्देनजर पाकुड़ जिले में खाद्य दुकानों का औचक निरीक्षण

## फफूंद लगी मिठाइयां और एक्सपायर कोल्डड्रिंक किए गए नष्ट, दुकानदारों को सख्त निर्देश जारी

नवीन मेल संवाददाता



**पाकुड़।** आगामी दीपावली एवं छठ महापर्व के मद्देनजर उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के द्वारा मंगलवार को हिरणपुर, लिट्टीपाड़ा एवं अमड़ापाड़ा के विभिन्न किराना दुकानों, मिठाई दुकानों एवं होटलों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बादल चौक स्थित राखी स्वीट्स में फफूंद लगी मिठाई पाई गई, जिसे तुरंत मौके पर ही नष्ट कराया गया। करीयोडीह बादल चौक स्थित मकबूल अंसारी के जलेबी में हानिकारक रंग पाया गया, जिसे चेतावनी देते हुए तुरंत नष्ट कराया गया। इकबाल अंसारी की दुकान में एक्सपायर आइटम न बेचने हेतु नोटिस जारी किया गया। मिठाइयों में हानिकारक रंग का प्रयोग न करने और उन्हें धूल, मिट्टी एवं मक्खियों से बचाकर ढक कर रखने का निर्देश दिया गया। वहीं लिट्टीपाड़ा स्थित अर्जुन किराना दुकान के पास पाए गए 10 बोतल एक्सपायर कोल्डड्रिंक को नष्ट किया गया। लिट्टीपाड़ा चौक स्थित राजकुमार मंडल को बेसिन और फर्श की साफ-सफाई के लिए निर्देशित किया गया। अमड़ापाड़ा स्थित सोनू होटल को फूड लाइसेंस लेने के लिए निर्देश दिया गया। सब्जी और मांसाहारी वस्तुएँ अलग-अलग रखने का भी निर्देश जारी किया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने स्पष्ट किया कि दिए गए निर्देशों का पालन न करने पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 एवं विनियम 2011 की संबंधित धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### लट्ठाखम्हन में 37वीं नवयुवक संघ महिला-पुरुष हॉकी चैंपियनशिप का भव्य आगाज

**ठेठईटांगर।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान, ओलंपियन एवं अर्जुन अवॉर्ड प्राप्त सलीमा टेटे की प्रतिभा को पहली पहचान दिलाने वाली लट्ठाखम्हन खेल मैदान में मंगलवार को 37वीं नवयुवक संघ महिला-पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजन 07 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक किया जा रहा है। उद्घाटन मैच में रुनगा ज्योति मार्ग क्लब (ओडिशा) ने कुडपानी नीम टोली को 5–0 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं दूसरे मैच में मेजबान लट्ठाखम्हन ने पुराना सामतोली को 2–1 से हराया।कार्यक्रम का उद्घाटन जिप सदस्य अजय एक्का, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, हॉकी सिमडेगा अध्यक्ष सह आयोजन समिति अध्यक्ष मनोज कोनबेगी, रेने टेटे और अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

## पल्स पोलियो अभियान के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**पाकुड़/महेशपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में मंगलवार को प्रभारी डा. सुनील कुमार किस्कु की अध्यक्षता में पल्स पोलियो अभियान की सफलता को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में धर्मखापाड़ा, रोलाग्राम, चांडालमारा, देवीनगर एवं खांपुर के सभी सहिया उपस्थित थीं। प्रशिक्षण में आगामी 12 अक्टूबर से शुरू होने वाले पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशिक्षकों ने बताया कि पहले दिन 90% बच्चों को बूथ पर ही पल्स पोलियो की दवा पिलानी है, जबकि दूसरे एवं तीसरे दिन छुटे हुए बच्चों के लिए डोर टू डोर अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने सभी को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण में दिए गए निर्देशों का पालन कर अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाना है। अगामी पल्स पोलियो अभियान में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। इस अवसर पर बीपीएम सुमन किशोर एक्का, बीएएम शैलेश कुमार, एमपीडब्ल्यू किस्टो कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री दाल-भात केंद्र का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**पाकुड़/महेशपुर।** मंगलवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह और बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव ने प्रखंड मुख्यालय के डाक बंगला परिसर स्थित मुख्यमंत्री दाल-भात केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने खाना खाकर भोजन की गुणवत्ता की जांच की और लोगों को परोसे जा रहे दाल-भात की गुणवत्ता का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दाल-भात केंद्र के संचालक को साफ-सफाई और भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। मौके पर एमओ फकरे आजम समेत अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## गेनमेर में डाईर समिति की बैठक 23 अक्टूबर को इंद मेला होगा आयोजित

**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के गेनमेर पंचायत अंतर्गत इंद डाईर चबूतरा ग्राम गेनमेर में डाईर समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता लक्ष्मण सिंह ने की।बैठक में तय किया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 23 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा के अवसर पर डाईर इंद जतरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए समिति का पुनर्गठन किया गया।नई समिति में सागर महतो अध्यक्ष, विमल कुमार उपाध्यक्ष, लक्ष्मण सिंह सचिव, गजेश सिंह उप सचिव, अमित बड़ाइक कोषाध्यक्ष और जितनाथ सिंह उप कोषाध्यक्ष चुने गए। इसके अलावा कोमल बड़ाइक, योगेंदर सिंह, सूरज सिंह, प्रदीप राना सहित अन्य सदस्य भी शामिल हैं।समिति ने मिलकर मेला को सफल बनाने और ग्रामीणों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लाभ देने का संकल्प लिया।

**शताब्दी समारोह** | बापू की यात्रा हुई तरोताजा, शताब्दी समारोह में उमड़ी लोगों की भीड़

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी देश की आत्मा थे : डीसी

- जिला प्रशासन गांधी जी की गिरिडीह यात्रा का शताब्दी समारोह मना रहा है. दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत खरगडीहा से हुई




**गिरिडीह।** तारीख थी 6 और 7 अक्टूबर 1925. आज से एक सदी यानि सौ वर्ष पूर्व महात्मा गांधी गिरिडीह आए थे. बापू के कदम इस जिले की खरगडीहा की धरती पर पड़े थे. यहां से गांधी जी पैदल ही गिरिडीह नगर और फिर मधुपुर गए थे. सौ वर्ष पूर्व बापू ने खरगडीहा एवं गिरिडीह नगर में सभा की थी. देशबंधु कोष की स्थापना के साथ साथ चरखा, खादी और स्वदेशी के प्रसार में आयोजित यात्रा ने गिरिडीह के लोगों में स्वाधीनता संग्राम की प्रेरणा भर दी थी. जिसका फल मिला और स्वतंत्रता संग्राम में यहां के लोगों की भागीदारी भी दिखी. बड़ी बात यह थी कि सभा में ही यहां मौजूद महिलाओं ने अपने पास उपलब्ध जेवरात - नगदी, देशहित के लिए समर्पित कर दिया था. अब बापू के उसी आगमन को तरोताजा किया जा रहा है. जिला प्रशासन गांधी जी की गिरिडीह यात्रा का शताब्दी समारोह मना रहा है. दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत खरगडीहा से हुई. यहां लंगटाबाबा की समाधि स्थल पर जिले के डीसी रामनिवास यादव भी शामिल हुए। इस अवार पर डीसी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी देश की आत्मा थे। इनके साथ जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह जेएमएम जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने चादर चढ़ाई, फिर समिति के सदस्यों के साथ लोग पैदल ही गिरिडीह शहर के लिए निकल पड़े. रास्ते में चितरडीह में रात्रि विश्राम किया. सोमवार की रात को यहां विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ. इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार मौजूद रहे. इनके साथ जिलाधिकारी रामनिवास यादव, एसडीएम श्रीकांत विस्पुते, एसडीएम अनिमेष रंजन, कवि सह लेखक नीलोत्पल मृणाल, आयुष चतुर्वेदी समेत कई दिग्गज गांधीवादी उपस्थित रहे. यहां उपस्थित जनसमूह को मंत्री सुदिव्य कुमार ने संबोधित करते हुए गांधी के विरोधियों पर जमकर हमला बोला, कहा इस देश में जहां महात्मा गांधी को गाली देना राजनीति का एक फैशन बन गया हो, इस दौर में बापू को याद करना, यह भी एक कठिन काम था. जब 6 और 7 अक्टूबर को महात्मा गांधी के गिरिडीह आगमन के शताब्दी समारोह को मनाने का प्रस्ताव आया तो मुझे यह लगा कि कोई तो ऐसा प्रसंग होना चाहिए जिसमें बापू पर फिर से चर्चा चालू हो. यह तो लोगों को लगे कि 2 अक्टूबर और 30 जनवरी की रस्म अदायगी से हटकर यह देश अपने पुरखों के लिए भी कुछ सोचता है. जिन्होंने इस देश के लिए बहुत कुछ किया है. जिस देश में अपने स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के लिए सम्मान कम बचा हो, उस दौर में ऐसे नायकों का याद करना उन्हें सम्मान देना काफी महत्वपूर्ण है. धारा के विरुद्ध खड़े रहने का साहस दिखाने वाले चंद लोग ही होते हैं लेकिन वही लोग धारा को मोड़ने की ताकत रखते हैं. मंत्री ने विचार गोष्टी के माध्यम से गांधी विरोधियों पर हमला बोला. मंत्री सुदिव्य ने कहा उसने निहत्थे बूढ़े पर गोलियां चलाईं और यह कलंक आपके सर से कभी भी हटाने वाला नहीं है. आप जिस विचारधारा को आज प्रस्तावित करना चाहते हो मैं आपको चुनौती देता हूं, विश्व के 193 देश में से 102 देशों में महात्मा गांधी की प्रतिमा लगी हैं. लेकिन तुम एक ऐसे आदमी का नाम बता दो जो तुम्हारी विचारधारा का था और उसे भारत के अलावा कोई दूसरा देश जानता हो.

## विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने दुर्गा मंदिर में मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती

**गुमला।** आज गुमला नगर के दुर्गा मंदिर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के तत्वावधान में महर्षि वाल्मीकि जयंती का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग मंत्री एवं बजरंग दल विभाग संयोजक मुकेश सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद गुमला जिला मंत्री मनीष बाबु ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जयंती एक महत्वपूर्ण हिंदू पर्व है। महर्षि वाल्मीकि ने रामायण जैसी अमर रचना की, जो हिंदू धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की जयंती हमें सत्य और नैतिकता के मार्ग पर चलने का संदेश देती है। वाल्मीकि को आदिकवि के रूप में सम्मानित किया जाता है, जिन्होंने संस्कृत साहित्य को अमूल्य योगदान दिया। कार्यक्रम में जिला संयोजक सतोष यादव, अखाड़ा प्रमुख रविंद्र सिंह, प्रचार प्रसार प्रमुख अमित कुमार, प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद सिंह, उपाध्यक्ष दुखन गोप, शिवम चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

नाम–नरेश उराँव उर्फ पालटा, उम्र करीब–25 वर्ष, रंग–गेहूँआ, ऊँचाई–05 फीट 6 ईंच, पहनावा–काला रंग का टी शर्ट एवं काला रंग का लोवर पहने हुए है।



उपरोक्त लापता व्यक्ति नरेश उराँव उर्फ पालटा, सा0–चटवल, थाना–माण्डर, जिला–राँची, जो दिनांक–22.09.2025 को अपने घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में माण्डर थाना सन्हा संख्या–27/2025, दिनांक–24.09.2025 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलता/दिखता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)

पुलिस उपाधीक्षक, खलारी, राँची। –9431742777

थाना प्रभारी माण्डर, राँची। –9431706187

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 363460 Police(25-26)#D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मैं चैतन्य के विमान में उड़ान भरता हूँ, ऊपर, नीचे, बाएं, दाएं, अंदर में, बाहर, सभी तरफ, और देखता हूँ कि अपने अंतरिक्ष-घर के प्रत्येक कोने में मैं सदा ही अपने परमपिता के पवित्र सान्निध्य में रहा हूँ। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# सबसे बड़ी प्रशासनिक सेवा में बड़ा बदलाव

संघ लोक सेवा आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर बताया कि वह प्रारंभिक परीक्षा की अंतरिम आंसर-की जारी करेगा। यह स्वागत योग्य कदम है, लेकिन एक दशक से ज्यादा पुराने हो चुके देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा के प्रारूप में बदलाव समय की मांग है। मौजूदा सिविल सेवा परीक्षा की जड़ें आजादी से पूर्व मैकाले समिति द्वारा तैयार की गई आईसीएस परीक्षा से जुड़ती हैं, जिसकी रिपोर्ट इस आधार पर थी कि 'शैक्षणिक प्रतिभा को प्रशासनिक प्रतिभा में बदला जा सकता है।' आजादी के बाद कुछ बदलाव के साथ वह योजना 1970 के दशक तक जारी रही। यद्यपि कुछ प्रतिभावान अभ्यर्थी सफल रहे, लेकिन ज्यादातर अभिजात्य वर्ग और अंग्रेजी माध्यम वाले अभ्यर्थी ही इससे लाभान्वित होते रहे। परीक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाने के लिए सरकार ने 1974 में कोठारी समिति गठित की। समिति ने प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार की त्रिस्तरीय प्रक्रिया की अनुशंसा की। वर्ष 1988 में सतीश चंद्र समिति ने प्रारंभिक परीक्षा में निगेटिव मार्किंग, मुख्य परीक्षा में निबंध और व्यक्तित्व परीक्षण के अंक बढ़ाने जैसे आंशिक बदलाव के साथ कोठारी समिति की परीक्षा पद्धति को ही जारी रखने की सिफारिश की। यह योजना ग्रामीण, अर्धशहरी और मेट्रो शहरों यानी सभी तरह के अभ्यर्थियों के लिए सुलभ थी और कुछ हद तक सामान्य पृष्ठभूमि वाले अभ्यर्थी सफल भी हुए। वर्ष 2005 बैच के आईपीएस मनोज कुमार शर्मा, जिनके ऊपर 12वीं फेल फिल्म बनी, इसी योजना के जरिये सफल हुए। द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने 2009 में एसके खन्ना समिति गठित की। वर्ष 2011 में इस समिति की रिपोर्ट के आधार पर वैकल्पिक पेपर को एक सामान्य पेपर से बदल दिया गया और प्रारंभिक परीक्षा को पुनर्गठित करके दो पेपरों को शामिल किया गया। इससे शहरी क्षेत्र और कॉन्वेंट स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी ज्यादा लाभान्वित हुए। काफी विरोध के बाद कुछ परिवर्तनों के साथ 2013 में नया प्रारूप जारी हुआ, जो अब तक जारी है, लेकिन अब इस प्रारूप में कई सुधारों की आवश्यकता है। सबसे पहले, बीते एक दशक में अभ्यर्थियों की संख्या बढ़कर दोगुनी हो चुकी है, जबकि सीटें 750 से 1,000 के बीच ही हैं, जिनकी संख्या बढ़नी चाहिए। अभी प्रारंभिक परीक्षा में एक पेपर क्वालिफाइंग और दूसरा प्रतियोगी होता है। होना तो यह चाहिए कि सभी विषयों को दोनों पेपरों में समान रूप से बांटकर, दोनों के अंकों के आधार पर मुख्य परीक्षा की पात्रता मिलनी चाहिए। मुख्य परीक्षा में भी कुछ बदलाव की जरूरत है। निबंध में एक विषय दार्शनिक दृष्टिकोण, तो दूसरा समसामयिक विषयों से संबंधित होना चाहिए।

*आजादी के बाद कुछ बदलाव के साथ वह योजना 1970 के दशक तक जारी रही। यद्यपि कुछ प्रतिभावान अभ्यर्थी सफल रहे, लेकिन ज्यादातर अभिजात्य वर्ग और अंग्रेजी माध्यम वाले अभ्यर्थी ही इससे लाभान्वित होते रहे। परीक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाने के लिए सरकार ने 1974 में कोठारी समिति गठित की।*

# भारतीय टैलेंट के विदेश से वापसी में रोड़ा हैं भ्रष्टाचार घूसखोरी, लालफीताशाही और संसाधनों का अभाव

आज की बात



**कृष्णमोहन सिंह**

अमेरिका में एच-1बी वीजा की फीस में भारी वृद्धि के साथ एक नई वैश्विक हलचल शुरू हुई। जैसे ही यह नीति लागू हुई, भारत में इसे लेकर सरकारी गलियारों में चर्चा शुरू हो गई कि मौका है अब हम विदेश गए टैलेंट को वापस बुला सकते हैं। नीति-निर्माता, सलाहकार व देश के विकास की बात करने वाले लोगों की इसे आपदा में अवसर बनाया जाए और इसे 'ब्रेन गेन' बनाया जाए। लेकिन क्या भारतीय टैलेंट को विशेषकर अमेरिका से वापस बुलाना इतना आसान है? अमेरिका दशकों से भारतीय टैलेंट का सबसे बड़ा गंतव्य रहा है। टेक्नोलॉजी, चिकित्सा, शोध, वित्त व उच्च शिक्षा जैसे क्षेत्रों में भारतीयों ने खुद को सर्वोच्च साबित किया है। लेकिन इसके साथ ही अमेरिका की इमिग्रेशन नीति, खासकर एच-1बी और ग्रीन कार्ड प्रक्रिया, तमाम प्रतिभाशाली लोगों के लिए बेहतर अवसर व सपने को अपनी मेहनत के बदौलत सच करने सीढ़ी बन गई है। हालांकि अब भारत को दोस्त बतानेवाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीज़ा की फीस एक लाख डॉलर तक बढ़ा दी है, और ग्रीन कार्ड की प्रक्रिया लगभग ठप हो गई, तो उनमें से कुछ ने लगभग उतने ही सहूलियत वाले देशों में जाने के बारे में जानकारी जुटानी शुरू कर दी, लेकिन कई जो कहीं और उन्नत देश जाने की स्थिति में नहीं हैं या वहाँ जाने के लिए जो अनुभव की माँग है उतनी पूरी नहीं करने की मजबूरी में भारत वापस लौटने के विकल्प पर चर्चा करने लगे हैं। इन हालात में सरकार की ओर से आधिकारिक रूप से कहा गया कि हम विदेशों में बसे भारतीयों को देश में लौटने और विकास में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। पीएम की आर्थिक सलाहकार परिषद ने इसे एक अवसर बताया और कहा कि अमेरिका की नीति अब भारत को अपनी प्रतिभा लौटाने का ज़रिया बन सकती है।लेकिन सच्चाई यह है कि किसी को भावनात्मक अपील या 'देश के प्रति कर्तव्य' की याद दिलाकर अमेरिका जैसे व्यवस्थित जीवन से वापस बुलाना एक सरल प्रक्रिया नहीं। यहाँ बात सिर्फ पेशेवर अवसरों की नहीं, बल्कि उन सामाजिक और संरचनात्मक खाइयों की है जिनमें आज का भारत खुद फंसा हुआ है। नितिन हसन जैसे लोग विरले उदाहरण हैं। उन्होंने मेटा जैसी टेक दिग्गज में एक स्थिर व आकर्षक नौकरी छोड़ी और भारत लौटकर दो स्टार्टअप शुरू किए। उनका एक स्टार्टअप -B2I (बैक आफ इंडिया -विशेष रूप से उन भारतीयों की मदद के लिए है, जो अमेरिका से लौटने की सोच रहे हैं। यह प्लेटफ़ॉर्म भारत लौटने की भावनात्मक, पेशेवर और कानूनी चुनौतियों का समाधान खोजता है।हसन के अनुसार, अमेरिका की इमिग्रेशन नीतियों में आए ताज़ा बदलावों और ग्रीन कार्ड के मिलने में हो रही देरी से B2I प्लेटफ़ॉर्म पर पूछताछ तीन गुना बढ़ गई है। बीते छह महीनों में ही 200 से ज्यादा प्रवासी भारतीय उनसे भारत लौटने के विकल्पों पर चर्चा कर चुके हैं।लेकिन यह विदेश में पढ़ाई करके रह रहे और बस गये भारतीयों की कुल संख्या से बहुत ही, बहुत ही कम है। केवल कार्यरत प्रोफेशनल्स ही नहीं, बल्कि आइवी लीग जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से पढ़ाई पूरी करने वाले भारतीय छात्र भी अब भारत को एक विकल्प के तौर पर देखने लगे हैं। लेकिन तब जब अमेरिका व विश्व के अन्य बहुत ही उन्नत व सुविधाओं वाले देश में नौकरी या व्यवसाय का अवसर नहीं बने। भारत में हाल के वर्षों में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (GCCs) की संख्या तेज़ी से बढ़ी है। ये बहुराष्ट्रीय कंपनियों के ऐसे केंद्र हैं जो उत्पाद विकास, नवाचार और नेतृत्व का कार्य भारत से ही करते हैं। जो अमेरिका में दिये जाने वाले वेतन से बहुत ही कम सैलरी पर भारत में एक अपनी अलग कंपनी बना, भले ही पार्टनरशिप में हो, भारतीयों को नौकरी पर रखते हैं। लेकिन एआई के एक दम से बढ़े प्रभाव से यहाँ भी एक-एक कंपनी से कई -कई हज़ार आईटी व फाइनेंस कर्मचारी निकाले जा रहे हैं। टीसीएस, इन्फोसिस से लगायत अन्य देशी -विदेशी तमाम कंपनियां यह करने में आगे बढ़ गई हैं। उधर दूसरी तरफ जर्मनी, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड, फिनलैंड, डेनमार्क, चीन, जापान जैसे देश इन प्रवासियों को आकर्षित करने के लिए नई योजनाएं पेश कर रहे हैं। गोल्डन वीजा, तेज़ रेजिडेंसी प्रोसेस व स्थायी नागरिकता की संभावना उन्हें भारत के मुकाबले कहीं ज्यादा व्यवस्थित विकल्प प्रदान करती है।

**भारत से पलायन को प्रेरित करने वाले कारण-** भारत में रहकर काम करने की सोच को सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाले तत्व हैं – घूसखोरी, लालफीताशाही, नीति अस्थिरता, टैक्स का आतंक, आरक्षण,जातिवाद, सत्ताधारी नेताओं, दलों द्वारा उद्यमियों को फंसा कर अघोषित वसूली या चंदा वसूली, सरकारी एजेंसियों से नोटिस दिलवा, फँसा कर जेल में डलवा देना, सत्ताधारी नेताओं के एस मैन की नियुक्तियाँ और खराब इंफ्रास्ट्रक्चर। ये तमाम में से कुछ वे कारण हैं जिनकी वजह से पहले प्रतिभा बाहर गई और अब लौटने में हिचकती है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि 2020 के बाद से 5 लाख से अधिक भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ी है। हाई-नेट वर्थ इंडिविजुअल्स (HNIs) की संख्या में भारत से पलायन लगातार तेज हो रहा है।

**सवाल सिर्फ सुविधाओं का नहीं, भरोसे का भी है-** इस बारे में मनमोहन सिंह के पीएम रहने के दौरान उनके मीडिया सलाहकार व रणनीतिकार रहे संजय बारू के अनुसार(जो उन्होंने बीबीसी से बातचीत में कहा है), यदि सरकार वास्तव में गंभीर है तो उसे टॉप-लेवल प्रयास करने होंगे — जैसे पहले प्रधानमंत्री नेहरू ने किया था, जब उन्होंने दुनिया भर से वैज्ञानिकों व शिक्षाविदों को वापस बुलाकर भारतीय विज्ञान संस्थानों की नींव रखी। संजय बारू यह भी कहते हैं कि जब तक शोध, शिक्षा और संस्थागत स्वतंत्रता को बढ़ावा नहीं मिलेगा, तब तक टैलेंट केवल मजबूरी में लौटेगा — उत्साह में नहीं।

**इन हालात में भारत को यदि 'रिवर्स ब्रेन ड्रेन' का सपना साकार करना है, तो इसके लिए कुछ बुनियादी बदलाव करने होंगे-**

1. **स्पेशल स्टार्टअप वीज़ा:** विदेश से लौटने वाले लोगों के लिए तेज़, सरल व लाभकारी वीज़ा व्यवस्था।
2. **कर में रियायत:** एनआरआई के लिए टैक्स स्लैब और कानूनों में लचीलापन।
3. **शहरी सुधार:** भीड़भाड़, ट्रैफिक और प्रदूषण की समस्या का ठोस समाधान।
4. **गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य:** जिससे परिवारों को दीर्घकालिक भविष्य की सुरक्षा महसूस हो।
5. **पारदर्शी नीति और भ्रष्टाचार मुक्त प्रणाली:** जिससे निवेश व नौकरी का माहौल सुरक्षित हो।

लेकिन यह होता तो देश की प्रतिभा अमेरिका आदि संसाधन व अवसर वाले देशों में जाती ही क्यों? नीचे एक तथ्य-आधारित तालिका दी गई है जो भारत की तुलना में अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, चीन, ऑस्ट्रेलिया, जापान जैसे देशों में शिक्षा, नौकरी, स्टार्टअप, व्यवसाय शुरू करने में सहूलियत और संस्थागत बाधाओं की तुलना करती है। इसके बाद मैं एक उदाहरण स्वरूप अमेरिका बनाम भारत पर तुलना भी करूँगा।

## भारत बनाम विकसित देशों में प्रमुख क्षेत्रों की तुलनात्मक तालिका (2024-25)

| पैरामीटर | भारत | अमेरिका (USA) | कनाडा | जर्मनी | चीन | ऑस्ट्रेलिया | जापान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| R&D खर्च (% GDP) | 0.7% | 3.45% | 1.7% | 3.1% | 2.4% | 1.8% | 3.3% |
| PhD स्टाइपेंड / फंडिंग | सीमित, अनियमित | \$25,000–\$35,000/वर्ष | \$20,000–\$30,000/वर्ष | €20,000–€30,000/वर्ष | ¥100,000–¥200,000/वर्ष | AUD 28,000–AUD 35,000/वर्ष | ¥1.5 मिलियन–2.5 मिलियन/वर्ष |
| Ease of Doing Business (Rank) | 63 (2020, बंद रिपोर्ट) | 6 | 23 | 22 | 31 | 14 | 29 |
| नया स्टार्टअप शुरू करने में औसत दिन | 18–30 दिन | 4–5 दिन | 2–4 दिन | 3–5 दिन | 9–10 दिन | 2–3 दिन | 4–6 दिन |
| भ्रष्टाचार रैंक (CPI 2024) | 96वीं | 24वीं | 7वीं | 9वीं | 76वीं | 14वीं | 18वीं |
| औसत सैलरी (Tech इंडस्ट्री) | ₹10–₹25 लाख/वर्ष | \$90,000–\$150,000/वर्ष | \$75,000–\$120,000/वर्ष | €60,000–€100,000/वर्ष | ¥250,000–¥500,000/वर्ष | AUD 80,000–AUD 130,000/वर्ष | ¥6–9 मिलियन/वर्ष |
| सामाजिक सुरक्षा व सुविधा | सीमित, असमान वितरण | उच्च स्तर, सार्वभौमिक | सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा | सरकारी बीमा + पेंशन | आंशिक कवरेज | मेडिकेयर, पेंशन, NDIS | सार्वभौमिक स्वास्थ्य बीमा |
| नियंत्रण/अनुपालन जटिलता | अधिक, लालफीताशाही | कम, पारदर्शी | कम | मध्यम | उच्च | कम | मध्यम |
| जाति/नस्ल/कोटा आधारित नीति | हाँ (जाति आधारित आरक्षण) | नहीं (DEI पर जोर) | नहीं (Equal Opportunity) | नहीं (मूल रूप से मेरिट आधारित) | नहीं | नहीं | नहीं |

## भारत बनाम अमेरिका : तुलना

| पक्ष | भारत | अमेरिका |
|---|---|---|
| शिक्षा | IITs, IIMs की गुणवत्ता है, लेकिन संसाधनों की कमी, गैर-रोजगारोन्मुख डिग्रियां आम हैं | विश्व के शीर्ष 50 विश्वविद्यालयों में कई, R&D फंड भरपूर, industry-academia link मजबूत |
| नौकरी व वेतन | सैलरी कम, विशेषकर टैक्स और जीवन-स्तर के हिसाब से | उच्च वेतन, स्टॉक ऑप्शंस, हेल्थ व रिटायरमेंट बेनिफिट्स |
| स्टार्टअप वातावरण | स्टार्टअप भारत में बढ़ रहे हैं, लेकिन निवेशकों तक पहुँच, नियमों की जटिलता बाधक | Silicon Valley, VC ecosystem, सरल कानून, IP प्रोटेक्शन |
| नौकरशाही/अनुपालन | लाइसेंस, मंजूरी में महीनों लग सकते हैं | ऑनलाइन फाइलिंग, स्पष्ट डेडलाइन, जवाबदेही तय |
| भ्रष्टाचार व रिश्वत | नीति स्तर पर सुधार के बावजूद स्थानीय स्तर पर समस्या बनी हुई है | न्यूनतम, कानूनों का सख्त पालन |
| सामाजिक पूर्वाग्रह (जाति, आरक्षण) | जाति आधारित भेदभाव व आरक्षण विवादित | कोई आरक्षण नहीं, Diversity पर ध्यान |
| जीवन स्तर | महानगरों में सुविधा, लेकिन भीड़, प्रदूषण, असमानता | उच्च गुणवत्ता जीवन, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, सुरक्षा |
| पारिवारिक / सामाजिक कारण | परिवार को साथ लाना आसान, लेकिन शिक्षा महंगी | परिवार के साथ बेहतरीन जीवन शैली संभव, स्कूलिंग बेहतर |
| वापसी के लिए आकर्षण | संस्कृति, परिवार, योगदान की भावना | स्थायित्व, प्रोफेशनल ग्रोथ, वैश्विक सम्मान |




इस तुलना से हर आपदा में अवसर देखने वालों को ज़मीनी सच्चाई का अहसास हो जाएगा।

# आसमान की ढाल, देश का गर्व : भारतीय वायु सेना दिवस

देश की बात



**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

8 अक्टूबर : भारतीय वायु सेना दिवस

आसमान को चीरती गर्जना, बादलों को भेदती उड़ान और सीमाओं पर अटल प्रहरी बनकर खड़े जांबाज-यह है भारतीय वायु सेना की अमर गाथा। हर साल 8 अक्टूबर को भारतीय वायु सेना दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि साहस, बलिदान और देशभक्ति की उस अनमोल विरासत का उत्सव है, जो हर भारतीय के दिल में गर्व की ज्वाला प्रज्वलित करती है। यह दिन उन नायकों को नमन करने का है, जो अपनी जान जोखिम में डालकर आकाश में उड़ान भरते हैं, ताकि धरती पर हम चैन की साँस ले सकें। 1932 में स्थापित यह वायु सेना आज विश्व की चौथी सबसे शक्तिशाली वायु सेना बन चुकी है-देश की सुरक्षा की रीढ़, शान का प्रतीक और हर भारतीय की आकांक्षाओं का आलम। छोटे से दस्ते से शुरू हुई यह गौरवशाली यात्रा आज विश्वस्तरीय सैन्य शक्ति का पर्याय है। 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों में वायु सेना ने अपनी रणनीतिक कुशलता और अदम्य साहस से दुश्मनों को धूल चटाई। 1971 के युद्ध में मात्र 13 दिनों में 2,000 से अधिक उड़ानें भरकर, दुश्मन के हवाई ठिकानों को तबाह कर और बांग्लादेश की मुक्ति में निर्णायक भूमिका निभाकर वायु सेना ने इतिहास रचा। 1999 के कारगिल युद्ध में ऑपरेशन विजय के दौरान 6,000 मीटर की ऊँचाई पर सटीक हमलों ने दुश्मन के ठिकानों को नेस्तनाबूद किया, जिससे भारतीय सेना को जमीनी बढ़त मिली। इन युद्धों में पायलटों ने न केवल अपनी तकनीकी महारत दिखाई, बल्कि प्राणों की आहुति देकर देशभक्ति की अमर कहानियां लिखीं। युद्ध के मैदानों से इतर, भारतीय वायु सेना मानवीय संकटों में भी देश की ढाल बनी है। 2004 की सुनामी, 2013 की उत्तराखंड बाढ़ और 2020 की कोविड-19 महामारी जैसे कठिन समय में वायु सेना ने राहत और बचाव कार्यों में अपनी तत्परता साबित की। ऑपरेशन राहत



(2013) में 20,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकालकर और 3,80,000 किलोग्राम राहत सामग्री पहुँचाकर वायु सेना ने दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में फंसे लोगों को जीवनदान दिया। चाहे प्राकृतिक आपदा हो या महामारी, वायु सेना के जवान हर बार सबसे आगे खड़े रहते हैं, जो हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। भारतीय वायु सेना की ताकत इसके आधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित जवानों में निहित है। राफेल, सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29 और स्वदेशी तेजस जैसे लड़ाकू विमान विश्व के सर्वश्रेष्ठ विमानों में शुमार हैं। सी-17 ग्लोबमास्टर, चिनूक हेलीकॉप्टर और ड्रोन जैसे मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) इसकी शक्ति को और बढ़ाते हैं। स्वदेशी तेजस और डीआरडीओ की मिसाइल प्रणालियों के साथ भारत आत्मनिर्भरता की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है। पश्चिमी, पूर्वी और दक्षिणी कमांड के साथ वायु सेना चौबीसों घंटे सीमाओं की रक्षा करती है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) और वायु सेना प्रशिक्षण अकादमी जैसे संस्थान जवानों में तकनीकी कौशल के साथ-साथ नेतृत्व, अनुशासन और देशभक्ति की भावना का संचार करते हैं। हर साल 8 अक्टूबर को नई दिल्ली के विजय चौक पर गूंजती विमानों की गर्जना और भव्य परेड भारतीय वायु सेना दिवस की शान को चार चाँद लगाती है। राफेल, सुखोई-30 और स्वदेशी तेजस जैसे विमानों का हवाई प्रदर्शन हर दर्शक को मंत्रमुग्ध कर देता है। यह न केवल वायु सेना की अजेय शक्ति का प्रदर्शन है, बल्कि युवाओं में देशसेवा की ज्वाला प्रज्वलित करने वाला प्रेरणा स्रोत भी है। देशभर के वायु सेना अड्डों पर आयोजित कार्यक्रमों में स्कूली बच्चे और नागरिक उत्साह के साथ शिरकत करते हैं, जिससे नई पीढ़ी में वायु सेना के प्रति सम्मान और जोश का संचार होता है। यह उत्सव केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि देश की एकता और गौरव का जीवंत प्रतीक है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

और जोर से बात कर, और अधिक दे सीख।
ढंग अलग होंगे मगर, सभी मांगते भीख।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# कफ सिरप खांसी नहीं मौत की डोज!

## क्या बेगुनाह बच्चों के जीवन की कोई भरपाई हो सकती है?

अलग बात



**मनोज कुमार अग्रवाल**

हमारे सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार मिलावट और मुनाफाखोरी का तंत्र किस सीमा तक विकसित हो चुका है यह मध्यप्रदेश और राजस्थान में एक खांसी की दवा के सेवन से 18 बेगुनाह बच्चों की मौत से पता चलता है। यह स्थिति देश में दवाओं के कारोबार में भ्रष्ट सरकारी मशीनरी के संरक्षण में पनपे दवा सिंडिकेट का खुलासा करती है जो अपने मुनाफे और रिश्वतखोरी के लिए आमजन के जीवन से खिलवाड़ करने से भी गुरेज नहीं करते हैं। जांच के नाम पर लीपापोती की कवायद शुरू हो चुकी है। सरकारी मशीनरी अपनी खाला बचाने के लिए जांच का खेला कर रही है जबकि इस सबके लिए भ्रष्टाचार ही जिम्मेदार हैं तमाम सरकारी अस्पतालों में जिस तरह से दोयम दर्जे की दवा सप्लाई हो रहीं हैं वह किसी से छिपा नहीं है। खांसी की दवा के नाम पर कफ सीरप पीने के बाद 18 बच्चों की मौत के बाद 'कोल्डरिफ' नामक सीरप पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और इस सीरप का प्रिस्क्रिप्शन लिखने वाले डाक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं डाक्टर और कम्पनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। ये कफ सीरप तमिलनाडु की श्री सन फार्मास्यूटिकल्स फार्मा कंपनी से बनकर आए थे। मध्यप्रदेश और राजस्थान में बच्चों की मौत के बाद तमिलनाडु, केरल, उत्तर प्रदेश, झारखंड और अन्य राज्यों ने भी इस कफ सीरप की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, 2022 में कफ सिरप पीने के बाद तीन देशों में 300 बच्चों की मौत के मामले सामने आए थे। इसके पहले मध्यप्रदेश ने नेक्स्ट्रो जीएस और कोल्ड्रिफ सीरप पर रोक लगाई थी। स्थितियों की गम्भीरता को देखते हुए केन्द्र सरकार की ओर से दो वर्ष से कम के बच्चों को सीरप देने पर रोक लगाई गई थी। सीरप पीने के बाद हुई बच्चों की मृत्यु के बाद उनकी बायोप्सी रिपोर्ट में सीरप में डायएथिलीन ग्लायकॉल मिलने की पुष्टि हुई। जिससे बच्चों की किडनी फेल हो गई और उनकी मृत्यु हो गई। छिंदवाड़ा में तो 24 अगस्त को यह मामला आया जिसमें 20 दिनों में नौ बच्चों की सीरप पीने से मृत्यु हुई थी। इसके बाद भरतपुर में भी यह प्रकाश में आया कि यही सीरप पीने से वहां भी बच्चों की मृत्यु हुई। छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन नांदुलकर की मानें तो उनका कहना है कि ज्यादातर कार के इंजन में डाले जाने वाले कूलेंट, पेंट्स या ग्रीस बनाने में इस का इस्तेमाल किया जाता है। यह कितना दुखद है कि जीवन रक्षा या उपचार के लिये दी जाने वाली दवा ही मौत का कारण बन गयी। जो दवा की संदिग्ध गुणवत्ता और निर्माता कंपनियों की आपराधिक लापरवाही को ही उजागर करती है। राजस्थान में कुछ बच्चों की मौत की वजह का संबंध उस सिरप से बताया जा रहा है, जो खांसी ठीक करने के लिये दिया गया। ये हादसे इस बात को बयान करते हैं कि दवा की गुणवत्ता में चूक सामान्य उपचार को कितने जानलेवा जोखिम में बदल सकती है। बताया जाता है कि बच्चों को कथित रूप से मुख्यमंत्री की मुफ्त दवा योजना के तहत सरकारी अस्पतालों में एक जेनेरिक खांसी की सिरप दी गई थी। जबकि इस मामले में जांच चल रही है, यह त्रासदी भारत की फार्मास्यूटिकल निगरानी तंत्र की कोताही ही उजागर करती है। खासकर हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में, जो फार्मा हब के रूप में प्रमुख रूप से उल्लेखित है। महत्वपूर्ण है कि हिमाचल प्रदेश की 655 फार्मास्यूटिकल इकाइयों में से केवल 122 ही मानकों पर खरी उतरी थी। इसका मतलब यह है कि अधिकांश फार्मा इकाइयां गुणवत्ता मानकों के अनुपालन को प्रमाणित किए बिना काम कर रही हैं। ये जनस्वास्थ्य के प्रति कितनी गैरजिम्मेदार स्थिति है।



**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# अब रेप व धर्म परिवर्तन के आरोप में मनी मेराज गिरफ्तार

कसाई से बना आईपीएल कमेंटेटर, भोजपुरी एक्टर...

**एजेंसी । गाजियाबाद**

बिहार के मशहूर यूट्यूबर और भोजपुरी अभिनेता मनी मेराज, जो कभी मुर्गा काटने का काम करते थे और IPL कमेंट्री से स्टार बने, अब गंभीर आपराधिक आरोपों में फंस चुके हैं. गाजियाबाद की खोड़ा पुलिस ने उन्हें पटना से गिरफ्तार कर लिया है। बिहार के मशहूर यूट्यूबर और भोजपुरी अभिनेता मनी मेराज, जो कभी मुर्गा काटने का काम करते थे और IPL कमेंट्री से स्टार बने, अब गंभीर आपराधिक आरोपों में फंस चुके हैं. गाजियाबाद की खोड़ा पुलिस ने उन्हें पटना से गिरफ्तार कर लिया है. एक महिला यूट्यूबर ने उन पर रेप, जबरन गर्भपात, धर्म परिवर्तन का दबाव, धोखाधड़ी और आर्थिक शोषण के आरोप लगाए हैं. पुलिस ने ट्रांजिट रिमांड लेकर उन्हें गाजियाबाद लाया, जहां कोर्ट ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया. यह मामला सोशल मीडिया सितारे की चमकदार जिंदगी पर काला धब्बा बन गया है.

**कसाई से करोड़ों फॉलोअर्स तक :** मूल रूप से बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के रहने वाले मनी मेराज (असली नाम अनीस मेराज) ने अपने करियर की शुरुआत मुर्गा काटने के काम से की.गरीबी से जूझते हुए उन्होंने यूट्यूब पर कॉमेडी वीडियो बनाना शुरू किया. उनके भोजपुरी स्टाइल के वीडियो वायरल हो गए. एक वीडियो को 1.4 करोड़ से ज्यादा व्यूज मिले. आज उनके चैनल पर करोड़ों फॉलोअर्स हैं. वे IPL मैचों की भोजपुरी कमेंट्री के लिए मशहूर हैं. यूट्यूब की सफलता के बाद वे भोजपुरी फिल्मों में एक्टिंग करने लगे, जहां उनकी कॉमिक टाइमिंग को खूब सराहा गया.

**शादी का झांसा, रेप और धर्म परिवर्तन :** पीड़िता, जो खुद एक महिला यूट्यूबर हैं, ने 18 सितंबर को गाजियाबाद के खोड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई. आरोप है कि दो साल पहले दिल्ली में मनी ने झूठी पहचान बनाकर दोस्ती की और शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाए. रेप के अलावा, मनी ने उन्हें बीफ खाने, कलमा पढ़ने और इस्लाम कबूल करने के लिए मजबूर किया. जब महिला गर्भवती हुई, तो जबरन गर्भपात कराया. साथ ही, लाखों रुपये ऐंठे और पहले से शादीशुदा होने तथा दो बच्चों का पिता होने की बात छिपाई. पीड़िता ने बताया कि तीन साल से यह शोषण चल रहा था. विरोध करने पर मारपीट की धमकी दी गई. पुलिस ने आरोपों की जांच में सच्चाई पाई और पटना के अनीसाबाद इलाके से उन्हें गिरफ्तार किया।



## पटना से गाजियाबाद तक का ऑपरेशन

गाजियाबाद पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर मनी की पटना में मौजूदगी का पता लगाया. शनिवार रात दोस्त के फ्लैट से गिरफ्तारी हुई. रविवार को ट्रांजिट रिमांड लेकर गाजियाबाद लाए गए.एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने पुष्टि की कि मामले की गहन जांच चल रही है. मनी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है.पुलिस का कहना है कि अन्य संभावित पीड़िताओं की तलाश भी की जा रही है, क्योंकि मनी के कई अन्य महिलाओं से संबंध होने के आरोप हैं.

### पीड़िता ने लगाए गंभीर आरोप

महिला ने बताया कि मनी मेराज ने अपनी असली पहचान छुपाकर दोस्ती की और नशीला पदार्थ देकर उसे बेहोश किया. इसके बाद शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म किया और अप्राकृतिक संबंध बनाए. आरोपी ने महिला पर धर्म परिवर्तन का दबाव डाला और गर्भपात करवाने को मजबूर किया. पीड़िता ने यह भी बताया कि आरोपी और उसके परिवार ने बीफ खाने और कलमा पढ़ने के लिए दबाव डाला. महिला ने कहा कि यह सिलसिला पिछले तीन सालों से चल रहा था और मनी मेराज ने उससे लाखों रुपये ठग लिए. एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने पुष्टि की कि खोड़ा पुलिस टीम ने गहन जांच के बाद आरोपी को पटना से गिरफ्तार किया.

## 8 से 18 अक्टूबर तक स्कूल बंदकर जातीय जनगणना

**लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सीएम सिद्धारमैया**

**एजेंसी। कर्नाटक**



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कई ज़िलों में काम में देरी के चलते, चल रहे सामाजिक एवं शैक्षिक सर्वेक्षण, जिसे आमतौर पर जाति जनगणना कहा जाता है, को आगे बढ़ाने की घोषणा की है। 22 सितंबर से शुरू होकर 7 अक्टूबर को समाप्त होने वाला यह सर्वेक्षण अब 19 अक्टूबर तक चलेगा। सिद्धारमैया ने कहा कि कोप्पल जैसे कुछ ज़िलों ने 97 प्रतिशत काम पूरा कर लिया है, जबकि दक्षिण कन्नड़ और उडुपी जैसे अन्य ज़िलों ने केवल लगभग 60 प्रतिशत ही हासिल किया है। पूरे राज्य में सर्वेक्षण हमारी उम्मीदों के मुताबिक़ आगे नहीं बढ़ पाया है। इसे शुरुआती समय सीमा के भीतर पूरा करना संभव नहीं है। शिक्षा विभाग ने स्थायी पिछड़ा वर्ग आयोग के साथ विचार-विमर्श के बाद सर्वेक्षण अवधि बढ़ाने का आदेश जारी किया है। इस कार्य में लगभग 1.6 लाख कर्मचारी भाग ले रहे हैं, जिनमें 1.2 लाख शिक्षक और 40,000 अन्य कर्मचारी शामिल हैं। शिक्षक संघ के अनुरोध पर, सरकार ने सर्वेक्षण कार्य को सुगम बनाने के लिए सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में 8 से 18 अक्टूबर तक अवकाश घोषित किया है।

**चुनाव का ऐलान होते ही बोले - लालू यादव**

## ‘6 और 11, को एनडीए हो जाएगा नौ दो ग्यारह’

**एजेंसी। पटना**



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने मंगलवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में उन्हें हार का सामना करना पड़ेगा। राजग में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) शामिल हैं। लालू यादव ने चुनाव आयोग द्वारा बिहार में दो चरणों में 6 नवंबर और 11 नवंबर को मतदान की घोषणा के बाद एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि छह और ग्यारह, एनडीए नौ दो ग्यारह। चुनाव आयोग ने सोमवार को सभी 243 विधानसभा सीटों के लिए तारीखों की घोषणा कर दी, और मतगणना 14 नवंबर को होगी। चुनाव आयोग द्वारा चुनाव तिथियों की घोषणा के बाद, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दीं और विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को एक बार फिर निर्णायक जनादेश मिलेगा।

**हटाए गए 3.66 लाख मतदाताओं का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट**

# पीड़ित अदालत नहीं आएंगे तो आप किसके लिए ये सब कर रहे : कोर्ट

- आयोग से पूछा गया कि कितनी शिकायतें या आपत्तियां प्राप्त हुईं और उन पर क्या कार्रवाई हुई
- आयोग ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया नियमित रूप से चल रही है
- कोर्ट ने पारदर्शिता बढ़ाने और हटाए गए मतदाताओं को उचित जानकारी देने का निर्देश दिया





**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान बाहर किये गये मतदाताओं का ब्यौरा 9 अक्टूबर तक प्रस्तुत करने को कहा है। सर्वोच्च न्यायालय का यह आदेश चुनाव आयोग द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद आया है, जो 6 नवंबर से शुरू होने वाला है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ बिहार में मतदाता सूची की एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। अदालत ने सुनवाई 9 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी है।

अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि अंतिम मतदाता सूची, जिसमें 21 लाख से ज़्यादा नए नाम शामिल हैं और 3.66 लाख नाम बाहर हैं। एसआईआर से पहले जनवरी 2025 की मूल मतदाता सूची से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग यह काम बस एक बटन दबाकर कर सकता है। इस पर न्यायमूर्ति कांत पूछते हैं कि याचिकाकर्ता यह किसके लिए कर रहे हैं? ऐसे लोग हैं जो मतदाता सूची से अपने नाम हटाए जाने के ख़िलाफ़ आवाज़ नहीं उठाएँगे। वे अदालत का दरवाज़ा नहीं खटखटाएँगे। तो फिर आप यह किसके लिए कर रहे हैं। न्यायमूर्ति कांत ने कगा कि अधिवक्ता कांत बिहार के किसी एक निर्वाचन क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करके देख सकते हैं कि कितने लोगों के नाम काटे गए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 9 अक्टूबर, 2025 को दोपहर 3:30 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित की है ताकि चुनाव आयोग एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा लगाए गए आरोपों पर अपना मूल जवाब दे सके। मामले की विस्तृत सुनवाई 14 अक्टूबर को फिर से होगी। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार (30 सितंबर, 2025) को बिहार में अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी, जिसमें सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के पूरा होने पर लगभग 7.42 करोड़ नाम शामिल हैं। 15 सितंबर, 2025 को हुई पिछली सुनवाई में, सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि वह यह मानकर चल रहा है कि एक संवैधानिक प्राधिकारी होने के नाते, निर्वाचन आयोग मतदाता सूची के एसआईआर के दौरान कानून का पालन कर रहा है और आगाह किया था कि किसी भी अवैधता की स्थिति में, इस प्रक्रिया को रद्द कर दिया जाएगा।

**खड़गे ने की रायबरेली घटना की निंदा की बोले-**

## यह सामाजिक न्याय के खिलाफ अपराध

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली में दलित युवक की पीट-पीटकर हत्या की कड़ी निंदा की है। पार्टी की ओर से एक संयुक्त वक्तव्य जारी कर उन्होंने इस घटना को संविधान और सामाजिक न्याय के खिलाफ अपराध बताया। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर कांग्रेस की तरफ से जारी किए गए संयुक्त वक्तव्य का पत्र जारी किया है। इसमें कहा गया कि रायबरेली में दलित युवक की हत्या निंदनीय है। यह घटना देश के संविधान का अपमान है, जो सभी नागरिकों को समानता और सुरक्षा का अधिकार देता है। यह दलित समुदाय के खिलाफ अपराध होने के साथ-साथ पूरे समाज पर कलंक है।

पार्टी ने कहा कि देश में दलितों, अल्पसंख्यकों और गरीबों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। चाहे हाथरस और उन्नाव में महिलाओं पर अत्याचार, रोहित वेमुला की हत्या, मध्य प्रदेश में आदिवासी युवक पर यूरिन करने की अमानवीय घटना, ओडिशा और मध्य प्रदेश में दलितों की पिटाई या फिर हरियाणा के पहलू खान और उत्तर प्रदेश के अखलाक की हत्या हो, ये सभी मामले समाज और प्रशासन की संवेदनहीनता को दर्शाते हैं। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि 2014 के बाद से मॉब लिंचिंग, बुलडोजर की कार्रवाई और भीड़तंत्र जैसी घटनाएं आम हो गई हैं, जो किसी सभ्य समाज के लिए स्वीकार्य नहीं हैं। हरिओम की हत्या हमारे समाज की नैतिकता पर सवाल उठाती है। कांग्रेस पार्टी ने डॉ. भीमराव आंबेडकर और महात्मा गांधी के सपनों के भारत की बात की, जो सामाजिक न्याय, समानता और संवेदना पर आधारित है।

कांग्रेस ने जोर देकर कहा कि हिंसा का कोई स्थान नहीं होना चाहिए और मानवता ही एकमात्र रास्ता है। संयुक्त वक्तव्य में लोगों से अपील की गई कि वे इस तरह के अन्याय के खिलाफ एकजुट हों। कांग्रेस वंचित और कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। पार्टी ने मांग की कि हर भारतीय के अधिकारों और सम्मान की रक्षा सुनिश्चित की जाए।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, रायबरेली पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**कफ सिरप से बच्चों की मौत का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट**

## सीबीआई जांच और कंपनियों के लाइसेंस रद्द करने की मांग

**एजेंसी। मध्य प्रदेश**

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में दूषित कफ सिरप पीने से कम से कम 14 बच्चों की मौत की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। अधिवक्ता विशाल तिवारी द्वारा दायर इस याचिका में देश भर में सभी दूषित कफ सिरप बैचों पर प्रतिबंध लगाने और उन्हें वापस मंगाने तथा सभी सिरप-आधारित फ़ॉर्मूलेशनों की अनिवार्य जाँच की भी माँग की गई है। अन्य राज्यों में हुई ऐसी ही घटनाओं का हवाला देते हुए, तिवारी ने आग्रह किया कि जाँच सर्वोच्च न्यायालय के किसी पूर्व न्यायाधीश की निगरानी में कराई जाए। याचिका में शोक संतप्त परिवारों को मुआवज़ा देने और दवा सुरक्षा अलर्ट की वास्तविक समय पर निगरानी के लिए एक राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस पोर्टल बनाने की मांग की गई है। इसमें संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन के अधिकार का भी हवाला दिया गया है, जिसमें कहा गया है यह अधिकार सुनिश्चित करता है कि उपचार के लिए बनाई गई कोई भी दवा मौत का कारण न बने। यह मामला छिंदवाड़ा में हुई उस त्रासदी से जुड़ा है जहाँ कोल्ड्रिफ कफ सिरप पीने से 15 साल से कम उम्र के 14 बच्चों की मौत हो गई थी।



राज्य सरकार द्वारा किए गए परीक्षणों में पाया गया कि तमिलनाडु स्थित श्रीसन फार्मा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित सिरप में डायएथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) पाया गया था - एक ज़हरीला औद्योगिक विलायक जो दवाइयों में इस्तेमाल के लिए प्रतिबंधित है। शुरुआती रिपोर्टों से पता चला कि सिरप पीने के बाद कई बच्चों को गंभीर गुर्दे की विफलता का सामना करना पड़ा और कुछ ही दिनों में मरने वालों की संख्या चौदह हो गई। बाद में महाराष्ट्र के नागपुर से भी इसी तरह के मामले सामने आए। याचिका में केंद्र सरकार और केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की निष्क्रियता पर सवाल उठाया गया है।

और आरोप लगाया गया है कि दूषित पदार्थों की पुष्टि होने के बावजूद कोई प्रतिबंध या चेतावनी जारी नहीं की गई।

## एसआईआर के बिना बंगाल में शांति बहाल नहीं होगी: दिलीप घोष



**कोलकाता।** बंगाल के बाढ़ क्षेत्रों का दौरा करने गए भाजपा विधायक और सांसद पर हुए हमले पर भाजपा नेता दिलीप घोष ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि बंगाल की स्थिति के लिए मुख्यमंत्री जिम्मेदार हैं। हमारे विधायक, सांसद दौरा करने गए तो उन पर हमला हुआ। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि बंगाल में एसआईआर के बिना शांति बहाल नहीं हो सकती है। इसलिए, जरूरी है कि यहां पर भी एसआईआर कराया जाए। उन्होंने दावा किया कि ममता बनर्जी ने रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को यहां पर वोट बैंक बनाकर रखा है, जिसकी वजह से वे चुनाव जीतती रही हैं। उन्होंने कहा कि जो स्थिति बंगाल में है, यहां पर तो राष्ट्रपति शासन लगाने की जरूरत है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर हमले की कोशिश पर भाजपा नेता दिलीप घोष ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। अदालत के अंदर इस तरह की चीजें बर्दाश्त से बाहर हैं।

## छांगुर बाबा गिरोह पर शिकंजा, विदेशी फंडिंग से फैलाई जा रही थी साज़िश

**एजेंसी। उत्तर प्रदेश**



उत्तर प्रदेश के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी करीबी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन समेत छह आरोपियों के खिलाफ लखनऊ से मुंबई तक फैले एक राष्ट्रव्यापी अवैध धर्मांतरण नेटवर्क को चलाने के आरोप में आरोपपत्र दाखिल किया है। जांच के अनुसार, इस रैकेट में विदेशी फंडिंग, करोड़ों की संपत्ति और हिंदू व सिख महिलाओं को छल-कपट, धमकी और डरा-धमकाकर धर्म परिवर्तन के लिए लुभाने की एक सुनियोजित साजिश शामिल थी। चौंकाने वाली बात यह है कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) की अदालत का एक कर्मचारी भी आरोपियों में शामिल है।

**विदेशी फंडिंग और भारी संपत्ति का पता**

एटीएस की जाँच से पता चला है कि दुबई स्थित कंपनियों से करोड़ों रुपये भारतीय खातों में भेजे गए। यह धनराशि नीतू नसरीन और उनके पति नवीन रोहरा तक पहुँचाई गई, जिन्होंने कथित तौर पर इस पैसे से बलरामपुर और आसपास के जिलों में करोड़ों रुपये की कई संपत्तियाँ खरीदीं। कथित तौर पर अदालत के कर्मचारी राजेश उपाध्याय ने इनमें से कई लेन-देन में मदद की।

- यूपी एटीएस ने अवैध धर्मांतरण रैकेट का भंडाफोड़ किया।
- छांगुर बाबा और नीतू नसरीन समेत छह आरोपियों पर आरोपपत्र दाखिल।

### लोकतंत्र को कमज़ोर करने की कट्टरपंथी साज़िश

जांचकर्ताओं का दावा है कि छांगुर बाबा का गिरोह सिर्फ़ लोगों का धर्मांतरण ही नहीं कर रहा था, बल्कि एक बड़े लक्ष्य की ओर काम कर रहा था: भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमज़ोर करना और शरिया कानून स्थापित करना। इस समूह ने चरमपंथी विचारधारा फैलाने और देश को अस्थिर करने के लिए एक प्रशिक्षण केंद्र बनाने की भी योजना बनाई थी।

### ईडी की जांच से दुबई से संबंधों की पुष्टि

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी जाँच में शामिल हो गया है और उसे इस रैकेट से जुड़े करोड़ों रुपये के विदेशी धन के ठोस सबूत मिले हैं। अब तक, लग्जरी कारों और बहुमूल्य ज़मीन सहित ₹13 करोड़ से ज़्यादा की संपत्ति ज़ब्त की जा चुकी है।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज इस राशि के छात्रों के करियर में नया बदलाव आएगा, जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। आपकी सेहत ठीक रहेगी। घरेलू कामों में रुचि बनी रहेगी और रिलैक्स महसूस करने के लिए मनोरंजन संबंधी योजनाएं भी बन सकती हैं।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज व्यवस्थित दिनचर्या तथा खान-पान सही रखने से आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा। आप अपने दम पर हर काम को करने की क्षमता रखेंगे। व्यवसायिक उथल-पुथल और आर्थिक स्थिति की वजह से परिवार के सदस्यों के खर्चों में कटौती करनी पड़ सकती है।

**मिथुन :** आज किसी खास काम में आपको फायदा मिलेगा। माता-पिता के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बातों से प्रभावित होंगे, आपके कामों में आपकी मदद भी करेंगे। आज आपको घर के किसी वरिष्ठ सदस्य के स्वास्थ्य को लेकर उलझन बनी रहेगी।

**कर्क :** आज आपका दिन नई उमंग के साथ शुरू होगा। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहेगा। आज मीडिया और कम्युनिकेशन से संबंधित व्यवसाय में उपलब्धियों के योग बन रहे हैं। इस उचित समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। व्यावसायिक पार्टियों के साथ रिश्ते मधुर बनाने का प्रयास करेंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। घर में नजदीकी रिश्तेदारों के आने से उत्सव का माहौल रहेगा। आज आप जरूरत से ज्यादा किसी भी व्यक्ति के ऊपर विश्वास करने से बचें और खुद पर यकीन करें। आज बच्चों के साथ उनके क्रियाकलापों में रुचि लेना और सहयोग करना।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको घर से संबंधित किसी समस्या का समाधान मिलने वाला है। बेहतर होगा कि आप वरिष्ठ सदस्य की सलाह और मार्गदर्शन पर ध्यान दें। आप उलझन से मुक्त होकर अपने व्यक्तिगत कार्यों पर ध्यान दे पाएंगे। बच्चों की शिक्षा और करियर से रिलेटिड भी कोई काम हो सकता है।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। इस समय आप अपने बढ़ते खर्चों में कटौती करने का प्रयास करेंगे। लेकिन आप धैर्य और संयम बनाये रखें, जल्द ही सब ठीक होगा। फालतू बातों में ध्यान ना दें, और अपने काम में ही व्यस्त रहें। आज दोपहर बाद परिस्थितियां सकारात्मक रहेंगी।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज काफी हद तक आप खुद को पॉजिटिव महसूस करेंगे। आज आप ध्यान रखेंगे कि आपकी बात से किसी को आघात ना पहुंचे। अपनी महत्वपूर्ण चीजों की देखभाल खुद करेंगे। आज व्यक्तिगत कारणों की वजह से व्यवसाय पर अधिक ध्यान नहीं दे पाएंगे।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज मौजूदा बिजनेस में नई उपलब्धियां मिलने की संभावना है। अपने कार्यक्षेत्र में जो बदलाव किए हैं, उसके भी भविष्य में बेहतर परिणाम हासिल होंगे। कोई ऑफिशियल जर्नी भी करनी पड़ सकती है। साथ ही प्रमोशन की भी संभावनाएं बन रही हैं।

**मकर :** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज ऑफिस के काम में आप थोड़े बिजी होंगे और आपको थोड़ी थकान महसूस होगी, अपने खानपान पर विशेष ध्यान दें। आज राजनैतिक और अनुभवी व्यक्ति की सलाह और मदद आपके व्यवसाय को नई दिशा देगी। आर्थिक स्थिति आज अच्छी बनी रहेगी।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। इस समय अपने व्यक्तिगत कार्यों पर ज्यादा ध्यान दें। पिछले कुछ समय से चल रही उलझनों से राहत मिलेगी। आज अचानक ही आपको कहीं से सहयोग और उचित सलाह भी हासिल होगी। इस राशि के विदेश जाने के लिए प्रयास कर रहे व्यक्तियों को शुभ सूचना मिल सकती हैं।

**मीन :** अ आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज योजनाबद्ध तरीके से अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करें, इससे आपके कार्य सफल होंगे। नजदीकी रिश्तों से चल रहे मन-मुटाव दूर होने से रिश्तों में मधुरता आएगी। साथ ही परिवार के साथ कोई मनोरंजक प्रोग्राम भी बनेगा।

**राहुल पर सवाल** | राहुल गांधी को विदेश में कौन बुलाता है? यह रहस्य है : सुधांशु त्रिवेदी

# भारतीय विश्वविद्यालय क्यों नहीं बुलाते राहुल को ?

- राहुल ने विश्वविद्यालय में केंद्र सरकार की आलोचना की थी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने मंगलवार को सवाल उठाया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को विदेशी विश्वविद्यालयों में क्यों आमंत्रित किया जाता है, जबकि उन्हें किसी भी भारतीय विश्वविद्यालय में बोलने के लिए आमंत्रित नहीं किया जाता। त्रिवेदी की यह टिप्पणी कोलंबिया के ईआईए विश्वविद्यालय में गांधी की हालिया टिप्पणियों के बाद आई है, जहाँ उन्होंने केंद्र सरकार की आलोचना की थी। एएनआई से बात करते हुए, भाजपा नेता ने विदेश में व्याख्यान देने के लिए राहुल गांधी की आलोचना की और दावा किया कि वह भारत की छवि खराब करते हैं और देश की उपलब्धियों को नज़रअंदाज़ करते हैं। उन्होंने आगे कहा, “उन्हें कौन आमंत्रित करता है, यह एक रहस्य है?”त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस में कई विद्वान नेता हैं। लेकिन कोई उन्हें विदेशी विश्वविद्यालयों में क्यों नहीं बुलाता, सिर्फ़ राहुल गांधी को ही क्यों बुलाता है? अगर वह इतने विद्वान हैं, तो देश का कोई भी विश्वविद्यालय उन्हें क्यों नहीं बुलाता? उन्हें कौन बुलाता है, यह एक रहस्य है। वह वहाँ जाते हैं और कुछ न कुछ कहते हैं। यह राहुल गांधी द्वारा 2 अक्टूबर को नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधने के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती लोकतंत्र पर हमला है। गांधी ने कहा कि भारत में इंजीनियरिंग और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में मज़बूत क्षमताएँ हैं, इसलिए मैं देश को लेकर बहुत आशावादी हूं।

**राहुल गांधी के पिछले दस वर्षों के विदेश दौरों की जांच हो : निशिकांत दुबे**



**नई दिल्ली।** झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य सांसदों के विदेश दौरे को लेकर बड़ा सवाल उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी और कुछ अन्य सांसद बिना भारत सरकार की अनुमति के विदेशों का दौरा कर रहे हैं, जो ठीक नहीं है और इसकी जांच होनी चाहिए। सांसद दुबे ने अपने आधिकारिक ‘एक्स’ हैंडल पर पोस्ट किया कि राहुल गांधी और अन्य सांसद जो विदेशों में अध्ययन भ्रमण (स्टडी टूर) के नाम पर घूमते हैं, वे सरकार को जानकारी दिए बिना विदेश यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से इस मामले की जानकारी लेने और उचित कार्रवाई करने की मांग की है।निशिकांत दुबे ने एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक उदाहरण भी पेश किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 1986 में जब राजीव गांधी सरकार सत्ता में थी, तब बिना अनुमति के विदेश दौरे के कारण दो केंद्रीय मंत्री चंदूलाल चंद्राकर (राज्य मंत्री, ग्रामीण विकास) और केपी सिंह देव (राज्य मंत्री, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति) को इस्तीफा देना पड़ा था। इसके साथ ही उस समय के इलेक्ट्रॉनिक्स आयोग के अध्यक्ष एमएस संजीवी राव को भी पद छोड़ना पड़ा था। उन्होंने कहा कि उस दौर में एक व्यक्ति रामस्वरूप ने इन्हें चीन, ताइवान, कोरिया और हांगकांग का मुखबिर बनाकर देश के खिलाफ जासूसी करने का आरोप लगाया था। यह घटना उस समय के लिए बेहद गंभीर थी और इसे लेकर कड़ा रुख अपनाया गया था।

## संजू सैमसन का नंबर कब आएगा

# टी-20 में ओपनिंग पोजिशन से हटाया गया, वनडे में युवा जुरेल ने जगह छीनी



**एजेंसी । नई दिल्ली**

2015 में भारतीय टीम के लिए डेब्यू करने वाले संजू सैमसन 2023 तक महज 24 टी-20 मैच ही खेल सके थे। आखिरकार 2024 वर्ल्ड कप के बाद उनकी भारतीय टी-20 टीम में जगह पक्की हुई। उन्होंने फिर ओपनिंग करते हुए 5 महीनों में 3 शतक लगा दिए। लगा कि अब संजू भारत के लॉन्ग टर्म ओपनर होंगे। लेकिन, एशिया कप में उन्हें अपनी जगह शुभमन गिल के लिए खाली करनी पड़ गई। संजू ने मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी की। फाइनल में जब भारतीय टीम 20 रन पर तीन विकेट गंवा चुकी थी तब उन्होंने तिलक वर्मा के साथ 57 रन की पार्टनरशिप लगाई और भारत की मैच में वापसी कराई। इसके बाद माना जा रहा था कि संजू ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत की वनडे टीम में भी जगह बना लेंगे। लेकिन, ऐसा हुआ नहीं। मुख्य विकेटकीपर के तौर पर केएल राहुल चुने गए और बैकअप के तौर पर ध्रुव जुरेल टीम में आ गए। संजू बाहर रह गए। ऐसा तब हुआ है जब संजू ने 16 वनडे मैचों में 56 की औसत से रन बनाए हैं। दूसरी ओर जुरेल ने अभी वनडे में डेब्यू भी नहीं किया है। संजू एक बार फिर नजरअंदाज हो गए। हालांकि, यह पहला मौका नहीं जब संजू और उनके फैंस का दिल टूटा हो। 10 साल से उनकी कहानी इसी तरह उम्मीद और हार्ट ब्रेक के बीच झूलती रही है।

2014 का अंडर-19 वर्ल्ड कप पिछले 15 साल में भारत के लिए सबसे खराब रहा। टीम क्वार्टर फाइनल में ही इंग्लैंड से हारकर बाहर हो गई। इसके बावजूद आईसीसी टूर्नामेंट ने भारत को श्रेयस अय्यर, कुलदीप यादव और संजू सैमसन जैसे भविष्य के सितारे दे दिए। टूर्नामेंट में युवा सैमसन ने अपनी पावर हिटिंग से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। उन्होंने निकोलस पूरन के बाद सबसे ज्यादा 12 छक्के लगाए। टॉप-15 रन स्कोरर में उनका स्ट्राइक रेट पूरन के बाद बेस्ट रहा। वे टीम इंडिया के टॉप स्कोरर भी रहे और ग्रुप स्टेज में अकेले दम पर टीम को मैच जिताए।

**20 साल की उम्र में डेब्यू कर लिया :** अंडर-19 वर्ल्ड कप से पहले ही 2013 में उनकी पावर हिटिंग को देखते हुए राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल के लिए खरीद लिया। शुरुआती 2 सीजन उन्होंने 24 मैच भी खेल लिए, इनमें 22 छक्के और 44 चौके शामिल रहे। अंडर-19 और आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर सैमसन को 2015 में ही टी-20 डेब्यू का मौका मिल गया। जिम्बाब्वे और श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने 1 मैच खेला, लेकिन 24 गेंद पर 19 रन ही बना सके।

**आईपीएल में परफॉर्म किया, लेकिन मौके नहीं :** टी-20 डेब्यू के बाद सैमसन को टीम से बाहर कर दिया गया। इंटरनेशनल टीम में मौके नहीं मिले, लेकिन सैमसन ने आईपीएल में राजस्थान और दिल्ली कैपिटल्स से खेलते हुए लगातार परफॉर्म किया। वे अब राजस्थान की कप्तानी करते हैं और 3 शतक लगाकर 4704 रन बना चुके हैं। इस दौरान उन्होंने 219 छक्के भी लगा दिए।

### डेब्यू के बाद साढ़े 4 साल इंतजार किया

टी-20 डेब्यू के बाद सैमसन को इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। 2020 में आईपीएल प्रदर्शन के आधार पर स्क्वॉड में शामिल किया जाने लगा, लेकिन सीरीज में 1-2 मैच ही खिलाए गए। 2023 तक सैमसन टीम से अंदर-बाहर होते रहे। उन्हें आयरलैंड, श्रीलंका और वेस्टइंडीज जैसी टीमों के खिलाफ ही मौके मिले। 2022 में आयरलैंड के खिलाफ ही वे एक फिफ्टी लगा सके, लेकिन टीम में जगह पक्की नहीं कर पाए। धोनी के बाद विकेटकीपर पोजिशन पर कभी केएल राहुल तो कभी ऋषभ पंत को मौके दिए, लेकिन कोई भी स्थापित नहीं हो सका।

**2023** तक सिर्फ 24 टी-20 मैच ही खेल सके थे

**2024** वर्ल्ड कप के बाद टी-20 टीम में हुई उनकी स्थायी वापसी

### पांच महीने में तीन शतक लगा दिए

2024 के टी-20 वर्ल्ड कप में संजू सैमसन को ऋषभ पंत के साथ विकेटकीपर के रूप में चुना गया। वॉर्म-अप मैच में पंत ने फिफ्टी लगा दी, वहीं सैमसन कुछ खास नहीं कर सके। इसलिए पूरे टूर्नामेंट सैमसन को बेंच पर बैठना पड़ा। पंत को टूर्नामेंट में पूरे मौके मिले, लेकिन वे भी कुछ खास नहीं कर सके। वर्ल्ड कप के बाद गौतम गंभीर टीम इंडिया के हेड कोच बने। उन्होंने सैमसन को टी-20 टीम में ओपनिंग पोजिशन पर लगातार मौके दिए। संजू ने मौकों को भुनाया और जुलाई से नवंबर के बीच 5 महीने में 3 शतक लगा दिए। उनकी 2 सेंचुरी साउथ अफ्रीका और एक बांग्लादेश के खिलाफ आई।

## मुश्किल है रोहित-कोहली के लिए विश्व कप 2027 खेलना



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए शुभमन गिल के हाथों में भारत की वनडे टीम की कमान है। 26 वर्षीय गिल की कप्तानी में विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी इस सीरीज में खेलते नजर आएंगे। कुछ दिग्गजों ने सेलेक्टर्स के इस फैसले पर सवाल खड़े किए हैं। वहां, कुछ फैंस मान रहे हैं कि यह इन दोनों ही दिग्गज खिलाड़ियों के शानदार युग के अंत की शुरुआत है। जब से 38 वर्षीय रोहित शर्मा के स्थान पर गिल को टीम की कमान सौंपी गई है, तभी से क्रिकेट जगत में बहस छिड़ गई है। कुछ फैंस ने ये तक मान लिया है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा अब विश्व कप 2027 के प्लान का हिस्सा ही नहीं हैं। शुभमन गिल को इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था, जहां भारत ने पांच मुकाबलों की सीरीज में 2-2 से बराबरी की, जिसके बाद उन्हें एशिया कप 2025 में उपकप्तान चुना गया। अब वनडे टीम का जिम्मा सौंपना यह दर्शाता है कि शायद बोर्ड उन्हें आगामी वनडे विश्व कप में एक कप्तान के तौर पर देखता है। पूर्व स्टार क्रिकेटर मोहम्मद कैफ का मानना है कि गिल को बहुत ही जल्दी ये बड़ी जिम्मेदारी सौंप दी गई है। उन्हें डर है कि इस तरह जल्दी-जल्दी सब मिलना नुकसानदायक भी साबित हो सकता है। एक ओर सबा करीम रोहित शर्मा से वनडे कप्तानी छीने जाने पर सवाल खड़े कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कोहली-रोहित को चुने जाने पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। वेंगसरकर का कहना है कि ये खिलाड़ी लंबे वक्त से खेल से दूर हैं। ऐसे में उनकी फॉर्म और फिटनेस का आकलन बेहद मुश्किल है। हालांकि, उन्होंने स्वीकारा है कि रोहित-कोहली संभवतः शानदार रिकॉर्ड के चलते टीम में चुने गए हैं। रोहित शर्मा के वनडे फॉर्मेट में प्रदर्शन को देखा जाए, तो तीन दोहरे शतक जड़ चुके दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 273 मुकाबलों में 48.76 की औसत के साथ 11,168 रन बनाए हैं।

## 'आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' के लिए नामित अभिषेक-कुलदीप

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



एशिया कप 2025 में चमक बिखेरने वाले अभिषेक शर्मा और कुलदीप यादव को आईसीसी 'पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ' के लिए नामित किया गया है। इसमें सितंबर माह में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चुना गया है, जिसमें जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट भी शामिल हैं। अभिषेक शर्मा ने एशिया कप के दौरान शानदार फॉर्म दिखाई। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 7 टी20 मुकाबलों में 314 रन बनाए। इस दौरान अभिषेक ने तीन अर्द्धशतकीय पारियां भी खेलीं। वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुना गया। अभिषेक 931 अंकों के साथ पुरुषों के टी20 इतिहास में अब तक की सर्वोच्च बल्लेबाजी रेटिंग भी हासिल कर चुके हैं। वहीं, बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव ने एशिया कप 2025 में 6.27 की इकॉनमी रेट से 17 विकेट हासिल किए। वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। इस दौरान उनके बल्ले से 32 चौके और 19 छक्के देखने को मिले। कुलदीप यादव ने बांग्लादेश के विरुद्ध 18 रन देकर 3 विकेट हासिल किए, जबकि पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल मैच में 30 रन देकर 4 विकेट चटकाए। भारत ने एशिया कप 2025 के फाइनल में पाकिस्तान को 5 विकेट से शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया। भारत ने इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान को 3 बार हराया। इस पूरे टूर्नामेंट में भारत अजेय रहा। जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट पूरे सितंबर में शानदार फॉर्म में नजर आए। उन्होंने नौ टी20 मुकाबलों में 55.22 की औसत के साथ 497 रन जुटाए।

## कोच्चि में खेलेगी मेसी की कप्तानी वाली अर्जेंटीना, मुख्यमंत्री विजयन ने की तैयारियों की समीक्षा

**तिरुवनंतपुरम (आईएएनएस)।** दुनिया के महान और लोकप्रिय फुटबॉलरों में से एक लियोनल मेसी की कप्तानी में अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम केरल के कोच्चि में मुकाबला खेलेगी। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने मंगलवार को कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में नवंबर में होने वाले मैच की तैयारियों का आकलन करने के लिए एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने कहा कि केरल को अर्जेंटीना जैसी वैश्विक फुटबॉल महाशक्ति की मेजबानी पर गर्व है और यह आयोजन राज्य के फुटबॉल के प्रति जुनून के साथ-साथ प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों के आयोजन की क्षमता को भी प्रदर्शित करेगा। उन्होंने मैच से पूर्व स्टेडियम को विश्व स्तरीय मानकों के अनुरूप विकसित करने और इसके लिए युद्धस्तर पर कार्य करने का आदेश दिया।



### वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप

## 16वें पायदान पर रहे भारत के अजय बाबू वल्लूरी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में मंगलवार को पुरुषों के 79 किलोग्राम वर्ग में कॉमनवेल्थ चैंपियन अजय बाबू वल्लूरी 16वें स्थान पर रहे। 20 वर्षीय भारतीय भारोत्तोलक ने ग्रुप-सी में प्रतिस्पर्धा करते हुए कुल 323 किलोग्राम उठाया। वह 39 प्रतियोगियों में 16वें स्थान पर रहे। उन्होंने स्नैच में 146 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 177 किलोग्राम वजन उठाया। वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में अजय ने आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता की शुरुआत की। उन्होंने स्नैच में अपने पहले प्रयास में सफलतापूर्वक 146 किलोग्राम भार उठाया, लेकिन अगले दो प्रयासों में 150 किलोग्राम भार उठाने में असफल रहे। क्लीन एंड जर्क में अजय बाबू ने 172 किलोग्राम और 177 किलोग्राम भार उठाया, लेकिन इसके बाद 180 किलोग्राम का एक प्रयास असफल रहे। अजय बाबू वल्लूरी ने इस साल अगस्त में अहमदाबाद में हुई कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में कुल 335 किलोग्राम (152 किलोग्राम + 183 किलोग्राम) वजन उठाकर गोल्ड जीता था।

## पियर्स मॉर्गन ने एलिस्टर कुक से मांगी माफी, 11 साल पहले 'अपमानजनक' शब्द का किया था इस्तेमाल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** पत्रकार और लेखक पियर्स मॉर्गन इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक के आलोचक रहे हैं। 11 साल पहले उन्होंने कुक को 'छछूंदर' कहा था। इस पुरानी घटना के लिए मॉर्गन ने कुक से माफी मांगी है। हाल ही में एलिस्टर कुक और पियर्स मॉर्गन 'द ओवरलैप क्रिकेट शो' के एक एपिसोड में साथ नजर आए थे। उनके साथ आने से इस बात का अंदाजा लगाया गया कि कुक और मॉर्गन के बीच पुराना विवाद समाप्त हो चुका है। 11 साल पहले (एशेज सीरीज) केविन पीटरसन को उनके प्रदर्शन के आधार पर इंग्लैंड क्रिकेट टीम से ड्रॉप किया गया था। इस निर्णय के लिए मॉर्गन कुक को जिम्मेदार मानते थे और उनकी कड़ी आलोचना की थी। इसी कड़ी में उन्होंने कुक के लिए 'छछूंदर' शब्द भी कहा था। मॉर्गन ने अपने उस शब्द के लिए कुक से माफी मांग ली। मॉर्गन ने कहा, "मुझे स्वीकार करना होगा कि मैं व्यक्तिगत रूप से आपके खिलाफ था। जब मैं आपके बारे में अपने कुछ ट्वीट्स पर गौर करता हूं, तो मुझे पता है कि आप सोशल मीडिया पर नहीं हैं, लेकिन मैंने कुछ ज्यादा ही कर दिया था।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारत बनेगा एआई उत्पाद व सेवाओं का वैश्विक केंद्र : निर्मला सीतारमण




**मुंबई (आईएएनएस)**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अपने कई डीपफेक वीडियो ऑनलाइन सर्कुलेट होते देखे हैं, जिनमें नागरिकों को गुमराह करने और तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने के लिए हेरफेर किया गया है। उन्होंने कहा कि यह हमें याद दिलाता है कि हमें अपनी सुरक्षा को तेजी से मजबूत करना होगा। मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 के छठे संस्करण को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि न्यू जेनरेशन फ्रॉड न केवल फायरवॉल्स को ब्रीच करने से जुड़ा है बल्कि यह ट्रस्ट को हैक करने से जुड़ा है। उन्होंने कहा, "अपराधी एआई का इस्तेमाल वॉइस की नकल करने, पहचान का क्लोन बनाने और असल लगने वाले वीडियो को बनाने के लिए कर रहे हैं, जो आम लोगों को आसानी से प्रभावित कर सकता है।

उन्होंने बताया कि 90 प्रतिशत से अधिक निवेशकों को कवर करने वाले प्रमुख ब्रोकर और सभी म्यूचुअल फंड पहले ही इसे सक्षम कर चुके हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि एक वैलिड हैंडल बिना यूजर प्रिफरेंस को प्रभावित किए, सुरक्षा और एक्सेसिबिलिटी को बेहतर बनाते हुए, मौजूदा पेमेंट ऑप्शन को बरकरकरार रखते हुए प्रतिभूति बाजार में एक वेरिफाइड और सिक्योर पेमेंट चैनल स्थापित करता है। सेबी ने सेबी चेक शुरू किया है, जो निवेशकों को वेब पोर्टल और सारथी ऐप के माध्यम से पेमेंट करने से पहले यूपीआई, एनईएफटी, आरटीजीएस और आईएमपीएस में रजिस्टर्ड मध्यस्थों की यूपीआई आईडी और बैंक अकाउंट डिटेल्स (खाता संख्या+आईएफएससी) वेरिफाई करने की अनुमति देता है।

वित्त मंत्री सीतारमण ने आगे कहा कि सरकार ने नीतिगत समर्थन, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और दूरदर्शी विनियमन के संतुलित मिश्रण के माध्यम से फिनटेक सेक्टर के विकास और इनोवेशन को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, "आधार, यूपीआई, अकाउंट एग्रीगेटर फ्रेमवर्क और डिजी लॉकर सभी ने नागरिकों की बेहतरी के लिए पब्लिक फाइनेंस के संचालन के तरीके को निर्णायक रूप से बदल दिया है। भारत ने 1.3 बिलियन डॉलर के इंडियाएआई मिशन के शुभारंभ के साथ ग्लोबल एआई क्षेत्र में निर्णायक रूप से कदम रखा है। भारत ग्लोबल एआई टैलेंट में 16 प्रतिशत का योगदान देता है और टॉप तीन टैलेंट मार्केट में से एक है।

## आर्थिक मजबूती : वर्ल्ड बैंक ने भारत की जीडीपी ग्रोथ बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत का अनुमान लगाया

**एजेंसी । मुंबई**

वर्ल्ड बैंक ने 7 अक्टूबर को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाकर 6.5% कर दिया है। अप्रैल में वर्ल्ड बैंक ने 2025-26 के लिए भारत के विकास अनुमान को 6.7% से घटाकर 6.3% कर दिया था। विश्व बैंक का कहना है कि खपत में लगातार मजबूती के कारण भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। साथ ही जीएसटी में बदलाव से भी आर्थिक गतिविधियों को सपोर्ट मिलेगा।

हालांकि रिपोर्ट में भारत की 2026-27 की वृद्धि दर घटाकर 6.3% कर दी गई है। इससे पहले एफवाई 27 के लिए विकास दर का अनुमान 6.5% था। वर्ल्ड बैंक ने इसका कारण अमेरिका के 50% टैरिफ को बताया है। विश्व बैंक के मुताबिक, इस हाई टैरिफ की वजह से भारत के निर्यात पर बुरा असर पड़ेगा, इसलिए एफवाई27 के लिए विकास दर का अनुमान थोड़ा कम किया गया है।

### आरबीआई ने 6.8% इकोनॉमी ग्रोथ का अनुमान जताया

इससे पहले आरबीआई ने भी देश की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.5% से बढ़ाकर 6.8% किया था। यह फैसला मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चली मीटिंग में लिया गया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 1 अक्टूबर को इसकी जानकारी दी थी।




**दो तरह की होती है जीडीपी :** जीडीपी दो तरह की होती है। रियल जीडीपी और नॉमिनल जीडीपी। रियल जीडीपी में गुड्स और सर्विस की वैल्यू का कैलकुलेशन बेस ईयर की वैल्यू या स्टेबल प्राइस पर किया जाता है। फिलहाल जीडीपी को कैलकुलेट करने के लिए बेस ईयर 2011-12 है।

**जीडीपी क्या है?** इकोनॉमी की हेल्थ को ट्रैक करने के लिए जीडीपी का इस्तेमाल होता है। ये देश के भीतर एक तय समय में सभी गुड्स और सर्विस की वैल्यू को दिखाती है। इसमें देश की सीमा के अंदर रहकर जो विदेशी कंपनियां प्रोडक्शन करती हैं, उन्हें भी शामिल किया जाता है।

## भारतीय शेयर बाजार तेजी के साथ बंद, रियल्टी स्टॉक्स में हुई खरीदारी

**मुंबई (आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ।



दिन के अंत में सेंसेक्स 136.63 अंक या 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,926.75 और निफ्टी 30.65 अंक या 0.12 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,108.30 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 274.30 अंक या 0.47 प्रतिशत की मजबूती के साथ 58,289.40 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 55.35 अंक या 0.31 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,983.40 पर था। बाजार को ऊपर खींचने का काम रियल्टी शेयरों ने किया। निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 1.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी ऑटो (0.28 प्रतिशत), निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज (0.24 प्रतिशत), निफ्टी फार्मा (0.24 प्रतिशत), निफ्टी एनर्जी (0.28 प्रतिशत) और निफ्टी इन्फ्रा (0.37 प्रतिशत) हरे निशान में बंद हुआ। दूसरी तरफ निफ्टी पीएसयू बैंक (0.41 प्रतिशत), निफ्टी एफएमसीजी (0.53 प्रतिशत), निफ्टी मेटल (0.28 प्रतिशत) और निफ्टी मीडिया (0.48 प्रतिशत) की गिरावट के साथ बंद हुआ।

## डिजिटल भुगतान : पेमेंट गेटवे फोनपे और मास्टरकार्ड इकोसिस्टम-वाइड डिवाइस टोकनाइजेशन करेंगे लॉन्च

**मुंबई (आईएएनएस)।** फोनपे पेमेंट गेटवे (फोनपे पीजी) ने मंगलवार को पेमेंट इंडस्ट्री की एक ग्लोबल टेक्नोलॉजी कंपनी, मास्टरकार्ड के साथ अपने डिवाइस टोकनाइजेशन सॉल्यूशन को लॉन्च करने के लिए एक रणनीतिक सहयोग की घोषणा की। ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) 2025 में घोषित की गई यह पहल मास्टरकार्ड की नेटवर्क टोकनाइजेशन क्षमता को फोनपे पीजी के मर्चेंट प्लेटफॉर्म पर लाती है, जिससे ऑनलाइन बिजनेसेस के लिए सुरक्षित भुगतान विकल्पों पेश होते हैं। यह लाखों ग्राहकों के चेकआउट एक्सपीरियंस को बदलने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## किफायती ऊर्जा तक सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए मनोहर लाल दक्षिण अफ्रीका में करेंगे चर्चा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)** । केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल दक्षिण अफ्रीका में जी-20 ऊर्जा परिवर्तन मंत्रिस्तरीय बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। बैठकों का दौर आज से शुरू हो रहा है और 10 अक्टूबर तक चलेगा। यह बैठक दक्षिण अफ्रीका के क्वाजुलु नटाल प्रांत में जी20 की अध्यक्षता में आयोजित की जा रही है। बैठक में दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के ऊर्जा क्षेत्र के दिग्गज एक साथ एक मंच पर अपने विचार रखेंगे। बैठक में वैश्विक ऊर्जा के भविष्य को आकार देने जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल "ऊर्जा सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, किफायती और विश्वसनीय पहुंच" और "सतत औद्योगिक विकास" के सत्रों में शामिल होंगे।

# एमएमसीएच में डॉक्टरों की अस्पष्ट पर्ची से मरीज परेशान




● अस्पष्ट लिखावट के कारण दवा ना मिल पाने से मरीज भटक रहे, साफ़ नाम और दुकान का उल्लेख करने की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एमएमसीएच) में दवाओं की पर्ची पर डॉक्टरों की अस्पष्ट लिखावट मरीजों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। दवा लेने आए मरीज कई दवा दुकानों पर भटकते हुए भी सही दवा नहीं पा रहे हैं क्योंकि दुकानदार लिखावट को समझ नहीं पाते।
मरीजों के अनुसार कुछ दुकानदार नींद की दवा बताने लगते हैं, कुछ अन्य कुछ और, जिससे पूरी स्थिति उलझन में पड़ जाती है। समस्या यह भी है कि दवा लिखने वाले डॉक्टर उपलब्ध नहीं होते, इसलिए मरीजों को किसी से सहायता नहीं मिल पाती। मरीजों ने डॉक्टरों से निवेदन किया है कि वे दवा के नाम को स्पष्ट रूप से लिखें या साथ ही पर्ची पर दवा की दुकान का नाम भी लिख दें, ताकि मरीजों को दवा प्राप्ति के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस अस्पष्टता से मरीज मानसिक रूप से भी काफी तनाव में हैं। एमएमसीएच में इस समस्या के समाधान के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि मरीजों को सुविधा मिल सके और अस्पताल से जुड़ी इस समस्या का अंत हो।

## एनएच 75 फोरलेन परियोजना की धीमी प्रगति पर डीसी ने लगाई फटकार

# भू-अर्जन कार्यालय के लिपिकों का वेतन अस्थायी रूप से स्थगित

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में मंगलवार को एनएच 75 फोरलेन, आरओआर, आरओबी तथा राज्य सरकार के सड़क निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। एनआईसी स्थित सभागार से वर्चुअल माध्यम से हुई बैठक में डीसी ने एनएचएआई की विभिन्न परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण और मुआवजा भुगतान की स्थिति पर चर्चा की।
उपायुक्त ने पिछले तीन माह में अपेक्षित प्रगति नहीं होने और कार्य में शिथिलता के लिए जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को चेतावनी दी। साथ ही भू-अर्जन कार्यालय के लिपिकों का अक्टूबर माह का वेतन स्थगित रखने के निर्देश दिए। समीक्षा में भोगु से शंखा तक सेक्शन-111 के भू-अर्जन पर, सदर अंचल में 60 से अधिक, नवाबजार में 100 से अधिक तथा विश्रामपुर में 20 से अधिक एलपीसी लंबित पाए गए। कई अंचलों में 60 करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा अवॉर्डी को दिया जाना है। डीसी ने संबंधित सीओ और भू-अर्जन पदाधिकारी को बेहतर समन्वय स्थापित कर मुआवजा भुगतान में तेजी लाने, एलए कोर्ट योग्य मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करने और सभी अवॉर्डी को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी अंचलाधिकारी की लापरवाही से निर्माण कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, अतः सभी सीओ रैयतों से वार्ता कर कार्य समय पर निष्पादित करें।
बैठक में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी विजय केरकेट्टा, हुसैनाबाद भूमि सुधार उप समाहर्ता सहित संबंधित सीओ उपस्थित रहे।

## झगड़ा रोकने की कोशिश पड़ी भारी, पिता-पुत्र समेत तीन घायल

**श्री बंशीधर नगर।** धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा गांव में मंगलवार को पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जानकारी के अनुसार, एक मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच झगड़ा हो रहा था। इसी दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे रामप्रवेश गुप्ता (62), उनके पुत्र वीरेंद्र गुप्ता (35) और सोनू गुप्ता (29) पर ही हमलावर पक्ष ने टांगी और हसुआ से हमला कर दिया। हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को धुरकी स्वास्थ्य उपकेंद्र लाया गया।

## पेज एक के शेष

### 15 शव बरामद...

कई यात्रियों को अचेत अवस्था में निकालकर अस्पताल भेजा गया है। यह संतोषी नामक निजी बस मरोतन से घुमारवीं जा रही थी और अचानक भूस्खलन की चपेट में आ गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस कठिन घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने और घायलों को तुरंत उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हर संभव सहायता प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री शिमला से पूरे हालात की निगरानी कर रहे हैं और जिला प्रशासन के निरंतर संपर्क में हैं।तेज बारिश और अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू कार्य में दिक्कतें आ रही हैं, लेकिन राहत दल लगातार प्रयासरत हैं कि मलबे में दबे सभी लोगों तक जल्द से जल्द पहुंचा जा सके।

### छात्रों को तैयारी...

यूपीएससी, सिविल सर्विस जैसी राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी झारखंड के विद्यार्थियों को दिल्ली भेजा जाएगा। पहले चरण में एसटी वर्ग, दूसरे चरण में एससी और बाद में ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा। मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि झारखंड के प्रत्येक मेधावी विद्यार्थी को अपनी प्रतिभा निखारने का समान अवसर मिले। झारखंड में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें दिशा, अवसर और संसाधन देने की। आज का युग तेज़ प्रतिस्पर्धा का है, और हमें अपने विद्यार्थियों को संसाधनों व मार्गदर्शन से सशक्त बनाना होगा।

### हेमंत सोरेन के...

तो ईडी के पास फिर कार्रवाई करने का अधिकार रहेगा। ट्रिब्यूनल ने यह आदेश 25 सितंबर को दिया, जिसकी जानकारी अब सामने आई है। इससे पहले, इस मामले में जब्त अन्य वस्तुएं, जिनमें डिजिटल उपकरण भी शामिल थे, याचिकाकर्ता को पहले ही लौटा दी गई हैं।

### हरियाणा के आईपीएस...

सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। चंडीगढ़ की एसएसपी कंवरदीप कौर ने बताया कि सेक्टर-11 पुलिस स्टेशन को दोपहर करीब 1:30 बजे एक आत्महत्या की खबर मिली। पुलिस जब मौके पर पहुंची, तो आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार का शव उनके घर पर मिला। सीएफएसएल की टीम मौके पर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम के बाद और जानकारी मिलेगी। वाई पूरन कुमार हरियाणा कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी थे और इस समय पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में तैनात थे। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने राज्य पुलिस में कई अहम पदों पर जिम्मेदारी निभाई थी।

### अमेरिका के तीन...

आमतौर पर क्वांटम मैकेनिक्स के नियम बहुत छोटे कणों ( इलेक्ट्रॉन) पर लागू होते हैं। इनके व्यवहार को माइक्रोस्कोपिक कहा जाता है, क्योंकि ये इतने छोटे होते हैं कि सामान्य माइक्रोस्कोप से भी दिखाई नहीं देती। लेकिन अब इन वैज्ञानिकों ने पहली बार बिजली के सर्किट में "बड़े पैमाने" (मैक्रोस्कोपिक) पर क्वांटम टनलिंग और ऊर्जा के स्तरों की खोज की है। बता दें, (नोबेलप्राइज डॉट ओआरजी के अनुसार) 1901 से अब तक 118 वैज्ञानिकों को भौतिकी पुरस्कार प्रदान किए जा चुके हैं। इनमें सबसे कम उम्र के विजेता 25 साल के लॉरेंस ब्रैग (1915) थे तो 96 साल के आर्थर अश्किन (2018) ये सम्मान हासिल करने वाले सबसे उम्रदराज वैज्ञानिक थे। पहले भारतीय जिन्हें इस श्रेणी में पुरस्कृत किया गया, वो सर सीवी रमन थे। उन्हें ये सम्मान 1930 में दिया गया। उनकी खोज ने बताया था कि जब प्रकाश किसी पदार्थ से टकराता है, तो उसका रंग बदल सकता है। इसे रमन इफेक्ट कहते हैं। यह खोज आज लेजर और मेडिकल तकनीकों में इस्तेमाल होती है। वहीं दूसरे भारतीय मूल के अमेरिकी वैज्ञानिक सुब्रह्मण्यम चंद्रशेखर थे। इन्हें 1983 में तारों (स्टार्स) के जीवन और मृत्यु की खोज के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने ही बताया कि बड़े तारे अंत में ब्लैक होल बन सकते हैं। 6 से 13 अक्टूबर के बीच विभिन्न श्रेणियों में नोबेल प्राइज दिए जाते हैं। 6 अक्टूबर 2025 को मेडिसिन के लिए मैरी ई. ब्रंकॉ, फ्रेड राम्सडेल और शिमोन साकागुची को दिया गया है। इन्हें यह प्राइज पेरीफेरल इम्यून टॉलरेंस के क्षेत्र में किए गए रिसर्च के लिए दिया गया है। विजेता को 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना (10.3 करोड़ रुपए), सोने का मेडल और सर्टिफिकेट मिलेंगे। अगर एक से ज्यादा वैज्ञानिक जीतते हैं, तो यह प्राइज मनी उनके बीच बंट जाती है। पुरस्कार 10 दिसंबर को स्टॉकहोम में दिए जाएंगे।

### कैबिनेट ने 24,634...

भीड़भाड़ को कम करने में मदद करेगा। बयान में आगे कहा गया है कि ये प्रोजेक्ट्स प्रधानमंत्री मोदी के नए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं, जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को "आत्मनिर्भर" बनाएगा और उनके रोजगार के अवसरों को बढ़ाएगा। इन प्रोजेक्ट्स की योजना प्रधानमंत्री-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुसार बनाई गई है, जिसमें एकीकृत योजना और सभी पक्षकारों से परामर्श के माध्यम से मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स दक्षता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह प्रोजेक्ट्स सांची, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, भीमबेटका, हजारा वाटरफॉल और नवेगांव राष्ट्रीय उद्यान जैसे प्रमुख स्थलों को भी रेल संपर्क प्रदान करता है, जो देश भर से पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। कोयला, कंटेनर, सीमेंट, फ्लाई ऐश, खाद्यान्न और इस्पात जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए यह एक आवश्यक मार्ग है। क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप 78 मिलियन टन प्रति वर्ष (मिलियन टन प्रति वर्ष) अतिरिक्त माल यातायात होगा। रेलवे, पर्यावरण अनुकूल और ऊर्जा कुशल परिवहन माध्यम होने के कारण, जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की रसद लागत को कम करने, तेल आयात (28 करोड़ लीटर) को कम करने और कार्बन उत्सर्जन (139 करोड़ किलोग्राम) को कम करने में मदद करेगा, जो छह करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है।

### माओवादी के प्रतिरोध...

भाकपा माओवादियों के पूर्वी रीजनल ब्यूरो के प्रवक्ता संकेत ने प्रेस रिलीज जारी कर 15 अक्टूबर को बिहार, झारखंड, उत्तरी छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और असम बंद का ऐलान किया था। प्रेस रिलीज में कहा गया है कि 15 सितंबर को केंद्रीय कमेटी और आईआरबी सदस्य कॉमरेड सहदेव सोरेन उर्फ अनुज, बिहार झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी के सदस्य कॉमरेड रघुनाथ हेंब्रम उर्फ चंचल और जोनल कमेटी सदस्य कॉमरेड रामखेलावन गंजू उर्फ वीरसेन को कोबरा और झारखंड पुलिस ने मुठभेड़ में मार डाला है। इसके विरोध में प्रतिरोध सप्ताह और बंद का ऐलान किया गया है। इसके पहले नक्सली संगठन ने प्रेस नोट जारी कर केंद्र सरकार से शांति वार्ता की पेशकश की थी, लेकिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किसी भी वार्ता से साफ इनकार कर दिया। शाह ने नक्सलियों से अपील की थी कि वे हथियार डालें। सरकार मुख्यधारा में उनका स्वागत करेगी, लेकिन इसके पहले उनसे कोई बातचीत नहीं हो सकती।

## कोल्ड चेन और टीका प्रबंधन पर जिला स्वास्थ्य समिति का रिफ्रेशर प्रशिक्षण आयोजित

# सिविल सर्जन कार्यालय में डब्ल्यूएचओ के सहयोग से हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण

● स्वास्थ्यकर्मियों को दी गई तकनीकी जानकारी

● अनुचित तापमान से टीकों की प्रभावशीलता समाप्त हो सकती है




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से मंगलवार को सिविल सर्जन कार्यालय में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से जिला स्तरीय एक दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों को कोल्ड चेन के रखरखाव और टीका प्रबंधन से जुड़ी तकनीकी जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव, डीआरसीएचओ डॉ. अवधेश सिंह तथा डब्ल्यूएचओ के डॉ. मृत्युंजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कोल्ड चेन के महत्व और टीकों के सुरक्षित भंडारण के तौर-तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। विशेषज्ञों ने बताया कि प्रत्येक टीका को गर्मी, ठंड और प्रकाश से बचाकर रखना जरूरी है, क्योंकि अनुचित तापमान पर आने से उसकी प्रभावशीलता स्थायी रूप से समाप्त हो सकती है।
प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सिखाया गया कि जमे हुए आइस पैक को कैसे कंडीशन किया जाए, वैक्सीन कैरियर को सही तरीके से पैक कैसे किया जाए, तथा तापमान 2 से 8 सेल्सियस के बीच में विचलन आने पर टीकों की पहचान व जांच कैसे की जाए। बताया गया कि पुनर्गठित बीसीजी, खसरा और रूबैला टीके अत्यधिक गर्मी और प्रकाश-संवेदनशील होते हैं तथा इनमें संरक्षक तत्व नहीं होते, इसलिए इन्हें पुनर्गठन के चार घंटे के भीतर उपयोग करना आवश्यक है। इन टीकों की आपूर्ति नारंगी रंग की शीशियों में की जाती है। प्रशिक्षण में प्रोजेक्टर के माध्यम से चित्रों और उदाहरणों के जरिए सही और गलत प्रक्रियाओं को समझाया गया, ताकि प्रतिभागी व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे, जिनमें संध्या कुमारी, संगीता कुमारी, रेखा कुमारी, रीना कुमारी, रूपांजलि कुमारी और मणि कुमारी प्रमुख थीं। समापन सत्र में विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को कोल्ड चेन की नियमित निगरानी और वैक्सीन प्रबंधन में दक्षता बढ़ाने हेतु सतत अभ्यास करने की सलाह दी।

# राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर को किया ट्वीट



● काशीस्रोत डैम को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकास की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** राष्ट्रीय नवीन मेल में मंगलवार को " काशीस्रोत डैम के पर्यटक स्थल निर्माण की दिशा में सकारात्मक पहल नहीं " शीर्षक से प्रकाशित खबर को टैग कर सोशल साइट्स के माध्यम से युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया सेल के स्टेट कॉडिनेटर राहुल सिंह ने इस पर संज्ञान लेते हुए ठोस कदम उठाने की मांग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पर्यटन विकास और ग्रामीण विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू व दीपिका पांडेय सिंह से की है। इनके साथ ही एक अन्य यूजर मिस्टर तनवीर ने भी ट्विटर पर मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री को लिखा कि काशी स्रोत डैम के पर्यटन स्थल निर्माण में अब तक कोई प्रगति नहीं हुई है। जबकि यह क्षेत्र पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की क्षमता रखता है। लेकिन इस दिशा में सरकार की ओर से पहल का अभाव खल रहा है। उनका मानना है कि यदि डैम के आसपास आधारभूत संरचनाओं का विकास कर नौका विहार जैसी गतिविधियां शुरू हों जाएं, तो यह क्षेत्र झारखंड के एक और प्रमुख पर्यटक स्थल के रूप में सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बन सकता है। इससे रोजगार सृजन होने से आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

# बीमारियों से बचाव के लिए नियमित सफाई व पौष्टिक भोजन जरूरी : डॉ. भारती



नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां में मंगलवार को स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर के डॉक्टर नीतीश भारती के नेतृत्व में एकदिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉ. भारती ने बच्चों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ आंख, दांत, त्वचा एवं पोषण संबंधी समस्याओं की भी जांच की। उन्होंने बच्चों को स्वच्छता, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में बताया। डॉ. भारती ने कहा कि बदलते मौसम में बच्चों को सर्दी-जुकाम, पेट दर्द और त्वचा रोग जैसी बीमारियों से बचाव के लिए नियमित सफाई और पौष्टिक भोजन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को समय पर टीकाकरण कराने और साफ पानी पीने की भी सलाह दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह ने डॉक्टर भारती का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता मिलती है और समय पर उपचार संभव हो पाता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे। शिविर में विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे, जिन्होंने डॉक्टर के साथ मिलकर सहयोग किया।दर्जनों बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और जरूरतमंद बच्चों को आवश्यक दवा भी प्रदान की गई।ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के स्वस्थ भविष्य की दिशा में सराहनीय कदम हैं।

### एमएमसीएच में 6.5 करोड़ की अत्याधुनिक 128 स्लाइस सीटी स्कैन मशीन तैयार

**मेदिनीनगर।** मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एमएमसीएच) में मरीजों को अब अत्याधुनिक सीटी स्कैन जांच की सुविधा मिलने वाली है। लंबे इंतजार के बाद 6.5 करोड़ की लागत से लगी 128 स्लाइस सीटी स्कैन मशीन का स्थापना कार्य पूरा कर लिया गया है। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी शुरूआत के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, अब तक एमएमसीएच में सीटी स्कैन की सुविधा नहीं थी, जिससे मरीजों को निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों का सहारा लेना पड़ता था और महंगे दरों पर जांच करानी पड़ती थी। नई सुविधा शुरू होने के बाद गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। अस्पताल के अधीक्षक ने बताया कि मशीन उच्च गुणवत्ता की इमेजिंग सुविधा प्रदान करेगी और सिर, रीढ़, छाती व पेट संबंधी गंभीर बीमारियों की सटीक पहचान कर सकेगी, जिससे इलाज में समय की बचत और जीवनरक्षा की संभावना बढ़ेगी। एमएमसीएच में सीटी स्कैन का शुल्क न्यूनतम 880 से अधिकतम 5865 तक होगा। लाल और पिला कार्ड धारकों का सीटी स्कैन निःशुल्क किया जाएगा, जबकि अन्य मरीज नकद या यूपीआई से भुगतान कर सकेंगे।

# शहर में यातायात जांच में कई वाहन चालकों के चालान काटे गए

● सही दस्तावेज़ न होने और नियम उल्लंघन पर कुल 21,450 रुपए का जुर्माना वसूला गया

● 2 कार और 1 ई-रिक्शा टेम्पो के चालान जिला परिवहन कार्यालय भेजे गए




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छः मुहान स्थित जिला परिवहन कार्यालय के कर्मचारियों एवं यातायात विभाग के जवानों ने दोपहिया वाहन, तीन पहिया टेम्पो ई-रिक्शा सहित विभिन्न सवारी गाड़ियों की जांच की। जांच के दौरान कई गाड़ियों के चालान काटे गए, जबकि नियमों का उल्लंघन करने वाली गाड़ियों को सुरक्षार्थ शहर थाना परिसर में रखा गया।जांच में 11 दोपहिया वाहन चालक ट्रिपल लोडिंग और हेलमेट न पहनने जैसी पालना न करने की वजह से चालान बने। 1 ई-रिक्शा टेम्पो सहित 2 कार और 2 दोपहिया का चालान जिला परिवहन कार्यालय को भेजा गया है।दिनांक 7 अक्टूबर 2025 को जिला परिवहन कार्यालय में कुल 7 दोपहिया गाड़ियों का 10,150 रुपये का चालान जमा हुआ जबकि 1 ई-रिक्शा टेम्पो का 1,150 रुपये का चालान, 1 ट्रक का नो एंट्री उल्लंघन पर 6,150 रुपये का चालान, 2 मोटरसाइकिल का 2,000 रुपये और 2 कार गाड़ियों का 2,000 रुपये चालान ऑनलाइन फाइन के रूप में मिला।कुल मिलाकर इस कार्रवाई से 21,450 रुपये का चालान फाइन राशि वसूली गई है। ऐसी सख्ती से वाहन चालकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी, जिससे सड़क सुरक्षा में सुधार होगा।

**प्रशासन की अनदेखी** | बांसडीह गांव में पंडा नदी पुल व एप्रोच सड़क बदहाल, प्रशासन फेल

# अधिकारियों की उदासीनता से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ीं

● पंडा नदी पर बना 10 साल पुराना पुल बुरी तरह क्षतिग्रस्त, एप्रोच सड़क भी बाढ़ के पानी से टूटी

● ग्रामीणों ने बताया कि पुल की ऊँचाई कम होने से हर साल बाढ़ का पानी पुल के ऊपर से गुजरता है

● लगभग 300 परिवारों की आवाजाही ठप, प्रशासन की बेरुखी पर लोगों में नाराजगी



बिट्टू सिंह

**केतार(गढवा)।** केतार प्रखंड के बांसडीह कलां गांव के लगभग 10 साल पुराने पंडा नदी पर बने पुल और उसकी एप्रोच सड़क बाढ़ के पानी से पूरी तरह टूट-फूट का शिकार हो गई है। सड़क टूटने के कारण बड़ी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई है और पुल के एक हिस्से में दरारें पड़ चुकी हैं। लेकिन प्रशासन की यह तमन्ना है कि इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि पुल की ऊंचाई कम होने की वजह से बाढ़ का पानी पुल के ऊपर से गुजरता है, जिससे सड़क और पुल को गंभीर खतरा बना रहता है। बाढ़ आने पर यह पुल और सड़क दोनों असुरक्षित हो जाते हैं, जिससे गांववासियों की आवाजाही ठप्प हो जाती है। 300 से अधिक परिवारों वाले इस गांव में इस बात को लेकर भारी नाराजगी है कि जिम्मेदार अधिकारी दशकों से इस समस्या को अनदेखा करते आ रहे हैं। उप मुखिया प्रतिनिधि सतेन्द्र गुप्ता , मोती यादव, दिनेश यादव, प्रभू राम, अभय कुमार, विश्वनाथ यादव समेत अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जितनी बार भी समस्या उठाई गई, हर बार सिर्फ आश्वासन दिए गए, हालांकि कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई। गांव के लोग बीमार, बुजुर्ग और इमरजेंसी जैसी स्थिति में फंसे जा रहे हैं और प्रशासन इस तरफ आंख मूंदे बैठा है। ग्रामीणों ने तत्काल पुल की मरम्मत और सड़क किनारे गार्डरॉल निर्माण की मांग की है, ताकि भविष्य में बाढ़ से सुरक्षा मिल सके। नाकारा प्रशासन और अधिकारियों की उदासीनता से ग्रामीणों की जिंदगी खतरे में पड़ गई है। यह स्पष्ट है कि बांसडीह गांव की आवाजाही और सुरक्षा को लेकर जिम्मेदार कोई प्रभावित नहीं हो रहा। ग्रामीण आश्वस्त हैं कि जब तक सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक इनका खोया हुआ हक वापस नहीं मिलेगा। यह स्थिति साफ संदेश देती है कि शासन-प्रशासन की उदासीनता के कारण ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं और उनकी जान-माल का खतरा बढ़ता जा रहा है। यह एक प्रशासनिक नाकामी है जिसका खमियाजा सीधे गांववाले भुगत रहे हैं।

# भारत ने खोजी ट्रंप के 100% टैरिफ की काट, सारा माल रूस की तरफ मोड़ा

- भारतीय दवा कंपनियों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि
- डॉ. रेड्डीज़ ने रूस में 565 करोड़ का निवेश किया




**एजेंसी । नई दिल्ली**

अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक बड़ा फैसला लिया। उन्होंने ऐलान किया कि भारत समेत कई देशों से आने वाली दवाओं पर 100 % टैरिफ लगाया जाएगा। मतलब कि अगर कोई दवा अमेरिका जाएगी तो उसकी कीमत दोगुनी हो जाएगी। ट्रंप ने इसे मेड इन अमेरिका को बढ़ावा देने की चाल बताई। लेकिन असल में ये फैसला भारत की बढ़ती फॉर्मा ताकत पर एक आर्थिक हमला था। लेकिन भारत ने इस वॉर को आर्थिक युद्ध नहीं बल्कि रणनीति के खेल में बदल दिया और आपदा को अवसर में तब्दील कर दिया। भारत सरकार और फॉर्मा इंडस्ट्री ने तुरंत चार दिशा में काम शुरू किया। नए बाजार में पहुंच बनाने से लेकर देश की उत्पादन को बढ़ावा देने तक। सप्लाई चेन को मजबूत करने से लेकर ग्लोबल पार्टनर को मजबूत करने तक। भारत ने अपने सप्लाई लाइन को घुमा दिया। जो जहाज पहले अमेरिका जाते थे। वही जहाज अब यूरोप, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और रूस की ओर निकल पड़े हैं। सन फॉर्मा, डॉक्टर रेडीज, सिप्ला और लुपिन जैसी भारतीय कंपनियां अब सीधे अफ्रीका, रूस और साउथ अमेरिका में दवाओं की सप्लाई करने उतर चुके हैं।

यानी अमेरिका की बंद दीवार के सामने भारत ने नए दरवाजे खोल दिए हैं। अमेरिका ने जब भारत पर टैरिफ लगाया, चाल चली तो बाकी दुनिया ने भारत को गले लगा लिया। सबसे पहले भारत के यार रूस, फिर यूरोप और अब अफ्रीका ने भारत के साथ नई डील साइन कर ली। फ्रांस, जर्मनी, ब्राजील, मिस्त्र और इंडोनेशिया ने तो यहां तक कह दिया कि अगर दवा चाहिए तो रास्ता नई दिल्ली से होकर जाएगा। भारत की दवा कंपनियों ने अपनी क्षमता बढ़ा ली। डॉ रेड्डीज़ लैबोरेटरीज ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी डॉ रेड्डीज़ लैबोरेटरीज एलएलसी, रूस (डीआरएल रूस) में 565 करोड़ का निवेश किया और 45.19 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी हासिल की। यह लेन-देन हैदराबाद स्थित कंपनी के बोर्ड द्वारा नवंबर 2024 में रूसी शाखा में 600 करोड़ तक निवेश करने के निर्णय का परिणाम है।

बीएसई को सूचित किया गया कि यह निवेश 25 जुलाई, 2025 को नकद भुगतान पर पूरा हुआ। कंपनी द्वारा डीआरएल रूस में निवेशित धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के लिए किया जाएगा।

## भारत में स्वागत करने को इच्छुक पीएम मोदी ने पुतिन को कुछ इस अंदाज में दी 73वें जन्मदिन की बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फ़ोन पर बात की और उन्हें उनके 73वें जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। बातचीत के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को उनके अच्छे स्वास्थ्य, खुशहाली और भविष्य में उनके सभी प्रयासों में निरंतर सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को हार्दिक बधाई दी और अपने व्यक्तिगत संबंधों और दीर्घकालिक मित्रता की पुष्टि की, जो भारत और रूस के बीच मज़बूत द्विपक्षीय संबंधों का आधार बनी हुई है।



दोनों नेताओं ने इस अवसर पर भारत-रूस "विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी" के अंतर्गत सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने ऊर्जा, रक्षा, व्यापार, अंतरिक्ष सहयोग और लोगों के बीच संबंधों से जुड़ी चल रही पहलों के प्रमुख पहलुओं पर चर्चा की। चर्चा में द्विपक्षीय संबंधों की दृढ़ता के प्रति पारस्परिक प्रशंसा भी परिलक्षित हुई, जो बदलती वैश्विक गतिशीलता के बावजूद स्थिर बनी हुई है। बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था के अपने साझा दृष्टिकोण की पुष्टि करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# अब दो घरेलू किट से टीबी की जांच होगी तेज ढाई घंटे में संक्रमण का पता चल जाएगा

### देश में टीबी से एक वर्ष में लगभग 3 लाख लोगों की होती है मौत

**आरपी सिंह**

**नई दिल्ली ।** भारत में टीबी से हर साल 3 लाख लोगों की मौत होती है। देश में 2022 में 24.2 लाख टीबी के मामले सामने आये , जो 2019 के कोविड-पूर्व स्तर से ज़्यादा हैं। 2023 में, कुल 25.5 लाख टीबी रोगी थे।ऐसी स्थिति में देश में टीबी (क्षय रोग) की समय रहते पहचान अब और आसान हो सकेगी, वो भी बेहद कम खर्च पर , इसकी उम्मीद कुछ नये बने जाँच किट के वजह से उम्मीद है। देश के शीर्ष स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने ऐसे दो जांच किटों को मान्यता दी है, जो टीबी रोग के तेजी से और भरोसेमंद निदान का रास्ता खोलती हैं। इनमें से एक प्रमुख किट है 'क्वांटिप्लस एमटीबी फास्ट डिटेक्शन किट', जिसे तेलंगाना स्थित ह्यूवेल लाइफसाइंसेज ने विकसित किया है। यह भारत में पहली ऐसी 'ओपन सिस्टम' आरटी-पीसीआर किट है जो किसी भी सामान्य पीसीआर मशीन पर काम कर सकती है, यानी इसे चलाने के लिए महंगे या खास उपकरणों की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसका सीधा फायदा यह होगा कि देशभर की हजारों लैब्स



— विशेषकर ग्रामीण व छोटे शहरों में — इस तकनीक को अपनाकर टीबी जांच को व्यापक स्तर पर पहुंचा सकेंगी। जहां परंपरागत तरीकों से टीबी की पुष्टि में कई दिन लगते हैं, वहीं ये नई किट महज ढाई घंटे में संक्रमण की पहचान कर सकती है। इससे न केवल मरीजों का समय रहते इलाज शुरू हो पाएगा, बल्कि रोग के फैलाव पर भी रोक लग सकेगी।इसके अलावा, क्वांटिप्लस तकनीक एक साथ 96 नमूनों की जांच करने में सक्षम है, जिससे बड़े पैमाने पर स्क्रीनिंग करना संभव होगा — वो भी कम लागत में। आईसीएमआर ने दूसरी किट 'यूनीएएमपी एमटीबी न्यूक्लिक एसिड टेस्ट कार्ड' को भी मान्यता दी है, जिसे वेल लाइफसाइंसेज नामक भारतीय कंपनी ने बनाया है। यह भी एक कम लागत, कम समय में परिणाम देने वाली तकनीक है जो टीबी के शुरुआती लक्षणों की पहचान में मददगार साबित हो सकती है। आईसीएमआर की संचारी रोग प्रभाग की प्रमुख डॉ. निवेदिता गुप्ता ने बताया कि इन तकनीकों को मान्यता देने से पहले इन्हें कठोर वैज्ञानिक परीक्षणों और प्रक्रिया से गुजारा गया। उन्होंने कहा, "हमारे उद्देश्य हैं — समय पर निदान, व्यापक परीक्षण और घरेलू नवाचार को बढ़ावा देना। ये सभी मिलकर भारत के टीबी उन्मूलन मिशन को गति देंगे।" स्वदेशी किट का सबसे बड़ा लाभ यह है कि ये आयातित तकनीकों की तुलना में कई गुना सस्ती हैं।

साथ ही, देश में पहले से उपलब्ध बुनियादी प्रयोगशालाएं भी इनका उपयोग कर सकती हैं — जिससे किसी नए निवेश की आवश्यकता नहीं पड़ती। थूक के नमूनों से जांच करने की सुविधा ने इसे और भी सुलभ और रोगी-मित्रवत बना दिया है। भारत सरकार द्वारा टीबी मुक्त भारत 2025 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वैसे तो इसके लिए वर्ड बैंक व टीबी उन्मूलन के लिए वैश्विक संगठन से बहुत रक़म आती है , और सरकार के मार्फत ही अलग -अलग जगह खर्च कराया जाता है, लेकिन इसमें बहुत ही धांधली की शिकायत है।इन हालात में ये दोनों स्वदेशी किट समय की मांग पूरी कर सकेंगे ऐसी उम्मीद किया जा रहा है , देखिए क्या होता है।

## रूस ने दुनिया के सामने निकाला 3000 किमी तहलका मचाने वाला फाइटर जेट

**नई दिल्ली ।** रूस के यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन द्वारा हाल ही में जारी की गई तस्वीर में उसके निर्माणाधीन सुखोई Su-75 चेकमेट पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर ने वैश्विक रक्षा हलकों में उत्साह पैदा कर दिया है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की उपस्थिति में MAKS 2021 में पहली बार प्रदर्शित किए गए इस विमान ने अभी तक अपनी पहली उड़ान नहीं भरी है। हालाँकि, नई छवि, बताती है कि Su-75 का फील्ड परीक्षण जल्द ही शुरू हो सकता है। 3 अक्टूबर, 2025 को यूएससी द्वारा अपने टेलीग्राम चैनल पर पोस्ट की गई तस्वीर ने विमान की तत्परता के बारे में अटकलों को तेज कर दिया है। एक तकनीशियन एसयू-75 के पास एक नारंगी व्हील चॉक पकड़े हुए दिखाई दे रहा है। यूएसी पोस्ट ने विमान के वर्तमान परीक्षण चरण की पुष्टि नहीं की, लेकिन संकेत दिए कि यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के दबाव के बावजूद रूस का रक्षा उद्योग आगे बढ़ रहा है। एसयू-75 अपनी पहली उड़ान की कई समय-सीमाओं से चूक गया है।



## पाकिस्तान में फिर जाफर एक्सप्रेस पर हमला, ब्लास्ट में कई घायल

**नई दिल्ली ।** सिंध-बलूचिस्तान सीमा के पास सुल्तानकोट इलाके में मंगलवार को जाफ़र एक्सप्रेस ट्रेन पर हमला हुआ, जब पटरियों पर एक विस्फोटक उपकरण लगा दिया गया। विस्फोट के बाद क्वेटा जा रही ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। शुरुआती बचाव कार्यों की रिपोर्टों में कई लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है, हालाँकि नुकसान और हताहतों की पूरी संख्या अभी स्पष्ट नहीं है। बचाव दल और सुरक्षा बल राहत कार्य कर रहे हैं, चिकित्सा दल घायलों का इलाज कर रहे हैं और अधिकारी हमले के कारणों की जाँच कर रहे हैं। हाल के महीनों में जाफ़र एक्सप्रेस को कई बार निशाना बनाया गया है, जिससे इस क्षेत्र में लगातार सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अगस्त 2025 में, बलूचिस्तान के मस्तुंग ज़िले में एक आईईडी विस्फोट में इसी ट्रेन के छह डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस घटना में कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं और सेवाएँ अस्थायी रूप से रुक गईं।

## बलूचिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा व इस्लामिक स्टेट खुरासान का नया आतंकी गठजोड़

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

पाकिस्तानी सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई, आतंकवादी संगठनों को क्षेत्रीय नीतियों के साधन के रूप में इस्तेमाल करते आए हैं। पाकिस्तान की यह नीति अब और भी गहराती जा रही है। ताजा रिपोर्ट्स से पता चला है कि पाकिस्तान अब इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) को अपने हाइब्रिड वॉरफेयर उपकरण के रूप में प्रयोग कर रहा है। वह ऐसा इसलिए कर रहा है ताकि बलूच राष्ट्रवादियों और अफगान तालिबान के उन गुटों को निशाना बनाया जा सके, जो इस्लामाबाद के नियंत्रण में नहीं हैं। हाल ही में आईएसकेपी की प्रचार पत्रिका 'यलगार' में प्रकाशित लेखों ने एक चिंताजनक संकेत दिया है। इस संगठन ने अब जम्मू-कश्मीर में अपनी आतंकी गतिविधियों का विस्तार करने का खुला इरादा जताया है। सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, यह कदम पाकिस्तान की 'डीप स्टेट' की प्रत्यक्ष प्रेरणा और संरक्षण में उठाया गया है। इस खतरनाक योजना की ताजा कड़ी के रूप में, पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा और आईएसकेपी के बीच गुप्त गठजोड़ के प्रमाण सामने आए हैं। सूत्रों के अनुसार, आईएसआई ने दोनों संगठनों को एक साथ लाकर उनके नेटवर्क, फंडिंग और हथियार आपूर्ति को साझा कराने का नया ढांचा तैयार किया है। हाल ही में सामने आई एक तस्वीर ने इस आतंकी गठबंधन को उजागर कर दिया है। इसमें आईएसकेपी के बलूचिस्तान समन्वयक मीर शफीक को लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर राणा मोहम्मद अशफाक को पिस्तौल भेंट करते देखा गया है।



## अमेरिकियों पर किस बात का गुस्सा उतार रहे ट्रंप? विद्रोह कानून लागू करने की दे दी धमकी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

इस बात से तो अब पूरी दुनिया अवगत हो गई है कि ट्रंप की फॉरेन पॉलिसी पूरी तरह से फेल हो गई है। चाहे उनके 24 घंटे के अंदर रूस और यूक्रेन की लड़ाई रुकवाने के लंबे चौड़े दावे हो या हमास और इजरायल के बीच में झट से शांति करवाकर बंधकों की शीघ्र वापसी हो। इससे इतर भारत और पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की झड़प रही हो उसके सीजफायर को लेकर झूठे दावे से दुनिया को बरगलाने की कोशिश रही हो। हर मोर्चे पर ट्रंप बुरी तरह से विफल साबित हो रहे हैं और कोई उनकी सुनता नहीं है और दुनिया में हंसी के पात्र बनकर रह गए हैं। अब वो अपना गुस्सा अमेरिका के ही लोगों पर निकाल रहे हैं। पहले तो उन्होंने लोगों को झूठ बोला कि 50 % का टैरिफ भारत के ऊपर लग रहा है। लेकिन उन्होंने ये नहीं बताया कि इसकी भरपाई कौन करेगा। जो भारत का सामान खरीदेगा उसे 50 % का टैरिफ देना पड़ेगा। ट्रंप की बात छोटा सा देश इजरायल भी नहीं मान रहा। रूस, चीन और भारत तो पहले से ही अपनी स्वतंत्र और बेबाक नीति से ट्रंप का सिर दर्द बढ़ा रखा है।



# अमेरिका में भी अरबपतियों का स्वर्ण युग, असमानता की जड़ें होती गहरी

**कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** भारत की तरह अमेरिकी अर्थव्यवस्था भी एक दोमुंही तलवार बन गयी है —एक तरफ आम आदमी की जेबें खाली, दूसरी तरफ अरबपतियों -खरबपतियों की तिजोरियां लबालब। 2025 में, जब महंगाई की आग में मध्यम वर्ग झुलस रहा है, अमेरिका के 902 अरबपतियों की कुल संपत्ति 7.6 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच चुकी है, जो पिछले साल से 1 ट्रिलियन डॉलर की उछाल है। यह कोई संयोग नहीं, बल्कि एक सोची-समझी व्यवस्था का नतीजा है, जहां शीर्ष 10% आबादी के पास शेयर बाजार की 90% हिस्सेदारी है, जबकि नीचे के 50% के पास महज 1%। असमानता विशेषज्ञ चक कॉलिन्स अपनी 2025 की किताब "बर्न्ड बाय बिलियनेयर्सः हाउ कंसंट्रेटेड वेल्थ एंड पावर आर रूइनिंग आवर लाइव्स एंड प्लैनेट" में इस विषैले चक्र को बेनकाब करते हैं—एक व्यवस्था जो धनवानों को देवता बनाती है, और बाकियों को गुलाम।यह असमानता की जड़ें गहरी हैं। 2025 में, शीर्ष 1% के पास देश की 30.9% संपत्ति है, जबकि नीचे के 50% के पास महज 3%। नस्लीय खाई और गहरीः ब्लैक घरानों की मध्य संपत्ति 24,000 डॉलर, हिस्पैनिक की 36,000, जबकि व्हाइट की लाखों में। कॉलिन्स इसे "रिचिस्तान" के रूप में चित्रित करते हैं—काल्पनिक गाँव जहां धन के स्तर अलग-अलग दुनिया रचते हैं। सबसे नीचे "समृद्ध शहर": 10 मिलियन परिवार, 110,000 डॉलर सालाना आय, 1.5 मिलियन संपत्ति। ऊपर "निचला रिचिस्तान": 2.6 मिलियन परिवार, 6-13 मिलियन संपत्ति। फिर मध्य और ऊपरी रिचिस्तान, जहां निजी जेट सामान्य हैं। शिखर पर "बिलियनेयरविले": 902 अरबपति, जिनकी शक्ति राजनीति से पर्यावरण तक सबकुछ निगल रही है। यहां के निवासी वाणिज्यिक उड़ानों से बेखबर, जबकि आम अमेरिकी हवाई अड्डों की अव्यवस्था में फंसे। धन का यह संचय चार चरणों में होता है—एक क्रूर लय जो असमानता को अमर बनाती है। पहलाः धन प्राप्ति, जहां उद्यमिता से समृद्ध शहर तक पहुंचा जा सकता है। दूसराः धन रक्षा, जहां कर वकील, अपतटीय खाते व शेल कंपनियां करों को चुराती हैं। तीसराः राजनीतिक कब्जा, जहां 40 मिलियन डॉलर से ऊपर की संपत्ति वोट खरीदती है। 2010 का "सिटिज़न्स यूनाइटेड" फैसला इसकी कुंजी—असीमित चुनावी दान से धनवान कांग्रेस को कठपुतली बनाते हैं। चौथाः अति-निष्कर्षण, जहां निजी इक्विटी स्वास्थ्य सेवा, आवास और पालतू देखभाल तक सबकुछ निचोड़ती है। मार्स परिवार का उदाहरणः कैंडी से पालतू उद्योग तक, 2,500 सुविधाएं—किराए बढ़ाओ, सेवाएं महंगी करो, मुनाफा चूसो। परिणाम? आम अमेरिकी बिना वेतन वृद्धि के बढ़ते बिलों में दबे, जबकि अरबपतियों का साम्राज्य फैलता जाता। इसका विष राजनीति में घुला है। रिपब्लिकन "नकली लोकलुभावनवाद" से फायदा उठाते—ट्रंप के मंत्रिमंडल में रहने के दौरान मस्क जैसे अरबपति, जिन्होंने संघीय कटौतियां कीं। कर कटौतियां अमीरों को स्थायी लाभ देतीं, जबकि आव्रजन और व्यापार को दोषी ठहराया जाता। डेमोक्रेट्स भी कुलीनों के जाल में—2021 का "बिल्ड बैक बेटर" बिल, 4.3 ट्रिलियन डॉलर का, कर सुधारों से वित्त पोषित, मैनचिन-सिनेमा के विरोध में धराशायी। नतीजाः पर्यावरण तबाह, आवास संकट, सामाजिक असंतोष। कॉलिन्स चेताते हैं—यह व्यवस्था ग्रह को जला रही है, लेकिन व्यक्तिगत अरबपतियों से नहीं, नियमों से लड़ो। फिर भी, आशा की किरण है। उच्च कर, न्यूनतम वेतन वृद्धि, यूनियन मजबूती—ये हथियार हैं। 2025 में, कुलीनों की शक्ति अवरोध पैदा करती है, लेकिन जन आंदोलन इसे तोड़ सकता। कॉलिन्स का संदेश धारदार है- "हम इसे ठीक कर सकते हैं।" लेकिन सवाल कायम है —क्या अमेरिका जागेगा, या अरबपतियों की आग में झुलसेगा? यह असमानता का युद्ध है, जहां जीत आम आदमी की एकजुटता में छिपी है।लेकिन आम आदमी तो किसी तरह अपनी रोजमर्रा की जिंदगी जीने की जद्दोजहद में ही खपता जा रहा है?


एआई जेनरेटेड

# मालती चाहर ने बिग बॉस में आते ही मचाया बवाल

### कहा- इन **तीन कंटेस्टेंट्स** को कर दो बाहर!...

भारतीय क्रिकेटर दीपक चाहर हाल ही में सलमान खान के शो, बिग बॉस 19 में नज़र आए। हालांकि, शो में उनकी उपस्थिति किसी प्रतिस्पर्धा के लिए नहीं, बल्कि अपनी बहन मालती चाहर को सीज़न की दूसरी वाइल्डकार्ड प्रतिभागी के रूप में पेश करने के लिए थी। मालती ने रविवार को घर में प्रवेश किया और तब से ही घरवाले इस बात को लेकर कयास लगा रहे हैं कि वह किस ग्रुप में शामिल हो सकती हैं। हालाँकि, एक प्रतिभागी जो उनके प्रवेश के बाद विशेष रूप से असहज लग रही हैं, वह हैं तान्या मित्तल। सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले इस रियलिटी शो में प्रवेश करने से कुछ मिनट पहले, इस अभिनेत्री-लेखिका ने इंडिया टुडे से विशेष बातचीत की और अपनी रणनीतियों पर चर्चा की। दिलचस्प बात यह है कि यह पहला सीज़न है जिसे मालती ने देखा है, लेकिन यह उन्हें अपना प्रशंसक बनाने में कामयाब रहा। उन्होंने कहा, "मैंने 'बिग बॉस' का सिर्फ़ यही सीज़न देखा है और मुझे यह बहुत पसंद आया। इसलिए जब मुझे वाइल्डकार्ड के तौर पर शो में आने का प्रस्ताव मिला, तो मैंने तुरंत हाँ कर दिया। कई लोग जो सीज़न के बीच में शो में शामिल होने को लेकर चिंतित रहते हैं।



***मालती चाहर ने 'बिग बॉस 1' में अपना ग्रुप बनाने पर कहा :*** *फ़िलहाल घर दो ग्रुपों में बंटा हुआ है, लेकिन मालती ने स्वीकार किया कि वह अभी किसी एक पक्ष को चुनने के मूड में नहीं हैं। "मैं किसी टीम में शामिल नहीं होना चाहती। लेकिन मैं अपने लोगों का एक ग्रुप बनाना चाहती हूं। मैं कोई तीसरा ग्रुप नहीं बनाना चाहती। मैं सबके साथ बातचीत करूंगी और फिर तय करूंगी कि क्या करना है। हालाँकि, मैं अमाल और उनकी टीम को ज़रूर बेहतर तरीके से जानना चाहूँगी।*

कहानी फिल्म जगत की


